| सूर्योदय 5:37 | सूर्यास्त 7:17 | |
|---|---|---|
| **आज का तापमान** | | |
| शिमला | 17.9 न्यू | 26.2 अधि |
| धर्मशाला | 20.9 न्यू | 29.8 अधि |
| **बाजार** | | |
| सेंसेक्स | | 80604.65 |
| निफ्टी | | 24530.90 |
| सोना 72,610 | | चांदी 93,250 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 22 जुलाई, 2024 | 7 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 215, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




मार्केटिंग बोर्ड का टेंडर निरस्त, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं: जयराम

पृष्ठ 3 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### सुप्रीम कोर्ट में नेम प्लेट मामले की सुनवाई आज



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा रूट पर खाने-पीने की दुकानों के बाहर नेम प्लेट लगाए जाने का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस मामले पर 22 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स नाम की एनजीओ ने इस मामले को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की थी, जिसे सुनवाई के लिए लिस्ट किया गया है।

### नेपाल के पीएम ओली ने हासिल किया विश्वास मत

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 188 वोट हासिल करके विश्वास मत जीत लिया है। उन्हें विश्वास मत जीतने के लिए 138 वोटों की जरूरत थी, जो उन्हें मिले वोटों से 50 ज्यादा है। संसद में मौजूद 263 सांसदों में से 188 ने विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जबकि 74 ने इसके विरोध में मतदान किया। एक सांसद ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया।ओली को नियुक्ति के 30 दिन के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना जरूरी था।

### हरियाणा के नूंह में 24 घंटे तक इंटरनेट बैन

**हरियाणा।** हरियाणा में सोमवार को निकलनी वाली ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा को लेकर हरियाणा सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। नूंह जिले में 24 घंटे के लिए इंटरनेट व एसएमएस सेवाओं को बंद कर दिया है। यह आदेश रविवार शाम 6 बजे से 22 जुलाई को शाम 6 बजे तक लागू रहेगा। हरियाणा के उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने बताया कि यह आदेश इंटरनेट सेवाओं के दुरुपयोग से भड़काऊ सामग्री व गड़बड़ी की संभावना को रोकने के लिए जारी किया है।

### जापान में भूकंप से हिली धरती, 5.3 रही तीव्रता

**हांगकांग।** जापान में रविवार को भूकंप के मध्यम स्तरीय झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, जापान में अक्केशी के 66 किलोमीटर पूर्व दक्षिण पूर्व में भूकंप आया। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.3 मापी गई। भूकंप का केंद्र जमीन की सतह से 23.9 किलोमीटर की गहराई पर था।

### यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द के खिलाफ याचिका दायर

**नई दिल्ली।** यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने के केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की है। मंत्रालय ने परीक्षा की शुचिता से समझौता होने की जानकारी मिलने के बाद यह निर्णय लिया था। मंत्रालय ने 19 जून को यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने का आदेश दिया था और मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- एमआरआई के लिए मिल रही लंबी तारीख -पेज 2
- बाबा बालकनाथ मंदिर के बुनियादी ढांचे होंगे स्तरोन्नत -पेज 3
- एचआरटीसी की चलती बस पर गिरी चट्टान -पेज 9
- केजरीवाल की जान से खेल रहे भाजपा व एलजी: संजय -पेज 13
- बेटियों ने पहली बार फटाफट किए 200 पार -पेज 14



# कांग्रेस ने विपक्ष के लिए मांगा लोकसभा का डिप्टी स्पीकर पद

### संसद के मानसून सत्र से एक दिन पहले राजनाथ की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**संसद** का मानसून सत्र शुरू होने से ठीक एक दिन पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में बीजेपी समेत 44 पार्टियों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता राजनाथ सिंह ने की, जबकि संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने बैठक का संचालन किया।

विपक्ष की तरफ से कांग्रेस, आप, एआईएमआईएम, वाईएसआरसीपी सहित अन्य पार्टियों ने हिस्सा लिया। कांग्रेस ने विपक्ष के लिए लोकसभा के डिप्टी स्पीकर का पद मांगा। वहीं, नीट सहित पेपर लीक से जुड़े अन्य मुद्दों को उठाकर स्पष्ट संकेत दिया कि वह इस सत्र को हंगामेदार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाली है। इतना ही नहीं, सरकार के सहयोगी दलों ने भी विशेष दर्जे का मुद्दे उठाते हुए केंद्र को अपनी प्राथमिकताओं का स्पष्ट संकेत दिया। जब संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने दोनों सदनों को सुचारू रूप से चलाने के लिए हर पार्टी से सहयोग मांगा तो कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि विपक्ष को संसद में मुद्दे उठाने की अनुमति दी जानी चाहिए। समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से भोजनालयों को कांवड़ मार्ग के मालिकों के नाम दिखाने के विवादास्पद निर्देश का मुद्दा भी उठाया। वाईएसआर कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) सरकार की ओर से उसके नेताओं को कथित तौर पर निशाना बनाए जाने के बारे में बात की और केंद्र से हस्तक्षेप की मांग की। आंध्र प्रदेश में अराजकता का दावा करते हुए वाईएसआर कांग्रेस ने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रपति शासन ही इसका एकमात्र समाधान है। बैठक में वाईएसआर कांग्रेस के सांसद विजयसाई रेड्डी ने केंद्रीय कोष से आंध्र प्रदेश के लिए धन के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण का अनुसरण करने वाले राज्यों को राजस्व में हिस्सेदारी के मामले में दंडित किया जा रहा है और इस मुद्दे का वित्त आयोग की ओर से समाधान किया जाना चाहिए।



नई दिल्ली में संसद के मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

### बिहार व आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा मिले

**कांग्रेस** नेता जयराम रमेश ने दावा किया कि सर्वदलीय बैठक में जनता दल (यूनाइटेड) और वाईएसआर कांग्रेस ने क्रमश : बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की, लेकिन अजीब बात यह रही कि तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) इस मामले पर चुप रही। रमेश ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि राजनीतिक माहौल कैसे बदल गया है। सदन के नेताओं की सर्वदलीय बैठक में बीजद नेता ने रक्षा मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को याद दिलाया कि ओडिशा में 2014 के विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा के घोषणापत्र में राज्य को विशेष श्रेणी का दर्जा देने का वादा किया गया था।

### सर्वदलीय बैठक में अच्छे सुझाव मिले : रिजिजू

**संसदीय** कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में हमारी चर्चा बहुत उपयोगी रही। संसद को सुचारू रूप से चलाना सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपील की कि हम लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और जब कोई सदस्य संसद में बोलता है, तो हमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

### आज से शुरू होगा मानसून सत्र, कल पेश किया जाएगा केंद्रीय बजट पेश

**मानसून** सत्र सोमवार से शुरू होगा, जो 12 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान 19 बैठकें होंगी। सत्र के दौरान सरकार की ओर से छह विधेयक पेश किए जाने की उम्मीद है, जिसमें एक 90 साल पुराने विमान अधिनियम को बदलने के लिए है। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के बजट को भी संसद की ओर से मंजूरी दी जानी है। इस पूर्ववर्ती प्रदेश में वर्तमान में राष्ट्रपति शासन लागू है। सीतारमण सोमवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश करेंगी।

# केदारनाथ में भू-स्खलन तीन श्रद्धालुओं की मौत



**एजेंसी, रुद्रप्रयाग**

**उत्तराखंड** के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम के पैदल रास्ते पर रविवार सुबह भू-स्खलन होने से तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि आठ घायल हो गए। मरने वालों में महाराष्ट्र के दो श्रद्धालु शामिल हैं।

रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि हादसा सुबह करीब साढ़े सात बजे गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर गौरीकुंड से तीन किलोमीटर आगे चीड़वासा के पास हुआ, जहां पहाड़ी से अचानक आए मलबे और भारी पत्थरों की चपेट में वहां से गुजर रहे श्रद्धालु आ गए। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ और आपदा प्रबंधन की टीमें मौके पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया। मलबे से अब तक तीन श्रद्धालुओं के शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि आठ लोगों को घायल अवस्था में निकालकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है। तलाश अभियान अभी जारी है। ये श्रद्धालु केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए जा रहे थे और सुबह गौरीकुंड से पैदल चले थे। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान नागपुर (महाराष्ट्र) निवासी किशोर अरुण पराटे (31), जालना (महाराष्ट्र) निवासी सुनील महादेव काले (24) और तिलवाड़ा (रुद्रप्रयाग) के रहने वाले अनुराग बिष्ट के रूप में की गई है।

### मुख्यमंत्री धामी ने जताया शोक

**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोकसंतप्त परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। धामी ने कहा कि मैं लगातार अधिकारियों के संपर्क में हूं। हादसे में घायल हुए लोगों को त्वरित रूप से बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।

# जमीनी विवाद में भतीजे का चाची पर रॉड से हमला, मौत

### बिलासपुर के सेउ गांव में दिया वारदात को अंजाम, आरोपी भतीजा और उसका पिता गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर/बरठीं**

**बिलासपुर** जिले के तलाई क्षेत्र के सेउ गांव में जमीनी विवाद के चलते भतीजे ने चाची के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने भतीजे और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, जीवन कुमार निवासी छपरोह गांव, तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर ने बताया कि शनिवार को ससुराल आया था। उसकी पत्नी वीना देवी, साली भुट्टो देवी, सास रोशनी देवी अपने मकान के साथ खरपवार की साफ-सफाई कर रही थीं। इस दौरान ताया ससुर प्रकाश चंद ने पत्थर मारने शुरू कर दिए, जब सास चिल्लाने लगी तो ताया ससुर का बेटा दलीप सिंह आया और लोहे की रॉड से सास के सिर पर वार कर दिया, जिससे बेहोश होकर वहीं गिर पड़ी। तीनों घायलों को बरठीं अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टर ने सास रोशनी देवी को मृत घोषित कर दिया। एसपी विवेक चहल ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

**खेतों में काम कर रही थी मृतका**

# बांग्लादेश में 30 फीसदी आरक्षण वापस

### हिंसा में जल रहे देश को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने लिया अहम निर्णय

**एजेंसी, ढाका**

**बांग्लादेश** के सुप्रीम अदालत ने सरकारी नौकरी आवेदकों के लिए विवादास्पद आरक्षण प्रणाली को वापस ले लिया है।

कोटा प्रणाली के ऐलान के बाद बांग्लादेश में बड़े स्तर पर प्रदर्शन हो रहे थे और हिंसा में सैकड़ों लोगों की मौत के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार को कर्फ्यू लगाना पड़ा और सेना को शहर में उतारा गया। हिंसा के दौरान 105 से ज्यादा लोगों की जान गई है। शीर्ष अदालत ने रविवार को अपने फैसले में 93 प्रतिशत सरकारी नौकरियों को योग्यता-आधारित प्रणाली के आधार पर आवंटित करने का आदेश दिया और 7 फीसदी 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में लड़ने वाले दिग्गजों के रिश्तेदारों और अन्य श्रेणियों के लिए छोड़ दिया। जिस सिस्टम पर विवाद था, उसमें 30 प्रतिशत नौकरियां स्वतंत्रता आंदोलन के दिग्गजों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित हैं। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसने पिछले महीने बहाल किया था। अटॉर्नी जनरल एएम अमीनउद्दीन ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसला को गलत करार दिया है। अब सिविल सर्विस की नौकरियों में 5 प्रतिशत स्वतंत्रता संग्राम के दिग्गजों के बच्चों के लिए और 2 प्रतिशत अन्य श्रेणियों के लिए आरक्षित रहेंगी।

कोर्ट ने सभी छात्रों से प्रदर्शन छोड़कर वापस कॉलेजों में लौटने की अपील की है। इससे बांग्लादेश में कई दिनों से जारी हिंसा रुकने की उम्मीद अब बढ़ी है। इस बीच, सरकार ने सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है और केवल आपातकालीन सेवाएं ही चालू रहेंगी।

**छात्रों से प्रदर्शन छोड़कर वापस कॉलेजों में लौटने की अपील**

# हम भारत की 350 से ज्यादा प्राचीन धरोहर वापस लाए : मोदी

### प्रधानमंत्री ने किया 10 दिवसीय विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र का उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और यूनेस्को की महानिदेशक ऑड्रे अजोले की उपस्थिति में रविवार शाम को भारत मंडपम में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र का उद्घाटन किया। भारत पहली बार 21 जुलाई से 31 जुलाई तक यूनेस्को के इस प्रमुख कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में एक प्रदर्शनी को देखा, जिसमें देश में वापस लाई गई कुछ कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते सालों में हम भारत की 350 से ज्यादा प्राचीन धरोहरों को वापस लाए हैं।

प्राचीन धरोहरों का वापस आना वैश्विक उदारता और इतिहास के प्रति सम्मान के भाव को दिखाता है। इस दौरान केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विश्व धरोहर समिति की बैठक में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। शेखावत ने कहा कि पीएम मोदी ने इस सम्मेलन में आकर समारोह की गरिमा को बनाए रखने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में बीते वर्ष जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था।



इसके बाद पूरी दुनिया का ध्यान भारत पर केंद्रित हो गया था। इससे विश्व का भारत के प्रति नजरिया बदला है। एक तरफ, इस सम्मेलन में आधुनिक ज्ञान और विज्ञान में भारत के कौशल का प्रदर्शन होगा। इसके साथ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली इतिहास से जुड़ी ऐतिहासिक धरोहरों और उनके रख-रखाव से जुड़े भारत सरकार के गंभीर प्रयासों को विश्व पटल पर दर्शाने में सफलता प्राप्त होगी। सत्र में दुनियाभर से प्राप्त 27 नए स्थलों के नामांकनों की जांच की जाएगी, जिनमें 19 सांस्कृतिक स्थल, चार प्राकृतिक स्थल और दो मिश्रित स्थल हैं।

# हिमाचल पर पड़ी मौसम की मार, फसलें चौपट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में मौसम विभाग बारिश की चेतावनी जारी कर रहा है, लेकिन कई क्षेत्रों में सूखा पड़ा हुआ है। बारिश न होने का असर फसलों पर पड़ रहा है। वहीं, कई इलाकों में पड़ रही उमस भरी गर्मी से लोग काफी परेशान हो गए हैं। प्रदेश राज्य के कई क्षेत्रों में बारिश न होने से मक्की की फसल और सब्जियां चौपट हो रही हैं।

वहीं, मक्की की फसल में फॉल आर्मी वार्म कीड़ा लग गया है और 15 फीसदी मक्की की फसल खराब हो चुकी है। सोलन जिले में लगभग 23,500 हेक्टेयर भूमि पर मक्की की खेती की जाती है, जिससे लगभग 58,750 मीट्रिक टन उत्पादन प्राप्त होता है। सूखे और फॉल आर्मी वार्म कीड़े के प्रकोप के कारण किसान परेशान हो गए हैं। मंडी जिले में पिछले दो सप्ताह से बारिश न होने के कारण लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल हैं। हालांकि, कुछ जगह नाममात्र बारिश ही हुई है। बारिश न होने से धान और मक्की की फसलों को नुकसान हो रहा है। वहीं, अब एक बार फिर मौसम विभाग ने भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश में आगामी दो दिन भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने प्रदेश में 22 और 23 जुलाई को अधिकतर क्षेत्रों में बारिश की संभावना जताई है।







# मार्केटिंग बोर्ड का टेंडर निरस्त, लेकिन अब तक कारवाई नहीं : जयराम ठाकुर

## पूछा-टेंडर में गड़बड़ी करने में कौन-कौन लोग हैं शामिल?

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



मार्केटिंग बोर्ड में हुआ 7 करोड़ रुपए का घोटाला अपने आप में अजीब था

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार द्वारा मार्केटिंग बोर्ड के डिजिटाइजेशन टेंडर को निरस्त कर दिया गया, जिससे यह साफ होता है कि घोटाला हुआ था लेकिन विपक्ष के द्वारा आवाज उठाने पर सरकार ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। टेंडर निरस्त करने का कारण भी सरकार जीएसटी की अतिरिक्त मांग को बता रही है, जबकि टेंडर अवार्ड होने के अगले दिन ही बोर्ड ने फार्म द्वारा अलग से जीएसटी देने की मांग को भी मान लिया गया था।

वित्तीय अनियमितता और नियमों की अनदेखी करके अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए किए गए टेंडर को तो निरस्त होना ही था, लेकिन टेंडर को निरस्त करने की आड़ में सरकार घोटाले में शामिल लोगों को बचाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश के लोग मुख्यमंत्री से यह जानना चाहते हैं कि इस टेंडर में गड़बड़ी करने में कौन-कौन लोग शामिल हैं? इस टेंडर में गड़बड़ी करने वालों पर अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? पूरे प्रकरण में गड़बड़ करने वाली लोगों को किसका संरक्षण मिल रहा है? भ्रष्टाचार के मामले में सरकार को जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी होगी और घोटाले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी होगी। सिर्फ टेंडर निरस्त करके सरकार घोटालेबाजों को नहीं बचा सकती है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मार्केटिंग बोर्ड में हुआ 7 करोड़ का घोटाला अपने आप में अजीब था। मार्केटिंग बोर्ड के एमडी इस टेंडर को दोबारा से करने की बात फाइल पर बार-बार लिखते रहे और कृषि सचिव एवं मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन ने टेंडर को अवार्ड कर दिया। आश्चर्य यह है कि अवार्ड करने का फैसला भी टेंडर कमेटी के कई सदस्यों और अध्यक्ष की अनुपस्थिति में हुआ।

टेंडर अवार्ड करने की पूरी प्रक्रिया में भी राज्य सरकार के स्थापित वित्तीय नियमों की अनदेखी हुई। टेंडर अवार्ड 29 जून, 2024 को हुआ और पहली जुलाई को इस कंपनी ने मार्केटिंग बोर्ड को फिर से रिप्रेजेंट किया कि उनका जीएसटी अलग से दिया जाए।

इसे भी एक दिन के भीतर ही मान लिया गया। तीन हफ्ते बाद अब सरकार ने जीएसटी की मांग का बहाना बनाकर ही टेंडर को निरस्त कर दिया। ऐसे में यह सवाल उठता है कि जब जीएसटी अलग से देने की मांग को मानने के बाद उसी आधार पर टेंडर निरस्त करने की जरूरत क्यों आन पड़ी। मुख्यमंत्री यह स्पष्ट करें कि तब यह फ़ैसले कौन ले रहा था? (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### चिट्टे के साथ दो युवक गिरफ्तार

**आर मोहन, सोलन।** पुलिस ने चिट्टे के नशे पर अंकुश लगाने के लिए मुहिम जारी रखी है। इस क्रम में असम और तारादेवी के दो युवकों से 4 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया।



थाना धर्मपुर की पुलिस टीम गश्त के दौरान टोल प्लाजा सनवारा के समीप मौजूद थी तो उसी समय एक गाड़ी परवाणु की तरफ से आई जिसे चैकिंग हेतू रोका गया। चैकिंग के दौरान उक्त गाड़ी में बैठे 2 युवक जिनके नाम क्रिस्टोफर ब्रहमा (25) पुत्र रिशी ब्रहमा निवासी गांव व डा. रुनीखाड़ा तह. शितली जिला चिरंग असम व अंकित कुमार (24) पुत्र सोनू कुमार निवासी डा. तारादेवी तह. व जिला शिमला मालूम हुए, को 4 ग्राम से ज्यादा चिट्टा / हैरोइन सहित गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक आरोपी अंकित कुमार पहले भी अपराधिक वारदातों में संलिप्त रहा है जिसके खिलाफ जिला मंडी के सुंदरनगर थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज है। (अनंत ज्ञान)

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से 5 वर्षीय बच्चे की मौत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के कांगू कस्बा के गांव मालग में 5 वर्षीय वैभव पुत्र प्रवीण कुमार की ट्रैक्टर के नीचे आने से मौत हो गई है, जिससे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार वैभव अपने घर में पशुशाला के पास खेल रहा था और उसकी माता गाय से दूध निकाल रही थी। साथ ही शैड में उनका ही ट्रैक्टर खड़ा था। अचानक ट्रैक्टर न्यूटल होकर चल पड़ा और ट्रैक्टर की चपेट में आने से वैभव के सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे उसकी मौत हो गई। मालग पंचायत के प्रधान अश्वनी कटोच ने बताया कि वैभव बहुत ही चंचल था, दो बहनों का छोटा भाई था।

### गिरफ्तार आरोपी तीन दिन के रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन की सनाही पंचायत के गांव तेलकड़ के रघुवीर सिंह की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने गांव के ही बाबू राम को गिरफ्तार किया था। उसने पुलिस को रघुवीर सिंह के खिलाफ अवैध बंदूक रखने की झूठी शिकायत की थी। पुलिस ने रविवार को उसे माननीय सीनियर सिविल जज नादौन की अदालत में पेश किया जहां अदालत ने आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस रिमांड की पुष्टि करते हुए एसएचओ बाबू राम शर्मा ने बताया कि पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ की जाएगी। आत्महत्या करने वाले की डैड बॉडी का पोस्टमार्टम करवाया गया है। अभी तक रिपोर्ट नहीं आई है। काबिलेगौर है कि रघुवीर सिंह आत्महत्या के मामले को लेकर शनिवार को तेलकड़ गांव में काफी हंगामा हो गया। काफी संख्या में लोग इक्ठा हो गए। लोगों ने पंचायत व पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी की थी और पुलिस को करीब 16 घंटे तक शव को कब्जे में नहीं लेने दिया था। एसडीएम को मौका पर पहुंचना पड़ा था। एसडीएम के आश्वासन व कथित आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही लोगों ने शव को पुलिस को उठाने दिया था।




### एमएमडी ग्लोबल फूड्स पर रुचि मार्क मसालों की रोक

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** बद्दी में मैसेंजर क्वालिटी फूड प्रोडक्ट की याचिका सुनवाई करने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय ने एमएमडी ग्लोबल बद्दी प्रतिवादी अनिल सिंगला उर्फ अनिल कुमार और अन्य उनके मालिक, सहयोगी, फ्रैंचाइजी, नौकर, एजेंट, वितरक प्रतिनिधि और प्रतिबदियों के लिए या उनकी ओर से काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को रुचि मार्क या उसके सामान किसी भी तरह के उपयोग करने से रोक लगा दी है। उच्च न्यायालय ने प्रतिवादी अनिल सिंगला उर्फ अनिल कुमार एवं अन्य एमडी ग्लोबल को चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का नोटिस भी जारी किया, अगली तारीख 7 नवंबर 2024 को तय की गई है।




## बाबा बालकनाथ मंदिर के बुनियादी ढांचे होंगे स्तरोन्नत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जिला हमीरपुर के दियोटसिद्ध बाबा बालकनाथ मंदिर के बुनियादी ढांचे को स्तरोन्नत करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह मंदिर एक प्राचीन पवित्र स्थल के रूप में प्रसिद्ध है, इसके स्तरोन्नयन से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बल मिलेगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस क्षेत्र में भीड़-भाड़ को कम करने और श्रद्धालुओं को निर्बाध एवं सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए मंदिर में रोपवे स्थापित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि 0.52 किलोमीटर क्षेत्र में स्थापित होने वाले इस रोपवे का 65 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण किया जाएगा। यह रोपवे मंदिर को टैक्सी पार्किंग से जोड़ेगा।

यह मंदिर पहाड़ी के ऊपर स्थित है और वर्तमान में नवरात्रि और अन्य महत्वपूर्ण पावन अवसरों पर यहां पर भारी भीड़ उमड़ती है, जिसके कारण लाखों श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ता है। रोपवे के निर्माण से इस समस्या को कम करने और श्रद्धालुओं को सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि बाबा बालकनाथ मंदिर हमीरपुर जिला का एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है जो उत्तर भारत के हजारों श्रद्धालुओं को अपनी और आकर्षित करता है। यह मंदिर न केवल आध्यात्मिक केन्द्र के रूप में प्रसिद्ध है बल्कि प्रदेश की संस्कृति और प्राकृतिक सौन्दर्य का भी एक अनूठा उदाहरण है।

### पीपीपी मोड पर बनेगें आवासीय स्कूल

पीपीपी मोड के तहत इच्छुक पार्टियों से चर्चा करने के बाद इसे धरातल पर उतारने की तैयारी हिमाचल में पहली बार आवासीय सरकारी स्कूल बनाने की शुरूआत हो गई है। यानि जल्द ही युवा पीढ़ी आवासीय स्कूलों में बेहतरीन शिक्षा ग्रहण करेगी। इसके लिए शिक्षा विभाग हिमाचल के दो जिलों में आवासीय स्कूल योजना को लागू कर रहा है। शिक्षा विभाग इस योजना को लागू करने के लिए पीपीपी (पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मोड) पर कार्य करने जा रहा है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने 24 जुलाई को सचिवालय शिमला में इस योजना को लेकर इच्छुक पार्टियों से व्यापक चर्चा करने के लिए खुले मंच का आयोजन किया है।

## मुख्यमंत्री का फर्जी पीएसओ बनकर जमा रहा था धौंस, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का फर्जी निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) बनकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व लोगों को फोन कॉल करने का मामला सामने आया है। आरोपित शख्स खुद को मुख्यमंत्री का पीएसओ बताकर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए धौंस जमा रहा था।

इसका खुलासा तब हुआ, जब मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात पीएसओ अभिषेक शर्मा तक यह बात पहुंची। उन्होंने आरोपी को फोन कर जब उससे बात की, तो वह भी दंग रह गए, क्योंकि आरोपी ने उन्हें भी अपना परिचय मुख्यमंत्री के पीएसओ के तौर पर दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री के पीएसओ अभिषेक शर्मा ने आरोपित के खिलाफ छोटा शिमला पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करवाई। शिमला पुलिस अब आरोपी को तलाश कर उसकी गिरफ्तारी में जुट गई है। पुलिस आरोपी की मोबाइल सीडीआर खंगाली जा रही है। पुलिस ने जल्द आरोपी की गिरफ्तारी की बात कही है।

कहानी-7 | अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाएगा। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहेगा।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य मेल पर ही लिखकर भेजें।

## सुजानपुर की दाड़ला पंचायत विकास में नंबर वन

### भलेठ में बना बेहद आकर्षक आदिशिव धाम यहां की पहचान



रीत वशिष्ट
नगरोटा बगवां

आज हम बात करेंगे हमीरपुर जिले के सुजानपुर ब्लॉक की दाड़ला पंचायत की। यह पंचायत विकास के मामले में प्रदेशभर में नंबर वन है। भलेठ में बना बेहद आकर्षक आदिशिव धाम पंचायत की पहचान है। इस पंचायत में एक खूबसूरत गांव है, जिसका नाम है भदरयाणा।






राजेश

**ग्रामीण राजेश** ने बताया कि यह गांव मूलभूत सुविधाओं से संपन्न है और भाईचारे की जीती जागती मिसाल है। यहां के लोग बहुत ज्यादा मेहनती हैं और समाज कल्याण में उनकी भागीदारी अतुलनीय है। गांव में जरूरत का सारा सामान मिल जाता है। ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ता। नेशनल हाईवे के साथ रोड कनेक्टिविटी है। भलेठ में राजाओं के समय का पौराणिक मंदिर है, जो सुजानपर का प्रवेश द्वार हुआ करता था। इस मंदिर को हाल ही में मोडिफाई किया गया है। मंदिर की काफी मान्यता है। लोग दूर-दूर से यहां आते हैं। उनकी मन्नतें पूरी होती हैं। पहले मंदिर छोटा होता था, लेकिन अब उसका विस्तार कर दिया है। हनुमान जी के मुख्य मंदिर के साथ अब और भी मंदिर बना दिए हैं। गांव के लोग सुविधाओं से संतुष्ट है,मगर एक चीज की कमी खलती है और वो है संस्कृति और कल्चर का होता पतन। लोगों में अब वो आत्मीयता नहीं रही। संस्कृति और कल्चर को बचाने के लिए कुछ किया जाना बेहद आवश्यक है। हम अच्छे समाज की परिकल्पना तभी कर सकते हैं। आज छोटी-छोटी चीजों के लिए लोग लड़ते हैं। हमारे सांसद अनुराग ठाकुर ने संस्कृति के उत्थान के लिए यहां बहुत अच्छी पहल शुरू की थी। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं को तो तवज्जो दी ही। साथ ही कल्चरल प्रोग्राम चलाकर महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की। महिलाओं को मंच दिया। लोगों ने उत्साहित होकर ऐसे कार्यक्रमों में भाग लिया। वास्तव में लोगों को जोड़ने का तरीका भी यही है।






सुदेश कुमारी

**ग्रामीण सुदेश कुमारी** बदलते परिवेश से खिन्न दिखीं। उन्होंने कहा कि आज के और पुराने जमाने में दिन-रात का अंतर है। पहले बच्चे एक साथ रहते थे और खेलते थे, लेकिन अब बच्चे अपने घरों में ही रहते हैं। छोटी-छोटी बातों पर झगड़ते हैं। आज सुविधाओं के साथ पैसा भी है। पहले लोग हल से खेत जोतते थे तो फसल भी अच्छी होती थी, लेकिन जबसे ट्रैक्टर आए हैं फसल उतनी अच्छी नहीं हो रही। आज अनाज में दवाओं और स्प्रे का इस्तेमाल हो रहा है,जिससे लोग बीमारियों में जकड़ रहे हैं। पहले पौष्टिक अनाज मिलता था तो लोग स्वस्थ्य रहते थे और ज्यादा जीते थे, लेकिन आज का अनाज विषाक्त हो चुका है। हम अपने घर में बुजुर्गों की रिवायत के अनुसार, आज भी माकड़ियां (अमचूर ), सीरा, सेवइयां आदि खुद बनाते हैं। आजकल हिसाब ऐसा हो गया है कि अगर हम किसी के घर में ब्याह-शादी में जाएंगे तभी लोग हमारे यहां भी आएंगे। पहले महिलाओं में मजाक बहुत चलता था। सिर पर चाहे घड़ा, गोबर की डल या कोई और सामान ही क्यों न उठाया हो, लेकिन एक-दूसरे का हाल चाल, दुख-दर्द पूछना नहीं भूलते थे। और इस चक्कर में कई बार लंबी बात हो जाती थी। आजकल महिलाएं एक-दूसरे के घरों में चुगलियां करती हैं, जिससे कलह, क्लेश होता है। पहले परिवारों में बहुत प्रेम भाव होता था। अगर कोई गंभीर बात होती थी तो सब इक्ट्ठे हो जाते थे। आजकल घरों में टीवी लगा है, हाथ में मोबाइल है। ऐसे में किसी को किसी से भला क्या लेना-देना होगा।



कृष्णा देवी
प्रधान

**पंचायत प्रधान कृष्णा देवी** सामाजिक कार्यों में काफी रुचि लेती हैं। वह दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हुई हैं। उन्होंने सेल्फ हेल्प ग्रुप और महिला मंडल चलाए हुए हैं। कल्याणी सेल्फ हेल्प ग्रुप में आठ महिलाएं हैं, जबकि महिला मंडल में 22 सदस्य जोड़े गए हैं। मैंने अपने अपने घर में बड़ियां और सीरा बनाने की मशीनें रखी हैं। महिलाएं मिलजुल कर उत्पाद तैयार करती हैं और सुजानपुर होली मेला, सरस मेला, हमीर उत्सव और शिवधाम आदि में बेचकर आजीविका कमाती हैं। जो पैसा इक्ट्ठा होता है उससे गांव की जरूरत की चीजें खरीद ली जाती हैं। पहले हमारा ग्रुप मिड हिमालय के तहत चलता था, लेकिन अब ब्लॉक के तहत चल रहा है।



जगन कटोच
उपप्रधान

**पंचायत उपप्रधान जगन कटोच** युवा हैं और बहुत अच्छी सोच रखते हैं। वह अपनी पंचायत को सर्वश्रेष्ठ बनाए रखने के लिए जी तोड़ मेहनत भी करते हैं। वह कहते हैं कि पंचायत में काम इतने ज्यादा होते हैं, जो कभी खत्म नहीं हो सकते। मैंने अपने कार्यकाल में लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मुहैया करवाई हैं। महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक किया और उनको बताया कि वे घर के बाहर निकलकर भी समाज के लिए बहुत कुछ कर सकती हैं। पंचायत में रास्ते के काम और कंस्ट्रक्शन वर्क रेगुलर चले हुए हैं। इससे अलग हटकर भी काम करवाए। हमारी पंचायत विकास के मामले में प्रदेशभर में नंबर वन है। मनरेगा में नंबर वन है। वित्तीय मामलों में नंबर वन है। कम खर्चे में अच्छे काम करवाए। इसका मुख्य कारण है हमारी पंचायत के नुमाइंदों, पार्षदों और वार्ड पंचों का टीम वर्क। सभी मेहनती हैं। हर काम में दिलचस्पी लेते हैं और अपना 100 प्रतिशत देते हैं। चाहे लोगों की समस्याएं, लड़ाई-झगड़ा हो या विकास के कार्य, सबमें उनकी भागीदारी रहती है। हम सारे विवादों का निपटारा मिल बैठकर पंचायत में ही निपटा लेते हैं और कोर्ट जाने की नौबत नहीं आती।

### लोगों की सहायता से बना शिवधाम

**जगन कटोच** ने बताया शिवधाम को बनाने में लोगों की बहुत ज्यादा सपोर्ट रही। हमने पंचायत फंड, स्टेट फंड, सेंटर फंड, एमएलए और एमपी फंड को मिलाकर यहां शिवधाम बनाने का फैसला लिया और यह विजन हमें यहां काम कर चुके पूर्व बीडीओ ने दिया। भोलेनाथ की मूर्ति लोगों ने दान के पैसे से खुद लगवाई है, जिसकी कीमत 15 लाख है। यहां पहले जंगल हुआ करता था। इसकी सफाई के लिए लोगों, खासकर महिलाओं ने स्वेच्छा से श्रमदान किया। हमने इस शिवधाम में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए सुविधाएं मुहैया करवाने की कोशिश की है। यहां टहलने के लिए जगह है। बैठने के लिए बैंच हैं। झूले आदि हैं। शिवधाम के बाहर जितनी भी दुकानें हैं वो हमने बनवाकर सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं को दी हैं और उनसे किराया भी नहीं लेते हैं, ताकि वे अपने प्रोडक्ट यहां बेच सकें। अब हम सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं के लिए नई बिल्डिंग में रेस्टोरेंट बनाने जा रहे हैं। इसके अलावा यहां लाइब्रेरी भी बनकर लगभग तैयार है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेल मैदान बनाया है, जिसमें वे खेलों में मस्त रहते हैं तथा उनका नशे की तरफ कोई ध्यान नहीं जाता। इसके अलावा हमने खत्म हो चुके पुराने जल स्रोतों बावड़ियों और कुओं का उसी परंपरागत शैली में जीर्णोद्धार किया। मेरा बाकी पंचायतों को यही संदेश है कि जिस काम के लिए जनता ने वोट देकर आपको चुना है उसका मोल उनके तिगुने काम करवाकर अदा करें। आज कई पंचायत के नुमाइंदों की आपस में नहीं बनती। छोटी राजनीति से बाहर निकलना होगा गांवों का विकास तभी संभव है। यदि टीम बनकर काम करेंगे तो निश्चित रूप से आपकी पंचायत भी नंबर वन बन सकती है।



## रोजगार के मामले में गूंगी-बहरी बनी है सरकार : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि हिमाचल का बेरोजगार वर्ग वर्तमान सरकार में खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। क्योंकि हर साल एक लाख युवाओं को नौकरी देने का लॉलीपॉप दिखा कर सत्ता में आई सुक्खू सरकार ने युवाओं के लिए रोजगार के दरवाजे पूरी तरह बंद कर दिए हैं।

राजेंद्र राणा ने कहा कि बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर सुक्खू सरकार गूंगी बहरी बनी हुई है, लेकिन मित्रों को कैबिनेट रैंक देकर प्रदेश की जनता के टैक्स का पैसा दोनों हाथों से लुटाया जा रहा है। उन्होंने कहा प्रदेश के इतिहास की यह पहली सरकार है जिसने नौकरियां देने वाले संस्थान को ही पंगु बनाकर रख दिया है।

सरकार के डेढ़ साल के शासन में युवाओं के सपने तार-तार हो गए हैं। युवाओं का दर्द समझने की बजाय सत्ता में बैठे हाकिम चैन की बांसुरी बजा रहे हैं। अपने मित्रों और परिवार के सदस्यों को ही एडजस्ट किया जा रहा है। जबकि प्रदेश के आम युवा की कोई सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा आने वाले समय में युवाओं का आक्रोश लावा बनाकर फूट सकता है।

**चर्चा** | तीन माह पहले मनोज मिन्हास के खिलाफ पार्षद इकट्ठे हुए थे

## चुनाव आचार संहिता के बीच सिमटी 'नो-कॉन्फिडेंस मोशन' की मुहिम

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर नगर परिषद में मौजूदा अध्यक्ष मनोज मिन्हास के खिलाफ करीब 5 महीने पहले जिस 'नो-कॉन्फिडेंस' मोशन की मुहिम शुरू हुई थी, वह चुनाव आचार संहिता के बीच में 'सिमट' कर रह गई। इस दौरान राजनीतिक उठापटक भी हुई और मनोज मिन्हास एवं एक अन्य पार्षद राजकुमार कांग्रेस के पाले में चले गए।

अब क्योंकि चुनाव पर आचार संहिता खत्म हो चुकी है, क्या हमीरपुर नगर परिषद में 10 पार्षदों द्वारा दिए गए नो कॉन्फिडेंस मोशन के आवेदन पर हमीरपुर के एसडीएम मनीष सोनी कोई बैठक जल्दी नगर परिषद की अविश्वास प्रस्ताव के लिए रखेंगे? इस पर अभी भी संशय बना हुआ है।

तीन माह पहले मनोज मिन्हास के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वाले सभी पार्षद इकट्ठे हो गए थे। बाद में अब परिस्थितियों क्या बदल चुकी हैं। ऐसा व्यावहारिक रूप में तो कुछ दिखता नहीं है, लेकिन ऊहापोह की स्थिति इसलिए बरकरार है, क्योंकि मनोज मिन्हास अब कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। उनके साथ एक पार्षद भी गए हैं। 11 सदस्यों वाली इस हमीरपुर नगर परिषद में अभी भी बहुमत तो मनोज मिन्हास के खिलाफ ही माना जाएगा। क्योंकि दूसरे सदस्यों ने इतनी लंबी अवधि के बाद भी जब अविश्वास प्रस्ताव के लिए कोई बैठक नहीं हो पाई। अपना नाम वापस लेने की कोई कार्रवाई भी तो नहीं की है। ऐसे में प्रशासनिक व्यवस्था पर भी अब अविश्वास प्रस्ताव देने वाले पार्षदों की नजरें टिकी हुई हैं।

अब क्योंकि मुख्यमंत्री का गृह जिला है और लोकसभा के बाद विधानसभा उपचुनावों में भी नगर परिषद के अध्यक्ष खूब सक्रिय रहे हैं देखना यही है कि भाजपा छोड़ कर कांग्रेस ज्वाइन करने पर उन्हें कोई %सिला% मिलेगा? या फिर पार्षद अभी भी एक जूता के साथ उनके खिलाफ लामबंद रहेंगे। इन चीजों का जवाब तो बैठक अविश्वास प्रस्ताव की होगी तभी मिल पाएगा।



अविश्वास प्रस्ताव के लिए दिया गया पत्र और डीसी से मिलते पार्षद(फाइल फोटो)।

### क्या कहते एसडीएम

हमीरपुर के एसडीएम मनीष सोनी का कहना है कि अविश्वास प्रस्ताव को लेकर क्योंकि समय काफी लंबा हो गया। चुनाव आचार संहिता तो अब उठ गई है। वह पिछले कुछ दिनों से छुट्टी पर चल रहे हैं। अब सोमवार को ऑफिस पहुंचकर इस पर फैसला लेने के लिए नियमों के तहत कार्रवाई करेंगे। क्या नया आवेदन अविश्वास प्रस्ताव के लिए लेना पड़ेगा? या पुराने पर ही कार्रवाई हो जाएगी? इस पर एक-दो दिनों में फैसला लिया जाएगा।

## लगघाटी के दड़का में कार सरवरी खड्ड में गिरी, एक की मौके पर मौत

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू जिला मुख्यालय के साथ सटी लगघाटी के दड़का में रविवार सुबह एक कार (थार) के सरवरी खड्ड में गिरने का मामला सामने आया है। इस हादसे में कार में सवार चार लोगों में से एक की जहां मौके पर ही मौत हो गई है वहीं, तीन लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक की हालत गंभीर है।

घायलों को गांव वालों के सहयोग से क्षेत्री अस्पताल कुल्लू में भर्ती करवाया गया, जहां पर उनका उपचार चल रहा है। पुलिस जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों को जैसे ही हादसे का पता लगा तो उन्होंने पुलिस व 108 एंबुलेंस को सूचित किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व 108 एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए 108 के माध्यम से क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचाया गया जहां पर घायलों का इलाज किया जा रहा है। हादसे में घायल चालक की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचन्द्रन ने बताया कि पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की है।



लगघाटी के दड़का में सरवरी खड्ड में गिरी थार।

मृतक की पहचान भूपेंद्र सिंह (32) निवासी गांव भूमतीर के रूप में हुई है। हादसे में वरुण ठाकुर, हिमांशु व बॉबी घायल हुए हैं। उधर, हादसे की जानकारी मिलते ही सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर भी घायलों का हाल जानने क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचे और उन्होंने जहां मृतक के परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की है वहीं, मृतक के परिजनों और घायलों को हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### सीपीएस किशोरी बोले, नर सेवा ही नारायण सेवा



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** मुख्य संसदीय सचिव एवं बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने कहा कि हम सब ईश्वर के बंदे हैं, इसलिए उनके जीवन में जाति विशेष का कोई महत्व नहीं है । मुख्य संसदीय सचिव रविवार को कबीर समाज द्वारा आयोजित एक जिला स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे । किशोरी लाल ने कहा कि भारतवर्ष में हिंदू, सिख, मुस्लिम, इसाई सभी धर्म के लोगों को बराबर की नजर से देखा जाता है और यही हमारे संविधान की विशेषता है । विधायक ने कहा कि वह पिछले 40 वर्षों से भी अधिक समय से सक्रिय राजनीति में हैं, परंतु उन्होंने कभी भी जातिवाद की राजनीति नहीं की। उनके लिए नर सेवा नारायण सेवा के समान है । इस मौके पर कबीर समाज द्वारा नवनिर्मित समुदाय के भवन का भी शिलान्यास किया गया है। इस सम्मेलन में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश तथा प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से भी लोग आए हुए थे। इस मौके पर कश्मीर सिंह मस्तराम विजय विद्यार्थी पूर्ण चंद मास्टर रमेश चड्ढा अमित शर्मा शाहिद सैकड़ों लोग मौजूद रहे । (अनंत ज्ञान)

### गायत्री महिला मंडल थुरल ने मनाई गुरु पूर्णिमा



**राकेश डोगरा, डरोह।** गायत्री महिला मंडल थुरल की ओर से गायत्री शक्तिपीठ थुरल में गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान जप, हवन-यज्ञ किया गया। इसके तुरंत बाद पूर्ण आहुति दी गई। इस बीच दोपहर को भंडारे का प्रबंध भी था। इस कार्यक्रम में गायत्री के अनेक साधकों ने भाग लिया। गायत्री महिला मंडल की ओर से भजन कीर्तन भी किया गया। इस पर्व में महिला मंडल का भरपूर योगदान रहा। इस मौके पर माया राणा, निर्मला राणा, संतोषी चौहान,मंजू बंटा, ललिता सूद, इनके साथ साथ केप्टन अर्मी चंद, ट्रस्टी अजीत सिंह राणा व जगदीश चंद बाशल आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### वनीत पैलेस मनसिंबल में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व



**राकेश डोगरा, डरोह।** गोपाल जन कल्याण सेवा समिति द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन रविवार को वनीत पैलेस मनसिंबल भवारना में पुरोहित संदीप शर्मा की देखरेख में हुआ। इस कार्यक्रम में पूर्व विद्यार्थी संघ बागडू गढ़ जमूला के सदस्य भी आमंत्रित थे। प्रोग्राम सुबह 10 बजे शोभायात्रा के साथ आरंभ हुआ। उसके पश्चात गायक जोगिंदर राणा भवारना वाले व सुरजीत गुर्जर बौण वाले ने अपने मीठे स्वरों से भजन कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। चंबा पत्तन वाला भजन लोगों ने बहुत पसंद किया। दोपहर 1 बजे को भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस बीच आस पास के सभी लोगों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सभी श्रद्धालुओं ने गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही विश्व शांति के लिए प्रार्थना भी की। (अनंत ज्ञान)

# चीलगाड़ी में संदिग्ध दिखने की सूचना पर तलाश में जुटी पुलिस

## सीसीटीवी फुटेज और पड़ताल में कोई नहीं मिला, लोगों से सतर्क रहने की अपील

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

धर्मशाला के चीलगाड़ी क्षेत्र में संदिग्ध देखे जाने की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम शनिवार रात तक संदिग्धों की तलाश में जुटी रही। इस दौरान पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे तथा संदिग्धों की सूचना को लेकर पड़ताल की। इस दौरान पुलिस के करीब दर्जन भर जवानों ने उस लोकेशन के आसपास लोगों से जानकारी जुटाई तथा सर्च अभियान चलाया।

इस दौरान यहां लगे सीसीटीवी की फुटेज भी चेक की गईं, लेकिन कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि नजर नहीं आई। हालांकि पुलिस ने करीब तीन घंटे तक क्षेत्र की रेकी की तथा इलाके में किसी भी संदिग्ध के न होने की बात को पुख्ता करने के बाद रात को टीम वापस लौट गई।

जानकारी के अनुसार शनिवार शाम को करीब पांच बजे पुलिस को चीलगाड़ी क्षेत्र में संदिग्धों को देखे जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद तुरंत पुलिस के करीब दर्जन भर जवान मौके पर पहुंचे तथा पूरे क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी।

इसके अलावा क्षेत्र के लोगों से भी पूछताछ की गई तथा सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली गई। यहां बताते चलें कि पडोसी राज्य जम्मू कश्मीर में कुछ समय से बढ़ती आतंकी घटनाओं के चलते कांगड़ा पुलिस भी इन दिनों ऐसी किसी भी संभावना का आशंका से निपटने के लिए मैक्लोडगंज के नड्डी क्षेत्र में आतंकी घुसपैठ की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अभ्यास में जुटी हुई है। पुलिस की मैक्लोडगंज क्षेत्र में अचानक बढ़ी गतिविधियों के चलते लोगों में आतंकी घुसपैठ होने जैसी चर्चाएं भी लोगों में शुरू हो गई हैं। ऐसे में अब लोग भी ज्यादा सावधान हो गए हैं।

संदिग्ध दिखने की सूचना देने वाले व्यक्ति के अनुसार मैक्लोडगंज क्षेत्र में पुलिस के अभ्यास के चलते उसे आतंकियों के क्षेत्र में होने की चर्चा सुनने को मिली थी। इसके चलते उसे जब चीलगाड़ी क्षेत्र में संदिग्ध तरह के लोग दिखे तो उसने क्षेत्र में आतंकी होने की अफवाह सुनने के बाद यहां आतंकी होने की बात समझ कर पुलिस को सूचना दी। (अनंत ज्ञान)

### सतर्क और सावधान रहें लोग : एएसपी

**इस** बारे में जानकारी देते हुए धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि संदिग्ध दिखने की सूचना मिलने के बाद वह स्वयं मौके पर पहुंचे तथा गहन तलाश तथा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने के बाद कोई भी संदिग्ध उस लोकेशन पर नहीं दिखा जहां संदिग्ध होने की सूचना मिली थी। उन्होंने आम लोगों से आह्वान किया कि सतर्क तथा सावधान रहें, ताकि क्षेत्र में कोई असामाजिक या आतंकी घटना न हो तथा सभी सुरक्षित रहें।

# शिवनगरी बैजनाथ में आज से शुरू होंगे सावन के मेले

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



शिवनगरी बैजनाथ में सावन महीने में सामवार कापे लेगन वाले मेले 22 जुलाई से शुरू हो रहे हैं। इन मेलों के लिए मंदिर ट्रस्ट ने सभी तैयारियां कर ली हैं। इस बार कुल चार सोमवार के मेले होंगे। मेलों के दौरान मंदिर के अंदर और बाहर रास्ते में वाटर प्रूफ टेंट लगेंगे। साथ ही मंदिर के नीचे खीर गंगा घाट में रोशनी की व्यवस्था सहित महिलाओं और पुरुषों के नहाने के लिए अलग-अलग बेहतर व्यवस्था की जाएगी।

**12 अगस्त तक कुल 4 सोमवार के मेले होंगे**

सावन के मेलों में खीर गंगा घाट में स्नान करने का बहुत महत्व है। मंदिर ट्रस्ट के सदस्य मिलाप राणा, मुनीष शर्मा और मुकेश शर्मा ने बताया कि इन मेलों को लेकर तैयारियां मंदिर ट्रस्ट और प्रशासन ने शुरू कर दी हैं। इसके लिए एक बैठक भी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि ये मेले 12 अगस्त तक चलेंगे। इस दौरान मेला ग्राउंड में जहां दुकानें लगेंगी। सोमवार के दिन मंदिर के समीप ही विशाल भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। इस बार मंदिर के रास्तों और मंदिर परिसर में वाटर प्रूफ टेंट लगाया जाएगा। मंदिर के कपट सुबह 3 बजे खुल जाएंगे और सुबह 4 बजे आरती के बाद श्रद्धालु मंदिर में आराम से माथा टेक सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# गुरु पूर्णिमा पर डेरा सच्चा सौदा की संगत ने लगाईं मीठे पानी की छबीलें



डेरा सच्चा सौदा से जुड़ी साध-संगत की ओर से लगाई गई ठंडे और मीठे पानी की छबील

**अनंत ज्ञान, चचिया नगरी**

गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व रविवार को हिमाचल प्रदेश के डेरा सच्चा सौदा से जुड़ी साध-संगत की ओर से पूरी श्रद्धा भावना, उल्लास और मानवता भलाई के कार्य कर मनाया गया। इस दौरान एमएसजी डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केंद्र परम पिता शाह सतनाम सचखंड धाम चचिया नगरी सहित हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग ब्लॉकों में साध-संगत की ओर से विशेष नामचर्चा का आयोजन किया गया। नामचर्चाओं में साध-संगत ने बड़ी संख्या में भाग लिया। साध-संगत ने प्रभु भक्ति यानी नाम का सुमिरन कर और अरदास बोलकर पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां को गुरु पूर्णिमा पर्व की बधाई दी। इसके पश्चात सभी स्थानों पर ठंडे-मीठे पानी की छबील लगाकर वहां से गुजरने वाले राहगीरों की प्यास बुझाई गई। साथ ही साध-संगत की ओर से डेरा सच्चा सौदा की ओर से चलाई जा रही क्लॉथ बैंक मुहिम के तहत 221 बच्चों वस्त्र वितरित किए गए। बता दें कि डेरा सच्चा सौदा के पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की शिक्षाओं से प्रेरित होकर आज करोड़ों लोग नशे सहित अन्य सामाजिक बुराइयों को छोड़कर सुखमय जीवन व्यतीत कर रहे है तथा समाज उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं।

**जरूरतमंद 221 बच्चों को बांटे वस्त्र**

# पंचरुखी में महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अजय पाल, पंचरुखी।** पुलिस थाना पंचरुखी के अंतर्गत आती ग्राम पंचायत भरवाना के वार्ड नंबर-4 लमहेड़ में एक महिला दिव्या पत्नी नीरज ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ गई है। जब सुबह मृतका के सास-ससुर ने उसे फंदे पर झूलता देखा तो उन्होंने इसकी जानकारी मृतका के मायके वालों को दी। इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मायके पक्ष ने सुसराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हमारी लड़की ऐसी नहीं थी, जो आत्महत्या जैसा कदम उठाती। उन्होंने कहा कि उसने आत्महत्या नहीं की है उसको मारा गया है। मायके पक्ष ने पुलिस से इसकी जांच की मांग की। वहीं, थाना प्रभारी पंचरुखी ने कहा कि महिला के शव का पोस्टमार्टम करवा दिया है, रिपोर्ट आने के बाद ही आत्महत्या के असली कारणों का पता चलेगा। (अनंत ज्ञान)

# द हंस फाउंडेशन ने मलेहड़ में दी स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी



**राकेश डोगरा, डरोह**

विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की ग्राम पंचायत देवी के गांव मलेहड़ में पंचायती राज संस्था के तहत द हंस फाउंडेशन की ओर से बैठक की गई। इस दौरान संस्था की ओर से एसपीओ सुमित धीमान एमएमयू यूनिट एक भवारना ने पंचायत देवी के गांव मलेहड़ में स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे जागरूक किया। उन्होंने संस्था द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लिया व संस्था द्वारा दी जा रही निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि देवी पंचायत में यह संख्या हर महीने 8 और 20 तारीख को स्वास्थ्य शिविर लगाती है। इसमें लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। उन्होंने बताया कि यह संस्था 2009 से निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही है। स्थानीय लोगों ने संस्था द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए संस्था का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ. विशाल राणा, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सुमित धीमान, फार्मासिस्ट दुष्यंत, लेब टेक्नीशियन मनीषा, पायलट विकास कुमार मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# हेल्थ इज वेल्थ

## तेज बुखार व दस्त होने पर जल्द लें उपचार

### बरसात में बदलते मौसम में तेजी से फैलता है यह रोग

**बरसात और गर्मियों के मौसम में आंत्रशोथ रोग तेजी से पनपने लगता है। तेज बुखार और उल्टी दस्त इसकी निशानी है। यह ऐसा रोग है, जो दो से तीन दिन में मनुष्य के शरीर में पानी और जरूरी तत्वों की कमी कर देता है। अब जैसा मौसम चल रहा है, इसमें आंत्रशोथ का खतरा और भी बढ़ चुका है। ऐसे में अपने और अपने परिवार के किसी सदस्य में ऐसे लक्षण होने पर सावधान हो जाएं।**

#### क्या है आंत्रशोथ?

**आंत्रशोथ** रोग या डायरिया को दस्त के रूप में भी जाना जाता है। यह एक बीमारी है, जो आपको सामान्य की तुलना में अधिक शिथिल या अधिक मल पास करती है। पेट की आंत में सूजन और असामान्य बदलाव आ जाता है। दो से तीन दिन तक लगातार तरल मल आने का मतलब डायरिया हो सकता है। इसको गैस्ट्रोएंटेराइटिस, जिसे पेट का फ्लू भी कहा जाता है। यह माइक्रोबियल संक्रमण के कारण पेट या आंत की सूजन के कारण होता है।

#### लक्षण...

**बुखार** आने के साथ पानी की तरह दस्त एक दिन से अधिक समय तक इस बीमारी के लक्षण हैं। देखा गया है कि सामान्य परिस्थितियों में, दस्त केवल विशेष चिकित्सा उपचार की आवश्यकता के बिना 2-4 दिनों तक रहता है। हालांकि, गंभीर दस्त आपके जीवन के लिए खतरा हैं। इसके पीछे प्रमुख कारण आपके शरीर द्वारा निर्जलीकरण हो सकता है, क्योंकि इस गति से गुजरने के कारण शरीर लगातार तरल पदार्थ खो देता है। शरीर में पानी की क्षमता समाप्त हो जाती है। यह भी देखा जाता है कि कुपोषित लोगों, शिशुओं, छोटे बच्चों, कुपोषित और कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों में इस तरह के खतरनाक संक्रमण का शिकार होने का खतरा अधिक होता है। 5 साल से कम उम्र के बच्चों में डायरिया मौत का दूसरा प्रमुख कारण है। अधिकांश बच्चों को डायरिया के कारण अकाल मौत का ग्रास बनना पड़ता है। देखना चाहिए कि जिनको पानी जैसा लगातार मल आने लगे, पेट में ऐंठन या दर्द होना, मतली और उल्टी का मन करना, कुछ मामलों में बुखार हो सकता है और भूख की कमी होने लगती है। दस्त के एक-दो दिनों के बाद शरीर में पानी की कमी से कमजोरी और सुस्ती हो सकती है।



डॉ. आशीष शर्मा
शिशु रोग विशेषज्ञ

#### उपचार...

**प्रभावित** व्यक्ति को इस दौरान हर समय हाइड्रेटेड रहना पड़ता है। बहुत सारे तरल पदार्थ पीने के अलावा और कोई अच्छा विकल्प नहीं है। ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन या ओआरएस को पानी में मिलाकर खोए हुए मिनरल्स और लवणों को वापस लाने में अद्भुत काम करता है। एक सामान्य आहार को कम मसाले, नमक और चीनी से रहित रखें। दस्त वाले बच्चों के लिए, आपको उन्हें सामान्य रूप से दूध पिलाना/ स्तनपान कराना जारी रखना चाहिए। वयस्कों के लिए, दस्त का एक मामला जो एक सप्ताह से अधिक समय तक रहता है, चिंता का एक गंभीर कारण है और तुरंत चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए।

*प्रस्तुति : राजेश शर्मा, ऊना*

## डिमेंशिया से बचाव को रेगुलर एक्सरसाइज जरूरी

**यदि** अचानक से आप सब कुछ भूल जाएं, दिमाग एकदम से ब्लैंक हो जाए तो समझिए आपको डिमेंशिया हो गया है। डिमेंशिया एक गंभीर समस्या है। इसमें व्यक्ति सोचन-समझने की क्षमता खो देता है। डिमेंशिया होने की स्थिति में व्यक्ति पूरी तरह से दूसरे पर निर्भर हो जाता है। खुद से वह कुछ नहीं कर सकता। छोटी-छोटी चीजों के लिए वह दूसरों पर निर्भर रहने लगता है। पर रेगुलर एक्सरसाइज, हेल्थी डाइट और सोशल होने से इस बीमारी को कम करने में मदद मिलती है।

#### क्या है भूलने की आदत

**हेल्थ** एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता बताया कि मेमोरी लॉस ही डिमेंशिया नहीं है, बल्कि डिमेंशिया एक बहुत बड़ा टर्म है। इसके अंदर बहुत सी चीजें आती हैं। इसमें पेशेंट को भूलने की दिक्कत तो होती ही है, लेकिन इसके साथ ही डिमेंशिया पेसेंट को रास्ता भूल जाना, चेहरे पहचानने में असमर्थ होना, नाम भूल जाना, घर में किचन कहां है और बाथरूम कहां है सबकुछ भूल जाना जैसी तमाम समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है।

#### युवाओं में डिमेंशिया का प्रमुख कारण

**यंग** लोगों में यह समस्या हाइपोथाइरॉएडिज्म और विटामिन बी 12 की कमी से आती है। डिमेंशिया का पेसेंट पहले से जिस काम में निपुण था, वही नहीं कर पाता। जैसे एक महिला घर में खाना बनाती है तो उसे गैस कैसे जलानी है, सब्जी में कितनी मात्रा में मसाले डालने हैं, सब्जी कैसे काटनी है भूल जाना और कभी-कभी वह गैस जलते ही छोड़ के चली जाती है।



*डॉ. एनके गुप्ता*
*हेल्थ एक्सपर्ट*

**हेल्थी डाइट और सोशल होने की दी सलाह**

#### डिमेंशिया के प्रमुख कारण

**डॉ.** एनके गुप्ता ने बताया कि अल्जाइमर से ग्रसित पेशेंट के मस्तिष्क में प्रोटीन जमा होने लगता है। एक समय के बाद मस्तिष्क सिकुड़ने लगता है, जिससे कोशिकाएं मरने लगती हैं। अल्जाइमर रोग ही डिमेंशिया का सबसे प्रमुख कारण है। इसमें याददाश्त, सोच, व्यवहार और सामाजिक कौशल में कमी आने लगती है।

#### डिमेंशिया का इलाज

डिमेंशिया के प्रकार के अनुसार मार्केट में कई प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं। डिमेंशिया पेशेंट को हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए हेल्प करना चाहिए उन्हें रेगुलर एक्सरसाइज, हेल्थी डाइट और सोशल होने की सलाह दी जाती है।

*प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन*

## विटामिन डी का मानव शरीर में महत्व

**विश्वभर** के आहारों में संभवता विटामिन डी3 ही ऐसा न्यूट्रिएंट है जिसे काफी हल्के में लिया जाता है और अन्य खाद्य पदार्थों के मुकाबले कमतर आंका जाता है। यह शायद इसलिए भी हो सकता है, क्योंकि यह सूर्य की रोशनी के त्वचा से संपर्क होने पर मुफ्त में ही मिल जाती है। प्राकृतिक तौर पर विटामिन डी की उत्पत्ति सूर्य की प्राकृतिक रोशनी में विद्यमान अल्ट्रावायलेट किरणों के त्वचा पर संपर्क से होती है। इन अल्ट्रावायलेट किरणों के बारे में सच्चाई है कि यह किरणें धूप के साथ शीशे को नहीं लांघ सकती इसलिए घर के अंदर या छाया में इन किरणों का लाभदायक संपर्क त्वचा से नहीं हो पाता और शरीर के लिए आवश्यक विटामिन डी उचित मात्रा में नहीं मिल पाती। हमारे शरीर की संरचना ही ऐसी है कि हमें विटामिन डी की प्राप्ति के लिए धूप पर ही निर्भर रहना पड़ता है, क्योंकि सिर्फ भोजन से हमें इसकी उचित मात्रा नहीं मिल पाती। इसके साथ ही बदलते परिवेश में हमारी काम करने व रहने सोने की दिनचर्या में भारी बदलाव आया है और इस कारण धूप से हमारा सामना कम ही हो पाता है। वैसे भी सूर्य किरणों के अभाव में शरीर के लिए विटामिन डी की रोजाना आवश्यक खुराक दिन में विटामिन डी सप्लीमेंट युक्त दूध के 10 गिलास पीने से ही पूरी हो सकती है जो कि एक असंभव सी प्रक्रिया है इसलिए विटामिन डी की पूर्ति के लिए या तो भरपूर धूप स्नान किया जाए या फिर विटामिन डी की जांच करवाने के बाद निर्धारित साप्ताहिक खुराक लेना जरूरी है, जो कि चिकत्सकों की देखरेख में इंजेक्शन, सैशे और सॉफ्टजेल के रूप में आवश्यकता और सुविधानुसार दी जाती है।

*विटामिन डी इंसान को ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की कमजोरी), डिप्रेशन (अवसाद), प्रोस्टेट कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, ओवेरियन कैंसर, आंतों के कैंसर और शूगर व मोटापे के दुष्प्रभावों से बचाती है।*



*डॉ. रामस्वरूप चांद, (बीएएमएस, डीएनएनवाई)*

विटामिन डी की कमी से शरीर में मौजूद कैल्शियम आंतों द्वारा सही मात्रा में अवशोषित नहीं हो पाता जिससे हड्डियां और नर्वस सिस्टम कमजोर हो जाते हैं। हड्डियों से संबंधित रिकेट्स नामक बीमारी भी विटामिन डी की कमी के कारण ही होती है। इसकी कमी से शरीर की मांसपेशियों में ऐंठन, थकान व कमजोरी की शिकायत रहती है। विटामिन डी का प्रयोग अक्सर सोरायसिस (त्वचा रोग) और सिजोफ्रेनिआ (मानसिक बीमारी) में इलाज के तौर पर किया जाता है। कुल मिलाकर यह कह सकते हैं कि ऊपर वर्णित लक्षणों का आभास होने पर विटामिन डी का टेस्ट करवाकर ही इलाज करवाना चाहिए, क्योंकि इसकी कमी को पूरा करने में वर्षों लग जाते हैं इसलिए विटामिन डी की कमी होने पर हड़बड़ाहट में न आएं और अनुभवी चिकित्सक की देखरेख में ही इलाज करवाएं तो बेहतर है।

## टाइफाइड एक गंभीर बीमारी मेडिकल ट्रीटमेंट जरूरी

### एस. टाइफी बैक्टीरिया से फैलने वाला एक संक्रामण रोग



**टाइफाइड बुखार सालमोनेला एंटेरिका सेरोटाइप टाइफी बैक्टीरिया के कारण होने वाली गंभीर बीमारी हो सकती है। यह सालमोनेला पैराटीफी, एक संबंधित बैक्टीरिया के कारण भी हो सकता है जो नियमित रूप से हल्की बीमारी का कारण बनता है।**

**बैक्टीरिया** मानव पाचन तंत्र और ब्लड फ्लो में पनपता है। यह एक संक्रमित व्यक्ति के मल के साथ या सीधे संपर्क से व्यक्तियों के बीच फैलता है। एस. टाइफी मुंह के रास्ते शरीर में प्रवेश करता है और 1 से 3 सप्ताह तक पाचन तंत्र के भीतर ही पनपता है। टाइफाइड बुखार इन्हीं में से एक संक्रामक रोग है जो दूषित पानी या भोजन में बैक्टीरिया फैलता है। गंदा पानी, खाने को गंदा कर सकता है। बैक्टीरिया कुछ दिनों से लेकर कई हफ्तों तक पानी या सूखे सीवेज में रह सकते हैं। टाइफाइड बुखार तब होता है जब एस. बैक्टीरिया किसी व्यक्ति को बीमार कर देता है। टाइफी बैक्टीरिया एक प्रकार के कीटाणु होते हैं। भले ही आप अस्वस्थ महसूस न कर रहे हों लेकिन आप टाइफाइड के संक्रमण को अन्य स्वस्थ लोगों तक भी पहुंचा सकते हैं। टाइफाइड से मृत्यु भी हो सकती है क्योंकि यह एक गंभीर बीमारी है जिसके लिए मेडिकल ट्रीटमेंट की आवश्यकता होती है।

#### टाइफाइड बुखार के कारण

**खराब** साफ-सफाई टाइफाइड का प्रमुख कारण है। यदि आप दूषित भोजन करते हैं या दूषित पानी पीते हैं तो आपको टाइफाइड हो सकता है। दरअसल अगर आप अपनी सब्जियों को दूषित पानी से धोते है तो, माइक्रोब्स आपके शरीर में प्रवेश कर सकते हैं और आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा, टाइफाइड आपको नुकसान पहुंचाएगा यदि आप ऐसे शौचालय का उपयोग करते हैं जो पहले से ही टाइफाइड से पीड़ित किसी व्यक्ति द्वारा उपयोग किया गया था। या, यदि कोई दूसरा व्यक्ति बिना हाथ धोए आपके भोजन के संपर्क में आ जाए। संक्रमित पूल या समुद्र में तैरने से भी टाइफाइड हो सकता है। इसलिए टाइफाइड से बचने के लिए साफ-सफाई जरूरी है।

**लक्षणः** अगर इलाज नहीं किया जाए तो टाइफाइड बुखार सप्ताहों तक चलने वाले तेज बुखार से मिलता जुलता है। टाइफाइड बुखार बुरे स्वास्थ्य या कमजोरी का कारण भी बन सकता है। इस बुखार के लक्षण दूसरे सप्ताह में लगातार बिगड़ते जाते हैं।

**उपचारः** डॉक्टर यह निर्धारित करने के लिए एंटीबायोटिक देने की सलाह देते हैं कि कोई टाइफाइड बुखार से ठीक हो रहा है या नहीं। ज्यादातर मामलों में, यदि किसी बीमारी का जल्दी पता चल जाता है, तो डॉक्टर आपको बेहतर महसूस करने में मदद करने के लिए दवा लिख सकता है।

*टाइफाइड बुखार के रोगियों को उपचार प्राप्त करने के लिए अस्पताल आना चाहिए। अगर वे गंभीर रूप से बीमार हो जाते हैं तो उन्हें इंजेक्शन भी लगवाना चाहिए।*

## न्यूज ब्रीफ

### पीडब्ल्यूडी मल्टी टास्क वर्कर्स की नई कार्यकारिणी गठित



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां के साथ लगते गांव डाढ में रविवार को पीडब्ल्यूडी मल्टी टास्क वर्कर्स जिला कांगड़ा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें जवाली के आकाश कुमार को प्रधान, देहरा के मुनीश कुमार को उपप्रधान नगरोटा के शुभम को महासचिव, नगरोटा के ही गिनीश को वित्त सचिव, जवाली के अमन, धर्मशाला के सुशील कुमार व शाहपुर के अशीष कुमार को सोशल मीडिया प्रभारी चुना गया। वहीं, निखिल भारती, अश्वनी कुमार, देश राज, नेकराम, रिशव कौंडल, सहीन, निशांत, दीक्स्य को सदस्य के रूप में चुना गया। इस दौरान मल्टी टास्क वर्कर ने कहा कि उनकी सरकार से यही मांग है कि उन्हें जो 4500 रुपए सैलरी मिलती है, उससे आज के महंगाई के दौर में गुजारा करना मुश्किल हो जाता है, इसलिए उन्हें दिहाड़ीदार बनाया जाए, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।

### प्रेस ने दो पुलिस जवानों को किया सम्मानित



**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पुलिस थाना इंदौरा के दो पुलिस जवानों को पिछले दिनों हुए ब्लाइंड डकैती केस में उत्कृष्ट जांच कार्य करते हुए मात्र 5 दिन के भीतर आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने के कार्य को लेकर पत्रकारों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पत्रकार अशोक ठाकुर, मोनु ठाकुर, गुरमुख सिंह व दिनेश धीमान ने उक्त मामले के जांच अधिकारी एएसआई. पुष्पिंदर सिंह व आरक्षी विशाल चौधरी को थाना प्रभारी इंदौरा आशीष पठानिया की उपस्थिति में सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

### कम उम्र के बच्चों को न दें स्मार्ट फोन : नंद लाल



**अजय पाल, पंचरुखी।** रविवार को पुलिस थाना पंचरुखी में थाना प्रभारी नंद लाल शर्मा की अगुवाई में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग बीस पंचायतों के प्रधानों ने भाग लिया। इस शिविर का उद्देश्य ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर क्राइम वनए कानून बीएनएस, बिएनएसएस व बीएसए के बारे में सभी पंचायत प्रधानों को जानकारी उपलब्ध करवाना था। थाना प्रभारी ने सभी प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल ऑनलाइन फ्रॉड व साइबर क्राइम बहुत बढ़ गया है। फ्रॉड करने वाले बहुत शातिर होते हैं, इसलिए इनसे बचने के लिए सभी लोगों को जागरूक करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधों से बचने के लिए पंचायत स्तर पर लोगों को जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने प्रधानों को बीएनएस, बिएनएसएस व बीएसए के नए कानूनों की विस्तृत जानकारी दी तथा उनकी शक्तियों के बारे में अवगत किया। थाना प्रभारी ने कहा कि आजकल बच्चे मोबाइल का ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं। मोबाइल के जितने फायदे हैं, इसके उतने ही ज्यादा नुकसान भी हैं। कम उम्र के बच्चों पर इसका असर देखने को मिल रहा है। उन्होंने सभी अविभावकों से आग्रह किया है कि कम उम्र के बच्चों को स्मार्ट फोन न दें। अगर दिया है तो उस पर पूरी नजर रखें। थाना प्रभारी ने लोगों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने का भी आग्रह किया। (अनंत ज्ञान)

### शिब्बोथान भरमाड़ में सावन भादों माह के मेले शुरू

**अनिल छांगू, जवाली।** प्रसिद्ध ऐतिहासिक बाबा शिब्बोथान मंदिर भरमाड़ में सावन भादों माह में लगने वाले वार्षिक मेलों का आगाज हुआ। मंदिर को भव्य ढंग से सजाया गया है तथा हर तरफ रौनक ही रौनक दिखाई दे रही है। मंदिर में सुबह हवन-यज्ञ व पूजा-अर्चना की गई, तदोपरांत झंडा चढ़ाने की रस्म अदा की गई तथा इसके साथ ही मेले शुरू हो गए। मंदिर में पहले ही दिन श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं तथा श्रद्धालुओं ने बड़ी ही श्रद्धा से मंदिर में माथा टेका। मंदिर के महंत सतीश वत्स, महंत राम प्रकाश वत्स ने बताया कि यह मेले 21 जुलाई से 15 सितंबर तक चलेंगे। मंदिर में श्रद्धालुओं के ठहरने-खाने-पीने की व्यवस्था की गई है। सीसीटीवी कैमरों से हर आने-जाने वालों पर नजर रखी जा रही है। मन्दिर में सांप-बिच्छु के काटे सहित अन्य जहरीले विकारों से मुक्ति मिलती है तथा ठीक होने के बाद मंदिर में नमक व गेहूं चढ़ाई जाती है। (अनंत ज्ञान)



# सभी क्षेत्रों का संतुलित विकास करवाना प्राथमिकता : चंद्र कुमार

## कृषि मंत्री ने नगरोटा सूरियां और कोटला में सुनीं जनसमस्याएं

**संजीव महाजन, नूरपुर**

कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं का निवारण के साथ उनकी मांगों के अनुरूप सभी क्षेत्रों का संतुलित व समान विकास करवाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक संकट के बाद अब प्रदेश सरकार मजबूत स्थिति में है और विकास कार्यों को युद्धस्तर पर अमलीजामा पहनाया जाएगा। कृषि मंत्री रविवार को जवाली विधानसभा क्षेत्र के तहत नगरोटा सूरियां तथा कोटला में जनसमस्याएं सुनने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सत्ता संभालने के पश्चात कांग्रेस सरकार के समक्ष कई चुनौतियां आईं, जिनमें पिछले वर्ष बरसात में आपदा और राजनीतिक चुनौती प्रमुख थी, जिनका सामना प्रदेश सरकार ने मजबूती से सामना किया है।



जनसमस्याएं सुनते कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार।

उन्होंने कहा कि चुनौतियों के बावजूद प्रदेश सरकार ने सभी वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया है। बच्चों, महिलाओं, किसानों व बागवानों सहित प्रत्येक वर्ग के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं बनाई गई हैं, जिनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। कृषि एवं पशुपालन मंत्री ने कहा कि जब-जब कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई है, नगरोटा सूरियां क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### ग्रामीण क्षेत्रों को मिलेगी बेहतर सड़क सुविधा

चंद्र कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार में जवाली विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि 8 किलोमीटर लंबी कथोली से वनतुंगली सड़क पर 10 करोड़ रुपए तथा 7 किलोमीटर लंबी घाड़ जरोट-परगोड़ सड़क पर 7 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इन सड़कों का निर्माण एफडीआर तकनीक से किया जाएगा और इनकी उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश की इन्का कावेरी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को टेंडर अवॉर्ड किया गया है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने सॉइल टेस्टिंग कर ली है और बरसात के बाद युद्धस्तर पर इसका कार्य शुरू किया जाएगा।

# भव्य शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ जिलास्तरीय नागनी मेला

**संजीव महाजन, नूरपुर**



### उपायुक्त हेमराज बैरवा ने की शोभायात्रा की अगुवाई

श्रावण और भाद्र मास में आयोजित होने वाले प्रसिद्ध नागनी माता मेले का शुभारंभ गत दिवस शनिवार को भव्य शोभायात्रा के साथ नागनी पंचायत के भड़वार में हुआ, जिसमें उपायुक्त हेमराज बैरवा ने शोभायात्रा की अगुवाई की, जबकि पुलिस अधीक्षक अशोक रत्न इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि मेले और त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति के परिचायक होने के साथ-साथ हमारी आस्था और विश्वास के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि इन मेलों का आयोजन पिछले कई दशकों से करवाया जा रहा है और दूरदराज क्षेत्रों के लोग सारा साल यहां पर दर्शन करने के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि विरासत में मिले इन मेलों से स्थानीय लोगों की आर्थिकी को भी बल मिलता है। उन्होंने कहा कि मंदिर कमेटी द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही व्यवस्थताओं में निरंतर सुधार जारी है। उन्होंने मंदिर के सौंदर्यकरण तथा विकास के लिए नागनी मंदिर कमेटी के प्रयासों की भी सराहना की। हेमराज बैरवा ने कहा कि मंदिर के गेट के साथ फोरलेन निर्माण कार्य प्रगति पर है और बरसात के कारण यहां पानी तथा कीचड़ की वजह से जनमानस तथा दुकानदारों को असुविधा न हो इसके लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को समय रहते उचित कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए नूरपुर प्रशासन, मंदिर कमेटी तथा ग्राम पंचायत नागनी के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि उनके बेहतर तालमेल व संयुक्त प्रयासों से ही इस उत्सव का सफल आयोजन सुनिश्चित हो सका है। (अनंत ज्ञान)

## आकृति को नगर मंत्री और डॉ. मलकियत को चुना नगर अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

### एबीवीपी की सीयू इकाई धर्मशाला ने नई नगर कार्यकारिणी की गठित

सीयू धर्मशाला में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई की नई कार्यकारिणी गठित की गई। इसमें नगर मंत्री के तौर पर आकृति चौहान और नगर अध्यक्ष के तौर पर डॉ. मलकियत सिंह को चुना गया। अनामिका, गितांशु, गौरव, तुषार, चेतन व अमित राणा को नगर सह मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मुकेश, चेतन, सुनील, मिलन, वैभव मनोचा, राधे श्याम को नगर उपाध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया है। कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी सुभम को सौंपी गई। वहीं, सोशल मीडिया के लिए हर्षवर्धन और प्रियंका, स्टूडेंट फार सेवा के लिए सुजाता, अमित ठाकुर, स्टूडेंट फार डेवलपमेंट के लिए पवन, तनुज, सह संयोजक विवेक, राष्ट्रीय कला मंच के लिए मिथुन, आशीष पाल, सह संयोजक रितु, खेलो भारत से नरेंद्र, वरूण, जबकि कार्यकारिणी सदस्य में भरत और सतपाल को चुना गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुमन शर्मा और चुनाव अधिकारी के रूप में अभिषेक उपस्थित रहे।

इसके बाद पूर्व नगर मंत्री मनी शर्मा ने 2023 से 24 के कार्यकाल का मंत्री प्रतिवेदन रखा, जिसमें उन्होंने मेगा मूवी शो जैसे अनेक कार्यक्रमों की व्याख्या करते हुए बताया कि परिषद हमेशा छात्रहित और समाज हित के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करती आ रही है।

## सीएसयू में धूमधाम से मनाई गुरु पूर्णिमा

**सालबिया शर्मा, गरली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (सीएसयू) के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का सफल आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवासवरखेड़ी ने की। उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में आई आई टी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा उपस्थित रहे। उन्होंने श्रीमद्भ भगवत के व्यवहारिक पक्ष को छात्रों के सामने रखा और मोक्ष का मार्ग दिखाने वाले गुरु की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में सारस्वतातिथि के रूप में होशियारपुर स्थित साधु आश्रम से प्रो. रितु बाला उपस्थित रहीं। स्वामी परमानंद महाराज की पूजा-अर्चना से वेदव्यास परिसर पावन हुआ एवं गुरु महिमा की परंपरा का भी पालन किया गया। (अनंत ज्ञान)

# 185 पशु चिकित्सा फार्मासिस्टों के साथ सुक्खू सरकार ने किया धोखा : विश्व चक्षु

## रोजगार नहीं दे सकते तो रोजगार छीनने का भी कोई हक नहीं

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



हाल ही में पशुपालन विभाग में अनुबंध के आधार पर रखे गए 185 पशु चिकित्सा फार्मासिस्टों के नियुक्ति आदेशों को रद्द करने पर भाजपा ने सुक्खू सरकार पर हमला बोला है। जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया को-ऑर्डिनेटर व प्रदेश भाजपा के मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कहा है कि रोजगार देने के नाम पर सत्ता में आई सुक्खू सरकार रोजगार छीनने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि 185 पशु चिकित्सा फार्मासिस्टों के नियुक्ति आदेशों को मुख्यमंत्री सुक्खू ने किस मंशा के साथ रद्द किया यह स्पष्ट करें। सुक्खू अगर रोजगार दे नहीं सकते तो उन्हें रोजगार छीनने का भी कोई हक नहीं है। विश्व चक्षु ने कहा कि पहले रोजगार देने के आदेश जारी करना तथा बाद में उन्हीं अदेशों को रदद करना, इसस स्पष्ट है कि सुक्खू सरकार रोजगार देने के हक में नहीं है। सुक्खू सरकार नहीं चाहती बेरोजगारों को रोजगार मिले तथा प्रदेश से बेरोजगारी दूर हो।

सुक्खू सरकार का अब तक का कार्यकाल निराशाजनक रहा है। सत्ता में आने के बाद 5 लाख बेरोजगारों को रोजगार देने की बात करने बाली सुक्खू सरकार रोजगार विरोधी साबित हुई है। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के लाखों युवाओं से छल किया है। सुक्खू सरकार ने 185 पशु चिकित्सा फार्मासिस्टों के साथ भी मजाक किया है। सुक्खू ने पशु चिकित्सा फार्मासिस्टों को पहले रोजगार का सपना दिखाया और अगले पल ही उस सपने को अंधकार में झोंक दिया है।

विश्व चक्षु ने कहा कि हिमाचल में बेरोजगारों के सब्र का बांध अब टूटने वाला है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश से उद्योगों का भी पलायन हो रहा है, जिसके कारण भी युवाओं के हाथों से रोजगार छिन रहा है। (अनंत ज्ञान)

# बिजली उपभोक्ताओं को दी थ्री टायर शिकायत निवारण प्रणाली की जानकारी

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

हिमाचल प्रदेश स्टेट बिजली बोर्ड लिमिटेड द्वारा पब्लिक इंटरेक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत विद्युत वत्त कांगड़ा के तहत राजपूत भवन कांगड़ा में त्रैमासिक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इसमें घरेलू कृषि, विद्युत उपभोक्ताओं सहित ग्राम पंचायतों के सदस्यों सहित विद्युत बोर्ड के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।



बैठक में विद्युत बोर्ड के सलाहकार अनुराग पराशर ने सर्वप्रथम अपनी प्रस्तुति में विद्युत संबंधी उपभोक्ताओं की शिकायतों के निपटारा के लिए नियामक आयोग द्वारा निर्धारित थ्री टायर शिकायत निवारण प्रणाली के बारे जानकारी प्रदान की। विद्युत सुरक्षा में नियामक आयोग द्वारा विद्युत सुरक्षा रेगुलेशन्स की चर्चा की गई। उन्होंने नए विद्युत कनेक्शन जारी करने, अतिरिक्त विद्युत भार, अस्थायी विद्युत कनेक्शन, विद्युत मीटर के स्थानानतरण, विद्युत बिलों के भुगतान के लिए ऑललाइन व अन्य सुविधाओं की जानकारी, विद्युत बचत, अग्रीम विद्युत भुगतान, विद्युत टैरिफ, आईडीसी चार्जेज बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की।

न्होंने कहा कि सुरक्षा के प्रति सावधानी ही दुर्घटनाओं को कम करने का सबसे बेहतर उपाय है। बैठक के दौरान वरिष्ठ अधिषासिय अभियंता कांगड़ा आर्दश कुमार ने उपभोक्ताओं को बिजली के अनधिकृत प्रयोग और चोरी पर विभिन्न प्रकार की सजाओं के प्रावधान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सेक्शन 126 के अतर्गत क्षतिपूर्ति का प्रावधान है यानी बिजली के अनधिकृत प्रयोग पर भारी राशि चुकानी पड़ती है और सेक्शन 135 के अतर्गत सीधी चोरी, क्षतिपूर्ति राशि के साथ जेल की सजा का प्रावधान है। (अनंत ज्ञान)

## 5.3 ग्राम चिट्टे के साथ युवक काबू

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** कांगड़ा में 5.3 ग्राम चिट्टा रखने के आरोप में 20 वर्षीय युवक पर मामला दर्ज किया गया। कांगड़ा थाना पुलिस ने धर्मशाला के कचहरी निवासी 20 वर्षीय कबीर नामक युवक को 5.3 ग्राम चिट्टा रखने के आरोप में पकड़ा है। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि नशे के आदी कबीर को कांगड़ा पुलिस ने मानुनी पुल के पास पकड़ा है। वह कबीर पुल के पास किसी से मिलने आया था जिसके साथ वह नशीली दवा का सेवन करने और बाकी को बेचने वाला था। उसकी संदिग्ध गतिविधियों को देखकर नियमित गश्त पर निकली पुलिस पार्टी ने उसे पकड़ लिया। डीएसपी अंकित शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत थाना कांगड़ा में मामला दर्ज किया गया है। कोर्ट ने उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। (अनंत ज्ञान)

# विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम ने विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

**संजीव महाजन, नूरपुर**

### सामुदायिक भवन बड़ूखर में हुई फतेहपुर इकाई की बैठक

विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम फतेहपुर इकाई की बैठक सामुदायिक भवन, मुख्य बाजार बड़ूखर में इकाई अध्यक्ष धर्म वीर कपूर की अध्यक्षता में बैठक हुई। बड़ूखर क्षेत्र में बहुत सारे विद्युत पेंशनर्स हैं, जो अभी तक पेंशनर्स फोरम में शामिल नहीं हुए हैं, यह बैठक ऐसे पेंशनर्स को फोरम की गतिविधियों बारे अवगत कराने तथा उन्हें फोरम में शामिल होने का मौका देने के लिए आयोजित की गई है। यूनिट अध्यक्ष धर्म वीर कपूर ने अपने संबोधन में बोर्ड प्रबंधन के पास लंबित पेंशनभोगियों के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने हर कोने में रहने वाले प्रत्येक विद्युत पेंशनभोगी तक पहुंचकर पेंशनर्स फोरम को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। एचपीएसईबी कर्मचारी संघ के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन मोहल ने अपने संबोधन में बिजली बोर्ड के कर्मचारी विरोधी, पेंशनभोगी विरोधी और उपभोक्ता विरोधी प्रबंधन के कदमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्मार्ट मीटर खरीद के टेंडर को तुरंत रद्द करने पर जोर दिया क्योंकि प्रबंधन का यह कदम न केवल उपभोक्ता विरोधी है, बल्कि बिजली बोर्ड के वित्तीय स्वास्थ्य के लिए भी बहुत हानिकारक है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से इस मामले में हस्तक्षेप करने और बिजली बोर्ड प्रबंधन को कर्मचारी विरोधी, पेंशनर्स विरोधी और उपभोक्ता विरोधी फैसलों को रद्द करने का निर्देश देने का आग्रह किया। (अनंत ज्ञान)

## ढांगू पुलिस चौकी सड़क पर लोगों ने किया धरना-प्रदर्शन

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** हिमाचल प्रदेश से आने वाले क्रशर से भरे ओवरलोडेड ट्रक जो के ढांगू मार्ग पर लगातार तेज रफ्तारी के चलते दिन-रात चलते हैं उसी के खिलाफ रविवार को हिमाचल-पंजाब सीमा ढांगू मार्ग पर लोगों ने चक्का जाम कर दिया, जिसके चलते रेत व बजरी से भरे कई ट्रक खड़े हो गए। लोगों का कहना था हिमाचल प्रदेश के गांव माजरा से हर रोज सैकड़ों ओवरलोड ट्रक रात-दिन गुजरते हैं, जिसके चलते कई बार हादसे भी हो चुके है। इसकेचलते आज इन लोगों ने ट्रकों को रोककर अपना रोष प्रकट करते हुए कहा कि जब तक सरकार इनका समय नहीं बदलती तब तक यह लोग धरना-प्रदर्शन जारी रखेंगे। वहीं दूसरी ओर क्रशर उद्योग के मालिकों का कहना था कि यह सड़क नेशनल हाईवे है, जो के पठानकोट एयरपोर्ट के साथ जुड़ती है। स्थानीय लोगों के अतिक्रमण के चलते सड़क के संकीर्ण होने की वजह से इस पर आम लोगों का चलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि सड़क के दोनों तरफ किए अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाए। (अनंत ज्ञान)

## रेस्टोरेंट में घुसकर युवक को पीटा

**शुभम शर्मा, देहरा।** नलेटी-परागपुर रोड पर स्थित 7 इलेवन रेस्टोरेंट में घुसकर युवक की डंडों से पिटाई करने का मामला सामने आया है। मारपीट का शिकार हुए मुकेश सोनी की शिकायत पर देहरा पुलिस ने अरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। खबर की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी संदीप पठानिया ने बताया कि मुकेश सोनी का मेडिकल करवाया गया है। मामले में जांच चल रही है। (अनंत ज्ञान)

## राजपूत कल्याण सभा ने की बैठक

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** राजपूत कल्याण सभा हिमाचल प्रदेश की त्रिवार्षिक साधारण सभा की बैठक रविवार को कांगड़ा में महाराणा प्रताप परिसर में हुई। इसमें सर्वसम्मति से केएस चंबियाल को अध्यक्ष, राजिंद्र सिंह राणा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व विजय सिंह राजेरिया को महासचिव चुना गया है और सर्वसम्मति से इन पदाधिकारियों को कार्यकारिणी गठित करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। (अनंत ज्ञान)

# पुस्तक समीक्षा : प्रेम से ओत-प्रोत हैं 'प्रेम में होना' काव्य संग्रह की कविताएं

**'प्रेम में होना'** काव्य संग्रह राजीव कुमार त्रिगर्ती का तीसरा काव्य संग्रह है, जो कि पीपी पब्लिशिंग भारत द्वारा साहिबाबाद से प्रकाशित हुआ है। 110 पृष्ठों की इस पुस्तक में कुल मिलाकर 81 कविताएं शामिल हैं। सभी कविताएं जैसा कि पुस्तक का शीर्षक उजागर करता है 'प्रेम में होना' अर्थात समस्त कविताएं प्रेम से ही संबंधित हैं।






राजीव कुमार त्रिगर्ती

युवा कवि राजीव कुमार त्रिगर्ती पूरी तरह से प्रेम के सागर में डूबते हुए प्रतीत हो रहे हैं। हों भी भला क्यों न, प्रेम भी तो इस अवस्था में मूल जैविक आवश्कता होती है, जो अवस्था अनुसार ही पनपती है, फिर इसके बिना जीवन भी तो परिपक्व नहीं हो पाता और आगे का समस्त विकास भी तो रुक जाता है। इसीलिए प्रेम में होना लाजमी हो जाता है। इस काव्य संग्रह 'प्रेम में होना' की समस्त कविताओं को 7 श्रेणियों (1) प्यार क्या है (2) प्रेमिका से संबंधित (3) प्रेमिका के सौंदर्य से संबंधित (4) प्रेमी की नजर में प्रेमिका (प्रेमी के लिए सब कुछ वही है) (5) प्रेमी का अपने व प्रेमिका के प्रति विचार (6) प्रेमी के अपने बारे में विचार (7) कविता में प्रेमिका में रखा गया है।

कुल मिलाकर देखा जाए तो युवा कवि राजीव कुमार त्रिगर्ती की लगभग सभी कविताएं प्रेमी और प्रेमिका के पवित्र प्रेम को उजागर करती हैं। इन समस्त कविताओं में कवि द्वारा प्रेम संबंधी सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए प्रेम क्या होता है, कैसे होता है के साथ ही साथ प्रेमिका के सौंदर्य के हर पहलू को उजागर किया है। एक प्रेमी अपनी प्रेमिका के बारे में क्या सोचता है, उसका व्यवहार प्रेमिका के साथ कैसा होना चाहिए, इस संदर्भ में भी कवि की इन्हीं कविताओं को पढ़ने से बहुत कुछ ज्ञात हो जाता है। यह संग्रह जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है, जिसे इन कविताओं में बड़े सहज ढंग से प्रस्तुत होता हुआ देखा जा सकता है।

**समीक्षक : डॉ. कमल के प्यासा**



## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. पुष्पेंद्र को किसी ओहदे से नवाजे सरकार : जमील

**राज कुमार चौधरी, रंगस।** हमीरपुर में उपचुनाव में रहे कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा को प्रदेश सरकार किसी ओहदे से नबाजे। यह बात रंगस पंचायत के पूर्व उपप्रधान फांदी खान, मुस्लिम सुधार सभा कमेटी शस्त्र के सचिव जमील खान, राज कुमार आदि ने एक प्रेस बयान में कही। इनका कहना है कि डॉ. वर्मा ने इस बार जीत के मार्जिन को अपनी मेहनत के बलबूते बहुत ही कम कर दिया था। उन्होंने 14 माह हमीरपुर विस क्षेत्र में लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनीं और मुख्यमंत्री तक उन्हें पहुंचाया और हल भी करवाया। यही नहीं उन्होंने अभी इस क्रम को जारी रखा है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग की है कि डॉ. वर्मा को किसी ओदहे से नबाजें। (अनंत ज्ञान)

### शिविर में 70 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर ब्लड डोनर की ओर से ताल में एक ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में लगभग 70 लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर हमीरपुर ब्लड बैंक से कमलेश कुमार, रवि कुमार, पंकज, गोल्डी, सचिन, देवांश पटियाल दिनेश सिंह पटियाल, नवीन शर्मा, संतोष ठाकुर आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कैंप के संयोजक ने दिनेश सिंह पटियाल ने लोगों का रक्तदान करने के लिए धन्यवाद किया।

### बैडमिंटन में सानिध्य कपूर बना विजेता



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया, इसमें सानिध्य कपूर विजेता रहा, जबकि केशव ने उपविजेता का खिताब जीता। समापन मौके पर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेएन अग्निहोत्री ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्साह को बढ़ाने के लिए 5000 रुपए की राशि भी प्रदान की। उन्होंने खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी हमीरपुर का प्रतिनिधित्व करने के लिए शुभकामनाएं दीं। अगली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता अंडर-15 अंडर-17 की 25 जुलाई से 27 जुलाई तक हमीरपुर में होनी है। उसके लिए भी टीम की घोषणा की गई। रविवार के समापन समारोह में बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष सुशील सोनी, महासचिव शमी सोनी, भूतपूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी राजेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे। इस अवसर पर संघ के प्रधान और सचिव ने पिछले वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर एसजीएफआई में स्वर्ण पदक विजेता शिवांश को 5100 देकर उत्साह बढ़ाया।

### तकनीकी विवि में बीटेक की काउंसिलिंग 25 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** यहां स्थित हिमाचल टेक्निकल यूनिवर्सिटी ने नए शैक्षणिक सत्र में बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया शेड्यूल जारी किया है। 25 जुलाई से तकनीकी विवि की बीटेक की पहले चरण की काउंसिलिंग शुरू होगी। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने कहा कि पहले चरण में 25 जुलाई को जेईई मेन के आधार पर सामान्य श्रेणी सहित ऑल इंडिया कोटा, बेटी है अनमोल ईडब्ल्यूएस कश्मीरी विस्थापित व टीएफडब्ल्यू कोटे से जिन अभ्यर्थियों ने काउंसलिंग के लिए आवेदन किया है, उनकी काउंसिलिंग होगी। 26 जुलाई को ओबीसी, एससी, एसटी और इन्हीं वर्गों की उप-श्रेणियों के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी। वहीं, तकनीकी विवि द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर जिन अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग के लिए आवेदन किया है, उनकी काउंसलिंग 27 जुलाई से होगी। 27 जुलाई को सामान्य श्रेणी सहित ऑल इंडिया कोटा, बेटी है अनमोल ईडब्ल्यूएस कश्मीरी विस्थापित व टीएफडब्ल्यू कोटे से जिन अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग के लिए आवेदन किया है, उनकी काउंसलिंग होगी। 28 जुलाई को ओबीसी, एससी, एसटी और इन्हीं वर्गों की उप श्रेणियों के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी। इसके अलावा जेईई मेन और एचपीसीईटी के पहले चरण की काउंसलिंग के बाद अगर किसी संस्थान में बीटेक की सीटें खाली रहेगी, तो दूसरे चरण की काउंसिलिंग भी होगी। दूसरे चरण में जेईई मेन के आधार पर एक व दो अगस्त और एचपीसीईटी के आधार पर तीन व चार अगस्त को काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। प्रो. जयदेव ने कहा कि बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की कुल सीटें की 50 प्रतिशत सीटें जेईई मेन और 50 प्रतिशत सीटें एचपीसीईटी की मेरिट के आधार पर भरी जाती है। बीटेक की काउंसिलिंग प्रक्रिया ऑफलाइन रहेगी।

### मौनी बाबा कुटिया में धूमधाम से मनाया गया गुरुपर्व

**शशि सोनल, नादौन।** नादौन के फतेहपुर जलाड़ी में स्थित मौनी बाबा कुटिया में ब्यासोत्सव (गुरुपर्व) प्रबंध कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष प्रो. रत्न चंद शर्मा की देखरेख में धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर गुरु महिमा और विविध विषयों से अवगत करवाने हेतु सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य प्रो. हरदेव जम्वाल, डीएम साई कॉलेज कल्लर के डायरेक्टर राजेश कपिल, सोमराज शास्त्री आदि विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इन सभी ने सामूहिक गीता पाठ, हवन-यज्ञ के उपरांत विविध विषयों पर चर्चा-परिचर्चा की। संस्कृत अध्यापक नरेश मलोटिया ने मंच संचालन किया। उन्होनें बताया कि हमारे जीवन में गुरु का स्थान सर्वोत्तम है, क्योंकि गुरु ही सूर्य के समान स्वयं तपकर अपने शिष्यों को अज्ञानता के अंधेरे से निकालकर ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित करता है। (अनंत ज्ञान)

### किसानों ने जानी फसलों के उत्पादन की बारीकियां

**शशि सोनल, नादौन।** नादौन उपमंडल की पंचायत चौड़ू में किसानों के लिए एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कृषि विज्ञान केंद्र बड़ा के विशेषज्ञों द्वारा कृषकों को मक्की व नकदी फसलों बारे विस्तार से जानकारी दी। इस शिविर में करीब 35 कृषक महिला व पुरुषों ने नकदी फसलों के उत्पादन बारे प्रशिक्षण प्राप्त किया। सब्जी विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. बलवीर सिंह डोगरा, डॉ. शिव प्रताप, डॉ. दीपा शर्मा आदि उपस्थित रहे। डॉ. बलवीर सिंह डोगरा ने किसानों को वैज्ञानिक तरीके से सब्जियों की देखभाल एवं रखरखाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. छवि ने किसानों को बैंगन में लगने वाले तना व फल छेदक के बारे में बताया। प्रशिक्षण में रेखा डोगरा ने स्थानीय फलों एवं सब्जियों के मूल्यवर्धन के बारे में बताया। (अनंत ज्ञान)

# हमीरपुर के प्राइमरी व मिडल स्कूलों पर मंडराया मर्ज होने का खतरा

## शिक्षा विभाग स्कूलों की दूरी के मैपिंग कार्य में जुटा, शिक्षा उपनिदेशक ने शिक्षा निदेशालय को भेजे स्कूलों के नाम

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले में पांच से कम संख्या वाले दो दर्जन से अधिक स्कूलों पर मर्ज होने का खतरा मंडरा रहा है। शिक्षा विभाग ने संबंधित स्कूलों का डाटा शिक्षा निदेशालय को भेज दिया है, ताकि इन स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों को नजदीक के स्कूलों में मर्ज किया जा सके। ऐसे में शिक्षकों की कमी से जूझ रहे स्कूलों को भी राहत मिलेगी।

हमीरपुर जिले में पांच छात्रों की संख्या वाले 29 प्राइमरी स्कूल और चार मिडल स्कूल हैं। इन स्कूलों को पहले चरण में मर्ज करने की योजना शिक्षा विभाग बना रहा है। ऐसे में मर्ज होने वाले स्कूलों के साथ लगते स्कूलों की दूरी मैपिंग करने में शिक्षा विभाग भी जुट गया है, ताकि इन स्कूलों के स्टूडेंट्स और शिक्षकों को साथ लगते स्कूलों में शिफ्ट किया जा सके।

बताया जा रहा है कि दूसरे चरण में 10 छात्रों की संख्या वाले स्कूलों को चिन्हित किया जाएगा, ताकि शिक्षकों की कमी से जूझ रहे स्कूलों को जहां शिक्षक पढ़ाने को मिल सकें। वहीं दो से तीन छात्रों वाले स्कूलों में भी छात्रों की संख्या बढ़ सके, क्योंकि कई स्कूलों में दो-तीन छात्रों पर दो-दो टीचर, तो कहीं पर आठ से 10 संख्या वाले स्कूलों में एक टीचर छात्रों को पढ़ा रहा है। ऐसे में कहीं न कहीं छात्रों व शिक्षकों को इसका लाभ मिलने वाला है।




शिक्षा विभाग ने मर्ज होने वाले स्कूलों की दूरी मापनी शुरू कर दी है, ताकि जिन स्कूलों को मर्ज किया जा रहा है। वहां के छात्रों को स्कूल पहुंचने में ज्यादा मशक्कत न करनी पड़े। इसका भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। शिक्षा विभाग के नए आदेशों ने पांच से कम संख्या वाले स्कूलों के शिक्षकों की बेचैनी भी बढ़ा दी है, क्योंकि अब उन्हें दूसरे स्कूलों में मर्ज किया जाएगा। शिक्षा विभाग भी स्कूलों में हर वर्ष कम हो रही छात्रों की संख्या से खासा परेशान हैं, क्योंकि प्राइमरी स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ने की बजाय लगातार कम हो रही है, जो कि चिंता का विषय है। हालांकि, प्राइमरी स्कूलों में प्री-प्राइमरी कक्षाएं भी शुरू कर दी गई हैं।

फिर भी छात्रों के अभिभावक उन्हें सरकारी स्कूलों की बजाय प्राइमरी स्कूलों में ही दाखिल करवाने को तवज्जो दे रहे हैं। इसका मुख्य कारण प्री-प्राइमरी टीचरों की भर्ती न होना और प्राइमरी स्कूलों में एक-एक शिक्षक भी इसकी वजह है, क्योंकि एक टीचर पांच कक्षाओं को कब पढ़ाएगा और कब विभाग की डाक इत्यादि का काम पूरा करेगा। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक



**वहीं** प्रारंभिक शिक्षा विभाग हमीरपुर के उपनिदेशक अशोक कुमार का कहना है कि शिक्षा निदेशालय ने शून्य से पांच संख्या वाले स्कूलों का डाटा मांगा था, जिसे शिक्षा विभाग को समय पर अवगत करवा दिया गया है।

**वाह रे सरकार और तेरा अमला!**

# कब जागेंगे नेशनल हाईवे के अधिकारी?

## कई दिनों से सड़क पर पेड़ से लटका है आधा टूटे पेड़ का हिस्सा, दुर्घटना को दे रहा न्योता

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अब इसे लापरवाही कहें या फिर अधिकारियों की लापरवाही का कमाल! छोटे से लेकर बड़े अधिकारी तक इस सड़क से होकर गुजरते हैं। वह चाहे प्रशासनिक हों या फिर विभिन्न विभागों के अधिकारी।

जिम्मेदारी तो नेशनल हाईवे के अधिकारियों की है, लेकिन वे जब आंखें मूंद कर बैठे हुए हों, तो फिर उन्हें जगाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की भी कोई जिम्मेदारी बनती ही होगी? वे यदि नहीं जाग रहे, तो उन्हें जगाने के लिए सरकार का कोई नुमाइंदा ही हरकत में अपना कमाल दिखा दे।

लगता यही है कि व्यवस्था में सभी आराम फरमा रहे हैं। किसी को कोई चिंता नहीं है। हादसा होता है तो हो जाए, जिसे नुकसान होगा, हो जाए।



सड़क के ठीक मध्य में पेड़ से लटका टूटे पेड़ का हिस्सा।

किस्सा हमीरपुर-भोटा सड़क मार्ग पर डुग्गा बाजार का है। जहां पर पिछले तकरीबन तीन सप्ताह से सफेदे का एक पेड़ आधा टूट गया। इसका एक हिस्सा दूसरे पेड़ पर लटका हुआ है।

अब आंधी-तूफान जिस दिन चलेगा या फिर कोई और हरकत होगी। यह टूटा हिस्सा सड़क पर निश्चित रूप में गिरेगा। नीचे नेशनल हाईवे है और आवाजाही भी इस सड़क पर बड़ी तादाद में रहती है। टूटा पेड़ गिरा तो कोई न कोई दुर्घटना तो होगी। बस लगता है इसी की इंतजार में अधिकारी और पूरा अमला बैठा हुआ है।

हद तो इसलिए हो रही है, क्योंकि हमीरपुर जिला मुख्यालय से इसकी दूरी 3 किलोमीटर से ज्यादा नहीं है। वैसे भी हमीरपुर मुख्यमंत्री का गृह जिला है और इस तरह की लापरवाही अधिकारियों के रवैए को प्रदर्शित कर रही है। इस बाबत कई बार अधिकारियों को आगाह किया जा चुका है, लेकिन कोई भी अधिकारी हरकत में क्यों नहीं आ रहा। शायद सरकार का कोई नुमाइंदा उन्हें पूछने की अब जहमत उठाएगा? (अनंत ज्ञान)

# नागरिक कल्याण संघ ने किया पौधरोपण

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**



भोरंज के तहत वन विश्राम गृह भरेड़ी में वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ द्वारा पौधरोपण किया गया, जिसमें स्मार्ट गांव विकसित करने की दिशा में एक कदम एसबीआई शाखा में वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी और वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ सरकाघाट जिला मंडी द्वारा एक अच्छा कदम है। एसबीआई शाखा प्रबंधक आशीष शर्मा ने पौधरोपण अभियान का आयोजन किया, जिसमें मुख्यातिथि अंशुमान शर्मा प्रबंधक और ईशान अलाहवत प्रबंधक एसबीआई हमीरपुर थे और यहां वरिष्ठ नागरिकों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

एसबीआई बैंक ने 100 फल और औषधीय पौधे दान किए, साथ ही वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ सरकाघाट ने 300 औषधीय पौधे दान किए जिन्हें विभिन्न महिला मंडलों और धर्मार्थ संगठनों को वितरित किया गया। महिला मंडल गरसाहड़ का प्रतिनिधित्व अनीता ने किया, महिला मंडल धमरोल का प्रतिनिधित्व मीना शर्मा ने किया, महिला मंडल रिहड़ा का प्रतिनिधित्व कमलेश कुमारी ने किया, महिला मंडल खरिंगान का प्रतिनिधित्व कश्मीरा देवी ने किया। प्रधान अंशुमान शर्मा ने लोगों की आर्थिकी में सुधार लाने के लिए एसबीआई की विभिन्न लाभार्थी योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अनिल ठाकुर, कृष्णा, प्रकाश चौहान, जगत राम, प्रकाश शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

# पेड़-पौधों का मानव जीवन में बहुत महत्व : डॉ. गौरव



स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पौधरोपण करते हुए डॉ. गौरव ठाकुर व अन्य।

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाहू के परिसर में फलदार पौधे लगाए तथा ग्रामीणों को भी जागरूक किया गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाहू प्रभारी डॉ. गौरव ठाकुर ने कहा कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में बहुत अधिक महत्व है क्योंकि यह हमें न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं बल्कि तमाम प्रकार के फल, फूल आदि भी देते हैं। उन्होंने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा पौधरोपण के कार्य में सहयोग करके मानव जागरूकता का सराहनीय कार्य कर रहा है।

स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगाए गए पौधों की निरंतर देखभाल की जाएगी और स्थानीय लोगों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य में सेवारत दंत चिकित्सक डॉ. शवनम चौधरी, रघुवीर सिंह ठाकुर, रणजीत सिंह व बैंक के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### कॉलेजों में कक्षाएं 23 जुलाई से शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला भर के कॉलेजों ने दूसरी मेरिट लिस्ट जारी कर दी है, जो छात्र पहली मेरिट से छूट गए थे, उन्हें कॉलेज में प्रवेश मिल गया है। ऐसे में छात्र भी मनपंसद कॉलेज में एंट्री से काफी खुश नजर आए। दूसरी मेरिट लिस्ट के छात्र 22 जुलाई तक कॉलेज में एडमिशन फीस जमा करवाकर अपनी सीट पक्की करवा सकते हैं, जबकि 23 जुलाई से कॉलेजों में छात्रों की कक्षाएं शुरू हो जाएगीं। हमीरपुर जिला के कॉलेजों में दूसरी मेरिट लिस्ट शनिवार को दोपहर बाद निकाल दी गई है। ऐसे में जो छात्र पहली मेरिट से वंचित रह गए थे, उन छात्रों को दूसरी मेरिट लिस्ट में जगह मिल है।

दूसरी मेरिट लिस्ट के छात्र 22 जुलाई तक कॉलेज में एडमिशन फीस जमा करवाकर अपनी सीट पक्की करवा सकते हैं। इसके बाद भी अगर सीटें खाली रह जाती हैं, तो खाली सीटों को तीसरी मेरिट लिस्ट के आधार पर भरा जाएगा, ताकि कालेज की कोई भी सीट न रह सके।

# कारकोरम घाटी में चीनी सैनिकों की उपस्थिति भारत के लिए चिंता का विषय : जगदीश वर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पाकिस्तान द्वारा काराकोरम घाटी में चीन को भूमि देना न्याय संगत नहीं है। वहां पर चीन द्वारा आवाजाही करना, अच्छी सड़कों का निर्माण तथा दूसरे सैनिकों के आधारभूत ढांचे को बढ़ा देना, एक दिन जरूर भारत के लिए समस्या खड़ी होगी। वहां पर चीनी सैनिकों का उपस्थित रहना भारत के लिए शुभ संकेत नहीं है।

यह बात संयुक्त मोर्चा का एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा ने कारगिल विजय दिवस के रजत जयंती पर जारी एक प्रेस बयान में दौरान कही। वर्मा ने कहा कि दिल्ली तथा भारत के अन्य स्थानों में कारगिल विजय के रजत समारोह के कार्यक्रम शुरू हो चुके हैं, जिनका समापन 26 जुलाई को होगा। उनका कहना है कि जब भारत के सैनिकों ने 25 वर्ष पहले पाकिस्तान के घुसपैठियों को पीछे खदेड़ कर पूरे इलाके में अपने तिरंगे झंडों को लहरा दिया थे, ताकि भारत के जम्मू-कश्मीर तथा दूसरे इलाकों में भी कारगिल जैसी घुसपैठ की घटना दोबारा न घटे, इसके लिए सरकार ने एक कारगिल निरीक्षण कमेटी का गठन 1999 में किया था, जिसकी सिफारिशों की तरफ ध्यान देने की आज आवश्यकता है।

### एक बॉर्डर-एक सेना के सिद्धांत की तरफ ध्यान दे केंद्र सरकार



वर्मा का कहना है कि साल 1999 में चीन ने कारगिल घुसपैठ के समय हुए युद्ध में इसलिए भाग नहीं लिया था, क्योंकि उनके पास सैनिकों के आधारभूत ढांचे की कमी थी, लेकिन आज वह स्थिति नहीं है। इस ओर भारत के राजनीतिज्ञों व सुरक्षा सलाहकारों को ध्यान देने की अति आवश्यकता है कि अगर दोनों देश मिलकर कोई कदम भारत के विरुद्ध उठाते हैं, तो हमें उस स्थिति में कितना सतर्क रहना होगा तथा उस स्थिति के आने से पहले ही हमें शांतिपूर्वक तरीके से उसका समाधान ढूंढने के लिए भी प्रयत्न जारी रखना चाहिए।

साथ ही एक बॉर्डर-एक सेना के सिद्धांत की तरफ ध्यान देने की भी आवश्यकता है, क्योंकि अभी तक पाकिस्तान के बार्डर पर यह सिद्धांत लागू नहीं हो पाया है, वहां पर इंडियन-तिब्बत बॉर्डर पुलिस आदि भी सेना के साथ तैनात रहती है, जिनकी रिपोर्टिंग के कार्यालय अलग-अलग मंत्रालय के पास है। उसका भी समाधान करने के साथ-साथ हमारी रक्षा मंत्रालय तथा तीनों सहस्त्र सेनाओं के मुख्यालयों में भी आपस में तालमेल बढ़ाने होंगे, ताकि इस तरह की कोई स्थिति आने पर इसका करारा जबाव दिया जा सके। (अनंत ज्ञान)

# नादौन में हिमाचल पथ परिवहन का बस डिपो खुलने से रोजगार के साधन होंगे सृजित

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**



राजेश कुमार पिंका



सुरिंद्र ठाकुर सुन्नी



प्रवीण चौधरी



डॉ. मोहन लाल कौडल

प्रदेश सरकार द्वारा नादौन में एचआरटीसी का डिपो खोलने की अधिसूचना जारी होने से नादौन विधानसभा क्षेत्र के लोगों एवं बुद्धिजीवी वर्ग में काफी खुशी की लहर हैं।

लोगों का कहना हैं की नादौन विधानसभा क्षेत्र नादौन में एचआरटीसी का सब डिपो खोलने की काफी समय से मांग की जा रही थी, लेकिन मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा नादौन में डिपो खोलने की अधिसूचना जारी करके न केवल नादौन विधानसभा क्षेत्र के लोगों को एक बहुत बड़ी सौगात दी हैं बल्कि विपक्ष के नेता जो आए दिन ये बातें करते रहते थे कि मुख्यमंत्री सुक्खू अपने डेढ़ साल के कार्यकाल में नादौन विधानसभा क्षेत्र के लिए कोई बड़ी सौगात आज दिन तक नहीं दें पाए हैं, जिससे बेरोजगारों के लिए रोजगार के साधन सृजित हो सकें। इस अधिसूचना को जारी करके मुख्यमंत्री सुक्खू ने उनके मुंह को भी बंद कर दिया है।

यह अलग बात हैं कि नादौन में 100 करोड़ कि लागत से बनने वाला वाटर स्पोर्ट सेंटर, टूरिज्म होटल, नादौन के खरीड़ी मैदान में बन रहे इनडोर स्टेडियम के कार्य भी वर्तमान समय में प्रगति पर है। 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद जब क्षेत्र के कुछ गणमान्य व्यक्तियों से बात करके उनके विचार जानने का प्रयास किया तो जिला बीस सूत्रीय कार्यक्रम के जिला सदस्य राजेश कुमार पिंका का कहना है कि मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा नादौन विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए यह बहुत बड़ी सौगात दी है एवं लोगों की काफी लंबे समय से चली आ रही इस मांग को पूरा किया हैं। क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उधमी सुरिंद्र ठाकुर सुन्नी का कहना है कि नादौन में एचआरटीसी का बस डिपो खुलने से यहां बेरोजगारों के लिए रोजगार के साधन सृजित होंगे एवं यह क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित होगा।

पंचायत बड़ा के पूर्व वार्ड प्रतिनिधि प्रवीण चौधरी ने कहा कि नादौन में बस डिपो खुलने से लोगों को दूरदराज स्थानों को जाने में काफी सहूलियत होगी। वहीं इस बारे में कांग्रेस के पूर्व मंडलाध्यक्ष एवं बड़ा जोन के कांग्रेस प्रभारी डॉ. मोहन लाल कौंडल का कहना है कि नादौन में बस डिपो खुलने से यह नादौन में विकास की गति को ओर अधिक बढ़ावा देगा एवम स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के साधन भी सृजित होंगे। (अनंत ज्ञान)

**आंदोलन** करीब 6 दर्जन अभ्यर्थी अनशन पर बैठे रहे, रिजल्ट घोषित होने तक जारी रहेगा आंदोलन

# जेओए अभ्यर्थियों का क्रमिक अनशन जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर के पक्का भरो के पास स्थित राज्य चयन आयोग के समक्ष जेओए के अभ्यर्थी रविवार को भीषण गर्मी के बीच भी क्रमिक अनशन पर बैठे रहे। उनके आंदोलन का यह तीसरा दिन था। उनका कहना है कि राज्य चयन आयोग जब तक उनका रिजल्ट घोषित नहीं करता और विभिन्न विभागों में उनकी तैनाती का ऐलान नहीं हो जाता, तब तक वे अब आयोग के कार्यालय के ठीक बाहर से उठने वाले नहीं हैं।

उधर, आयोग के मुख्य प्रशासक डॉ. आरके पुरुथी पहले ही कह चुके हैं कि रिजल्ट तैयार किया जा रहा है। इसके तकनीकी पहलू में कोई कमी न रहे, उसकी जांच का काम जारी है और एक सप्ताह के भीतर यह घोषित कर दिया जाएगा। प्रदेश भर से यहां जुटे अभ्यर्थियों को शायद आयोग के इस आश्वासन पर विश्वास नहीं है। इसीलिए वे अब तंबू गाड़ कर यहां दो दिनों से बैठे हुए हैं, ताकि अभी नहीं तो कभी नहीं, की लड़ाई लड़ सकें। (अनंत ज्ञान)



तंबू गाड़ कर भीतर गर्मी और उमस में बैठे प्रदेश भर के अभ्यर्थी।

### 5000 युवाओं को है रिजल्ट का इंतजार

दिलचस्प किया है की तकरीबन 5000 युवाओं को इस रिजल्ट का इंतजार है। 1867 सिम राज्य के अलग-अलग विभागों में जेओए की भर्ती के तहत भरी जानी हैं। अभ्यर्थी तकरीबन साढ़े तीन साल से नौकरी की इंतजार में है। 21 मार्च 2021 को उन्होंने इस वर्ग की परीक्षा दी थी। उसके बाद लंबा समय बीत गया। नौकरी की इंतजार में अभ्यर्थियों और उनके परिजनों की आंखें पथरा सी गई हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला हिप्पा में लगाया तीन दिन का प्रशिक्षण शिविर



**भरमौर।** झोंलग फाउंडेशन संस्था भरमौर के अध्यक्ष शिशु कुमार ने हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक संस्थान(हिप्पा) फेयरलॉज शिमला में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। 18 जुलाई से 3 दिन तक चलने वाले इस शिविर में आपदा जोखिम में कमी के बारे में प्रशिक्षण लिया गया। झोंलग फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष शिशु कुमार ने कहा है इस शिवर के दौरान फाउंडेशन को बहुत कुछ सीखने को मिला। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भरमौर के सभी ब्लॉक पंचायत वह गांव लेवल पर शुरू करने का भरसक प्रयास किया जाएगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष शिशु कुमार ने कहा है कि उन्हें इस अभियान के सफल संचालन के लिए सभी क्षेत्रवासियों व ग्रामीणों के भरपूर सहयोग की आवश्यकता रहेगी। ब्लॉक स्तर पर यह अभियान सफल होगा तो आपदा के समय में लोगों को अधिक से अधिक नुकसान से बचाया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### गणपति सेवा युवा मंडल की बैठक संपन्न



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में रविवार को गणपति सेवा युवा मंडल की बैठक प्रधान सचिन सूद की अध्यक्षा में सम्पन्न हुई। इस बैठक में निर्णय लिया गया की हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी 15 वां गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा और इस बार इको-फ्रेंडली मुंबई से बप्पा की मूर्ति मंगवाई जाएगी और मूर्ति में रंग भी प्राकृतिक होगा जिसमें पर्यावरण को कोई नुकसान न हो जानकारी देते हुए गणपति सेवा युवा मंडल के अध्यक्ष सचिन सूद ने बताया कि इस बार गणपति पंडाल भी बाहर से आए कलाकारों के द्वारा बनाया जाएगा

इसके अलावा उन्होंने बताया कि इस बार गणेश उत्सव 7 सितंबर से 17 सितंबर तक मनाया जाएगा और इस बार गणेश उत्सव में लोकल गायकों के साथ बाहर से भी गायक अपने भजनों से जोगिंद्रनगर वासियों का मन जीतेंगे। और इसके साथ-साथ सितंबर को पहले झांकियां निकल जाएगी उसके बाद मूर्ति स्थापना की जाएगी और विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

# कुंजडी मल्हार लोकगीत के बिना अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला अधूरा

**एमएम डैनियल, चंबा**

मिंजर सांस्कृतिक संध्या से लेकर पडोसी मुल्क में भी कुंजडी मल्हार लोकगीत प्रसिद्ध है। जिसके चलते यह कहना गलत नहीं होगा कि बिना कुंजडी मल्हार लोकगीत के मिंजर मेला एकदम अधूरा है। जिसका उदाहरण मिंजर मेला प्रारंभ से लेकर समापन तक एक ही लोकगीत गाया जा रहा है। जिसका मेले में अन्य लोकगीतों के मुकाबले में महत्व कई गुणा अधिक है।

चंबा की समृद्ध संस्कृति में ऋतु विशेष संबंधित गीतों की परंपरा विद्यमान है। जिला चंबा का यह परंपारिक मेला जो कि अब अंतरराष्ट्रीयख्याति तक पा चुका है उसका आगाज 28 जुलाई से हो रहा है, जिसमें शिरकत करने हसरत को लेकर विदेश-स्वदेश के श्रोता बेसब्री से टकटकी लगाए बैठें है।

गौर हो कि चंबा में हर ऋतु, पर्व, त्यौहार व मेलो के लिए संगीत का इतिहास सर्वविदित है। चंबा के पारंपरिक गायन में कुंजडी मल्हार अपना एक विशेष ध्यान रखता है। कुंजडी मल्हार गायन मिंजर मेला आगमन पर प्रतीत है। श्रावण माह में फसलों के पकने पर मिंजर मेला लोगों के उत्साह को जागृत करता है। कुंजडी मल्हार गीत से ही मिंजर मेले का शुभारंभ होता है। उड़ा मेरियों कुंजड़ीयों जैसे शुद्ध रागों पर आधारित मल्हारों की स्वर लहरीयां चंबा के मेले वातावरण को संगीतमय बना देती है। तब यह अहसास होता है कि मिंजर मेले का आगाज हो चुका है। सांस्कृतिक संध्या के कार्यक्रम में जहां युवा वर्ग में पंजाबी, पश्चिमी, संगीत के नशे का शुमार रहता है। वहीं कई बुजुर्ग व मध्यवर्ग आयु के लोग सांस्कृतिक संध्या में विशेष रूप से कुंजडी मल्हार गीत को सुनने के लिए श्रोता सांस्कृतिक पंडाल में



**28 से होगा अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले का आगाज**

भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज करवाते है। इसी तरह पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में भी बसे भारतीय चंबा वासियों द्वारा लाहौर में भी चंबा से ल जाई गई सीडी, डीवीडी व अन्य वीडियो एवं ओडियो एलबम को जुलाई के अंतिम सप्ताह में चंबा की भांति चंबा हाऊस में कार्यक्रम आयोजित करते थे।

जहां कुंजडी मल्हार संगीत का आनंद उठाने सहित चंबा की याद में आंसुओं को बहा अपने बीते लम्हों को याद किया जाता है। जोकि किसी अंतरराष्ट्रीय पर्व मिंजर मेले की मूल पहचान को विख्यात करता है,जोकि जिला चंबा के प्राचीन मेले के लिए गर्व की बात है।(अनंत ज्ञान)

## बनीखेत में ताले तोड़ने वाला चोर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बनीखेत।** चोरी की वारदातों ने बनीखेत को सुर्खियों में लाकर खड़ा कर दिया था, लेकिन 24 घंटे के भीतर की पुलिस ने इन सभी वारदातों को अंजाम देने वाले चोर का पता लगाने में सफलता हासिल कर चोर को सलाखों के पीछे धकेल दिया और क्षेत्र में पुलिस पर उठ रहे सभी सवालों पर अंकुश लगा दिया।

बता दें कि 10 जुलाई को बीपीएस स्कूल के पास दिन-दिहाड़े एक घर में ताला तोड़कर चोरों ने 65 हजार के आभूषण एवं नगदी पर अपना हाथ साफ किया था। तो वही दो दिन हुए वार्ड नंबर 4 में 3 घरों के ताले टूटे तो वहीं इसी दिन ज्वाला माता चौक के पास एक बैंक कर्मी के घर भी ताला तोड़कर घर में रखा सारा सामान तलाशा गया। लेकिन वार्ड नंबर 4 के अरुण कुमार के घर में नगदी चुरा ली गई तो वहीं इसी वार्ड के महंत रूपा के घर में भारी मात्रा में नगदी एवं जब रातों पर अपना हाथ साफ किया। इस सारी वारदात को अंजाम देने वाले चोर को जिला मुख्यालय से पड़कर सलाखों के पीछे करने में सफलता हासिल कर ली है। पुलिस ने सूत्रों को एक्टिव किया गया तथा स्थानीय बाजार तथा आसपास के घरों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल गए तथा लोकेशन को खंगालते हुए जिला मुख्यालय से पकड़ने में सफलता हासिल की है।

## सब्जी से भरी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त चालक और सहायक गंभीर घायल

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



पुलिस थाना डलहौजी के अंतर्गत गांव गंडियार (छाना मोड़) के पास एक सब्जी से लदी महिंद्रा पिकअप के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने का मामला प्रकाश में आया है।

जानकारी अनुसार यह सारा मामला बीते कल दोपहर करीब ढाई बजे का है जब एक महिंद्रा पिकअप एचपी73- 9411 पठानकोट से सब्जी लादकर तेलका की और जा रही थी इसी बीच गाड़ी जब गंडियार छाना मोड़ के पास पहुंची तो गाड़ी चला रहा 19 वर्षीय मोहम्मदसमी पुत्र रमजान मोहम्मद निवासी चिंयाड़ डाकघर मोडा तहसील सलूणी ने गाड़ी पर से अपना नियंत्रण खो दिया और गाड़ी पैराफिट तोड़ती हुई नीचे तीन सौ फिट गहरी खाई में जा गिरी जिसमें सवार अन्य सहायक चालक 20 वर्षीय रोहित कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी गांव धनेड़ डाक डाकघर सालवां तहसील सलूणी जिला चंबा भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

इस दुर्घटना का पता चलते ही स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायल चालक एवं सहायक चालक को सुरक्षित मुख्य मार्ग तक पहुंचाया तथा पुलिस को सारे इस मामले हेतु सूचित किया। स्थानीय पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को नागरिक अस्पताल बाथरी पहुंचाया जहां डॉक्टर ने दोनों घायलों की स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया गया तो वहीं पुलिस ने बीएनएस के तहत धारा 281 एवं 125ए के तहत पुलिस थाना डलहौजी में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

वहीं सब्जी के मालिक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनकी लगभग पचास हजार रूपए की सब्जी का नुकसान हो चुका है। इस सारे मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव द्वारा की गई है।

## एनडीआरएफ टीम ने आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

एनडीआरएफ नूरपुर ने बलजिंदर सिंह 'सेनानी' 14 वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के दिशा-निर्देशन में आपदा जोखीम न्यूनीकरण हेतु विभिन्न संस्थानों और हित धारकों को सशक्त बनाने के लिए वृहद पैमाने पर मॉक अभ्यास, क्षमता निर्माण कार्यक्रम व जन जागरुकता के अभियान चला रही है तथा शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव हेतु स्कूलों में स्कूल सुरक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

इसी कड़ी में रविवार को निरीक्षक सुशील कुमार की अगुवाई में सरोल, चंबा में आपदा मित्र और युवा स्वयं सेवकों को एनडीआरएफ की टीम द्वारा आपदा



एनडीआरएफ की टीम प्रशिक्षण देती हुई।

प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया।

एनडीआरएफ के प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा रोप रेस्क्यू के दौरान काम आने वाली गांठ का अभ्यास और उसका उपयोग, हिच का अभ्यास और उसका उपयोग, सीलिंग से सीट हार्नेस बनाने के तरीका, सर्प दंश होने पर क्या करें,क्या नहीं करें, भूकम्प के दौरान क्या करें, क्या नहीं करें तथा सीबीआरएन एमरजेंसी के बारे में जानकारी आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## एचआईवी एड्स बीमारी से जागरूकता ही एकमात्र बचाव

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बालू चंबा में महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण शिविर में जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी ने अपने अभिवादन में कहा कि एड्स कंट्रोल सोसायटी चंबा द्वारा किए जा रहे कार्य के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि एचआईवी एड्स एक लाइलाज बीमारी है तथा इसका बचाव एकमात्र जागरूकता ही है । उन्होंने इस बीमारी के लक्षण और बचाव तथा फैलने के कारणों के बारे में जानकारी दी ।उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति को समय-समय पर अपने स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए। सभी व्यक्ति को स्वेच्छापूर्वक रुप से अपनी एचआईवी की जांच करवानी चाहिए। अभी तक जिले मे गर्भवती स्त्रियों की एचआईवी जांच विशेष रूप से की जाती है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर आईसीटीसी चंबा, भरमौर, किहार और चुवाड़ी में एचआईवी की जांच निशुल्क करवा सकते हैं, जिसकी जानकारी विभाग द्वारा गोपनीय रखी जाती है ।

## आत्मा परमात्मा का है अंश : महात्मा अरुण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में महात्मा अरुण महाजन की अध्यक्षता में सत्संग का आयोजन किया गया। इस मौके पर दूर-दराज के क्षेत्रों से आए श्रद्धालु भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से किया गया, इसके पश्चात साहो, जडेरा, धरवाला, राख, जांगाी भद्रम कई गांवों, क्षेत्रों से आए विभिन्न संतों ने सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज जी की शिक्षाओं को अपने भजनों व विचारों द्वारा प्रकट किया।

वहीं मंच पर विराजमान महात्मा अरुण महाजन ने अपने सार-गर्भित प्रवचनों से सत्संग को भाव-विभौर करते हुए कहा कि हमारी आत्मा परमात्मा का अंश है, आत्मा ने अपने मूल को जनना है, अगर आत्मा ने अपने मूल को नहीं जाना तो भटकन बनी रहती है। परमात्मा के बारे में हम जितना भी पढ़ते सुनते चले जाएं बात बनने वाली नहीं है,



जब तक सार को नहीं जाना सार को नहीं पकड़ा तब तक मनुष्य के जीवन में उतावलापन रहता है, उसके जीवन का रूप कैसा बनता चला जाता है इसलिए महापुर्षो सन्तजनों ने यही संदेश पहले भी दिए हैं, और आज भी यही संदेश दिया जा रहा है, और इस परमात्मा के साथ नाता जोड़ने की एहमियत बताई जा रही है कि संतों-महात्माओं का संग ही हमारे लिए साधन बनता है ।इस प्रकार के परमात्मा की जानकारी जब मनुष्य को गुरु कृपा से हासिल होती है तब उसका जीवन परमात्मा के साथ जुड़ कर सहज बन जाता है, ओर वह अपना लोक सुखी और परलोक सुहेला करता चला जाता है।

इस मौके पर निरंकारी मिशन ब्रांच चंबा सेवादार एवं मीडिया सहयोगी विनोद कुमार सहित पंचायत करियां, गागला वार्ड हरदासपुरा मुगला जुलाकड़ी धड़ोग सहित कई क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

## गुरुद्वारा सिंह सभा जोगिंद्रनगर ने धूमधाम से मनाया प्रकाश पर्व

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

गुरुद्वारा श्री सिंह सभा जोगिंद्रनगर ने गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर रविवार को प्रकाश पर्व बड़े धूमधाम से मनाया।

इस मौके पर गुरुद्वारा साहिब को विशेष रूप से सजाया गया और लंगर का आयोजन किया गया। 8 वर्ष पूर्व गुरु पूर्णिमा पर गुरुद्वारा साहिब के नए हाल में गुरु महाराज जी का प्रकाश किया गया था। तभी से हर वर्ष गुरु पूर्णिमा पर प्रकाश पर्व मनाया जाता है। प्रकाश पर्व के मौके पर गुरुद्वारा साहिब में संगत पाठ तथा कीर्तन का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालु गुरुद्वारा पहुंचने शुरू हो गए। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ किया तथा रागी जत्थों द्वारा गुरु की अमृतवाणी से सभी को निहाल किया ।इस दौरान गुरुद्वारा श्री सिंह सभा के मुख्य ग्रंथी बाबा सेवा सिंह ने गुरु की महिमा का बखान किया।

उन्होंने गुरुवाणी के माध्यम से सभी को गुरु द्वारा बताए मार्ग पर चलने की अपील की ।गुरुद्वारा में गुरु का लंगर का भी आयोजन किया गया था। इस अवसर पर प्रधान गुरप्रीत सिंह, सचिव सरदार इकबाल सिंह, सह सचिव जगजीत सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।( अनंत ज्ञान)

## बनीखेत में करवाया बहुभाषी कवि सम्मेलन

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

क्षेत्र की अग्रणी समाजसेवी संस्था आवाज ने बनीखेत में एक बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन किया। इस में संस्था के निदेशक सुभाष साहिल मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ट साहित्यकार केवल भारती ने की। जबकि अराजपत्रित कर्मचारी संघ के खंड अध्यक्ष दीपक भगवालिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सबसे पहले मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का आगाज हुआ।

स्वर्गीय निर्मला देवी को इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि दी और आवाज़ के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात बहुभाषी कार्यक्रम का




कवि सम्मेलन के दौरान मौजूद गणमान्य।

आयोजन हुआ। इस में उपस्थित सभी कवियों ने एक से बढ़कर एक रचना सुनाई। इस अवसर पर सुभाष साहिल, केवल भारती, फिरोज के रोज, दिनेश ठाकुर, पंडित अनिल वशिष्ठ, शाम अजनबी , ओम आजाद, गुरचरण सिंह, मंजू भगवालिया, विद्या देवी के साथ नवोदित साहित्यकार काव्य, प्रिया ,दक्ष और अनाया उपस्थित रहे।

मंच संचालन जगजीत आजाद ने किया। आने वाले समय में नशे से युवा पीढ़ी को बचाने के लिए आवाज के द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। वंचित बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए भी आवाज द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिये 2100 रूपए की धनराशि भी दी गई। (अनंत ज्ञान)

## डेंगू के मामले 200 पार, स्वास्थ्य विभाग चिंतित

**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन में लगातार डेंगू के मामले बढ़ते जा रहे हैं अभी तक डेंगू के मामले 200 का आंकड़ा पार कर चुके हैं। एक बार फिर 40 मामले डेंगू के एक साथ सामने आए हैं। यह अधिकतर मामले डेंगू के नाहन के अमरपुर मोहल्ला से देखने को मिल रहे हैं।

इतनी बड़ी संख्या में एक स्थान से डेंगू के मामले सामने आने के बाद विभाग की चिंताएं बढ़ी हैं। सीएमओ डॉ. अजय पाठक ने बताया कि लगातार डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। अभी तक डेंगू के 200 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं बीते दो दिनों में 40 मामले डेंगू के पाए गए हैं यहां अधिकतर मामले नाहन के अमरपुर मोहल्ला से सामने आ रहे हैं, जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है।

## साइबर क्राइम से बचने के लिए पुलिस ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**अनंत ज्ञान, मंडी**

अगर आप भी साइबर क्राइम की शिकार हुए हैं तो तुरंत टोल फ्री नंबर 1930 पर अपनी शिकायत पुलिस के पास भेज सकते हैं। जिला मंडी में बढ़ते साइबर क्राइम को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने एक बार फिर लोगों को अलर्ट किया है। पुलिस का कहना है कि लोगों को साइबर क्राइम के प्रति सावधानी बरतनी होगी अन्यथा उनके साथ ठगी की घटनाएं होती रहेंगी।

जिला मंडी में लगातार साइबर क्राइम के मामले बढ़ रहे हैं और उनमें मानवीय भूलें ज्यादातर पाई जा रही हैं जिसके चलते साइबर अपराधी लोगों को ठगने में कामयाब हो रहे हैं। जिला पुलिस ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा है कि वे सावधानी बरतें किसी भी फेक मैसेज पर उसका जवाब न दें और यदि फेक मैसेज पर कोई संदेह पैदा होता है तो पुलिस को इसकी तुरंत सूचना दें।

साइबर अपराधी नया रास्ता हर बार निकालते हैं और भी नए रास्तों से ही लोगों को बेवकूफ बनाकर पैसे ठग लेते हैं। साइबर अपराधियों के लिए केवाईसी भी एक उनमें से एक माध्यम है। बैंक किसी को भी केवाईसी के लिए कोई मैसेज नहीं भेजता है। यह सभी मैसेज साइबर अपराधियों द्वारा भेजे जाते हैं। लोग फेक मैसेज को पहचाने और उनकी पुलिस के पास शिकायत करें।

### सूडोकु 0003 (★★★★ कठिन)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0002 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## छपोटी का मेला धूमधाम से हुआ संपन्न



छपोटी मेले के समापन पर मेले में पहुंचे भारी संख्या में मंडलगढ़ क्षेत्र के लोग।

**दशमी रावत, रोहड़ू**

बंच्छूछ के सुप्रसिद्ध देवता महाराजा बौंद्रा का मेला रविवार को छपोटी मैदान में हर साल की तरह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस मौके पर हिंदू वाहिनी रोहडू के प्रमुख विल्सन झामटा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। हर साल की तरह इस बार भी उन्होंने मेला कमेटी को अपनी ओर से 1 लाख रुपए की नगद धनराशि भेंट की।

वहीं रोहडू उपमंडल के बंच्छूछ में स्थित देवता बौंद्रा साहब का छपोटी पहुंचने पर क्षेत्र के लोगों ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। वहीं ढोल की ताल पर देवता साहब ने काफी समय तक खुशी से झूमते हुए लोगों का अभिवादन किया। जिसके बाद 5 सावण मास से 25 भादो तक देवता साहब बौंद्रा अपने 7 लंबरदारी के दौरे पर निकल जाएंगे। इस दौरान गांव -गांव में अब देवता साहब के आगमन पर मेले भी आयोजित होंगे।

धारा गांव में इस दौरान देवता साहब से लोगों ने बारिश लगाने के लिए गुहार लगाई थी ।देवता साहब ने लोगों को जल्द ही बारिश लगने का आश्वासन भी दिया। जिसके बाद दूसरे दिन जमकर बारिश भी हुई। ऐसे भी सावन के पहले इस मेले में हर साल बारिश होती है। लेकिन काफी समय से मौसम की बेरुखी के चलते लोगों ने उम्मीद छोड़ दी थी। देवता साहब बौंद्रा के मोहतमीन भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि देवता साहब बौंद्रा के आशिर्वाद से सब ठीक हो जाएगा। बारिश के लिए भी बार बार देवता साहब के आगे अरदास लगाई जा रही थी और अच्छी बारिश भी हुई। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

22 जुलाई, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** प्रतिपदाः (1:13) : **नक्षत्र :** श्रवणा (10:21), **पक्ष :** कृष्ण, **योगः** प्रीति (05:57) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:00-12:54), **राहुकाल** (7:19 -9:02 ।

### विशेष दिन

- 22 जुलाई 2024 : अशून्य शयन शुरू।
- 22 जुलाई 2024 : वन सोमवार व्रत आज से।

**मेषः** मानसिक शान्ति के लिए किसी दान-पुण्य के काम में सहभागिता करें। मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा।

**वृषभः** दिन फ़ायदेमंद साबित होगा और आप किसी पुरानी बीमारी में काफी आराम महसूस करेंगे। बर्ताव में उदार बनें और परिवार के साथ प्यार भरे लम्हे गुज़ारें।

**मिथुनः** आपके मन में जल्दी पैसे कमाने की तीव्र इच्छा पैसा होगी। विवाद, मतभेद और दूसरों की आपमें कमियां निकालने की आदत को नजर-अंदाज करें।

**कर्कः** खुश हो जाएँ क्योंकि अच्छा समय आने वाला है और आप स्वयं में अतिरिक्त ऊर्जा का अनुभव करेंगे। आपके पास आज पैसा भी पर्याप्त मात्रा में होगा ।

**सिंहः** संत पुरुष का आशीर्वाद शांति प्रदान करेगा। दोस्त आपके निजी जीवन में जरूरत से ज़्यादा दखलअंदाजी करेंगे। कार्यक्षेत्र में आवश्यकता से अधिक बोलने से बचना चाहिए।

**कन्याः** आपका प्रबल आत्मविश्वास और आज के दिन का आसान कामकाज मिलकर आपको आराम के लिए काफ़ी वक़्त देंगे।

**तुलाः** परिवार को पर्याप्त समय दें। उनके साथ अच्छा वक्त बिताएं और शिकायत करने का मौक़ा न दें। दोस्त से लम्बे समय बाद मिलने का खयाल दिल की धड़कन को बढ़ा सकता है।

**वृश्चिकः** दोस्त की बेरुख़ी आपको नाराज़ करेगी। लेकिन ख़ुद को शांत रखें। इस बात को परेशानी न बनने दें और इससे बचने की कोशिश करें।

**धनु :** दोस्त या सहकर्मी का स्वार्थी बर्ताव आपका मानसिक सुकून ख़त्म कर सकता है। कार्यक्षेत्र में दिल लगाने से बचें नहीं तो आपकी बदनामी हो सकती है।

**मकरः** खाते-पीते वक्त लापरवाही बीमारी की वजह बन सकती है। धन उधार मांगने आ सकता है, उधार देने से पहले उनकी विश्वसनीयता अवश्य जांच लें नहीं तो धन हानि हो सकती है।

**कुंभः** जीवन-साथी का प्यारा बर्ताव आपका दिन ख़ुशनुमा बना सकता है। जल्दबाज़ी में निवेश न करें- अगर आप सभी मुमकिन कोणों से परखेंगे नहीं तो नुक़सान हो सकता है।

**मीनः** पैसे की अहमियत को आप अच्छे से जानते हैं इसलिए आज के दिन आपके द्वारा बचाया गया धन आपके बहुत काम आ सकता है ।

## सरकाघाट अस्पताल में डॉक्टरों के पद खाली

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

मंडी जिला के सरकाघाट उपमंडल मुख्यालय में स्थित सिविल अस्पताल में डॉक्टर के आधे दर्जन से ज्यादा पद खाली होने की वजह से मरीजों व उनके सहायकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस अस्पताल में डॉक्टरों की कमी के चलते दूर दराज के क्षेत्र से आए हुए लोगों को अपनी बारी आने का घंटों तक इंतजार करना पड़ता है या फिर बड़े दूसरे शहरों की ओर रुख करना पड़ता है इस कारण उनका समय व पैसा दोनों बर्बाद होता है।

जिस कारण लोगों में सरकार व विभाग के प्रति रोष व्याप्त है लोग खाली चले पदो को भरने के लिए सरकार और विभाग से कई



बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उनकी इस मांग पर अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई सरकाघाट सिविल हॉस्पिटल चार विधानसभा क्षेत्रों जोगिंदरनगर, धर्मपुर, सरकाघाट व भोरंज के हजारों लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाता है। लोगों में ओम प्रकाश, रोशन लाल, प्रताप सिंह, प्रेम सिंह, नरेश कुमार, सोमा देवी, शशि वाला, सुमन देवी, मीरा देवी, मीना देवी, शकुंतला कुमारी आदि ने प्रदेश सरकार व विभाग से लंबे समय से चले हुए रिक्त पदों को भरने व यहां पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति करने की गुहार लगाई है।

डॉक्टर देश राज शर्मा ने कहा कि रिक्त चले हुए पदों को भरने के लिए सरकार व विभाग को जानकारी दे दी गई है ।(अनंत ज्ञान)

> विभाग व सरकार के ध्यान में सरकाघाट अस्पताल में खाली पदों का मामला है जब भी नए डॉक्टरों की नियुक्ति होगी तो सरकाघाट हॉस्पिटल में रिक्त पदों के साथ-साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों की भी नियुक्ति की जाएगी।
> **डॉ. नरेंद्र भारद्वाज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी।**


**कार्यालय ग्राम पंचायत उलांसा**
**विकास खंड भरमौर , जिला चंबा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उलांसा में सभी मदों के अंतर्गत विकास कार्यों के लिए प्रयोग की जाने वाली सामग्री खरीद व साइड पर पहुंचाने के लिए सरकारी ठेकेदारों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

1. पत्थर साईड पर पहुंचता वार्ड वाईज
2. रेता साईड तक पहुंचता वार्ड वाईज
3. बजरी साईड पर पहुंचता वार्ड वाईज
4. सीमेंट ढुलाई मेन रोड से साईड पर पहुंचता वार्ड वाईज
5. इंटर लॉक टाइल ढुलाई मेन रोड से साईड पर पहुंचता वार्ड वाईज

निविदाएं 26 जुलाई 2024 सुबह 11 बजे तक ली जाएंगी उसके बाद सभी निविदाओं को अस्वीकार कर दिया जाएगा। जिस भी ठेकेदार को सप्लाई मिलती है ग्राम पंचायत उलांसा उस ठेकेदार से सामग्री को समय पर पहुंचाने के लिए सुरक्षा मनी पंचायत के पास जमा करवाएगा। सुरक्षा मनी कितनी होगी पंचायत तय करेगी। यदि ठेकेदार एक सप्ताह के अंदर सप्लाई कार्यस्थल पर नहीं पहुंचाता है तो उसकी सुरक्षा मनी जब्त कर ली जाएगी तथा उसका कार्य आदेश समाप्त कर दिया जाएगा। अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का ही सर्व मान्य होगा।

सचिव
ग्राम पंचायत उलांसा
विकास खंड भरमौर , जिला चंबा (हि.प्र.)

**बिना** साहस के आप इस दुनिया में कोई काम नहीं कर सकते हैं। साहस ही दिमाग की महानतम विशेषता है। – **अरस्तु**

## संपादकीय

# आत्महत्या अनुचित कदम

हिमाचल समेत दुनियाभर में आत्महत्या के मामले बढ़ते जा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, दुनिया में हर साल 70 लाख लोग आत्महत्या करते हैं और इससे कई गुना अधिक लोग आत्महत्या की कोशिश करते हैं। लोगों में सहनशक्ति कम हो गई है और उन्हें अपनी जीवन लीला समाप्त करने के सिवा कुछ नहीं दिखता। सवाल यह है कि क्या आत्महत्या किसी परेशानी का हल हो सकता है? इस संसार में आए हैं तो कुछ अच्छा करके जाओ। जीवन में कई उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन उनसे घबराकर आत्महत्या जैसा खौफनाक कदम नहीं उठाया चाहिए। हमीरपुर जिले के नादौन में झूठे आरोप से आहत होकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। इस घटना की पूरे प्रदेश में चर्चा है कि आखिर ऐसा खौफनाक कदम क्यों उठा लिया? जब भी कोई व्यक्ति आत्महत्या के बारे में सोचता है तो ऐसे सवाल स्वाभाविक रूप से उठते हैं।

चार दिन चर्चा होती है और जिंदगी फिर उसी पटरी पर चलती रहती है। आत्महत्या के बाद गांव में माहौल तनावपूर्ण है। ग्रामीण और रिश्तेदार आक्रोषित हैं। वह पंचायत तथा पुलिस से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। दरअसल, गांव के ही एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसी के गांव के एक व्यक्ति ने अवैध तौर पर बंदूक रखी हुई है। पुलिस घर में तलाशी लेती है, लेकिन कोई हथियार नहीं मिलता। व्यक्ति इसमें अपनी और अपने परिवार की बेइज्जती महसूस करता है और आहत होकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर लेता है।

आत्महत्या एक जटिल और संवेदनशील विषय है। इसे करुणा और समझ के साथ समझना महत्वपूर्ण है। यदि आप या आपका कोई परिचित आत्महत्या के विचारों से जूझ रहा है, तो ऐसा करने की बिलकुल भी न सोचें। आत्महत्या कभी भी उचित कदम नहीं हो सकता है। लोग अवसाद, लाचारी और जीवन में कुछ नहीं कर पाने की हताशा के चलते आत्महत्या करते हैं। इसके अलावा आत्महत्या करने की मेडिकल वजहें भी हो सकती हैं। जब कोई व्यक्ति आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगता है तो इस स्थिति को मनोचिकित्सक सुसाइडल आइडिएशन कहते हैं। जरूरी नहीं है कि किसी एक वजह से ऐसा हो। विशेषज्ञों की राय में जब व्यक्ति को किसी मुश्किल से निकलने का कोई रास्ता नहीं मिलता है, तो वो अपना जीवन खत्म करने के बारे में सोचता है। हर जीवन का मूल्य है और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं या विषम परिस्थितियों से जूझ रहे लोगों के लिए उपचार के कई विकल्प उपलब्ध हैं। यदि आप आत्महत्या के विचारों का अनुभव कर रहे हैं, तो आपको एक योग्य मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर या संकट हॉटलाइन से मदद लेनी चाहिए। वे आपको इन भावनाओं से निपटने में मदद करने और आपको सुरक्षित रखने के लिए एक योजना विकसित करने के लिए सहायता और संसाधन प्रदान कर सकते हैं। आत्महत्या से बचने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि हमें तुरंत सहायता लेनी चाहिए। जरा भी देर नहीं करनी चाहिए, क्योंकि एक बार किसी ने आत्महत्या का ख्याल अपने जहन में ले लिया तो उसे अपना फैसला पलटना मुश्किल हो जाता है। सहायता के लिए किसी विश्वसनीय मित्र, परिवार के सदस्य या मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर से संपर्क करना चाहिए। आत्म-देखभाल का अभ्यास भी नितांत आवश्यक है। पर्याप्त नींद लेकर, स्वस्थ आहार खाकर और उन गतिविधियों में शामिल होकर अपनी शारीरिक और भावनात्मक जरूरतों का ख्याल रखें जिनसे आपको खुशी मिलती है।

प्रियजनों के साथ मजबूत रिश्ते बनाएं और दोस्तों और परिवार के साथ जुड़े रहें। ऐसी परिस्थि में घर के लोग ही ज्यादा काम आते हैं। परेशान व्यक्ति को स्वस्थ मुकाबला तंत्र खोजना चाहिए। ऐसी गतिविधियों में संलग्न रहें जो आपको तनाव और नकारात्मक भावनाओं को प्रबंधित करने में मदद करती हैं, जैसे व्यायाम, ध्यान या रचनात्मक गतिविधियां। यदि आप मानसिक रूप से किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से जूझ रहे हैं, तो एक योग्य मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर के साथ मिलकर एक उपचार योजना विकसित करें जो आपके लिए कारगर हो। याद रखें, आप अकेले नहीं हैं। मदद हर जगह मिल जाती है, लेकिन आत्महत्या कभी न करें। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### सर्वश्रेष्ठ गायकों में से एक

**मुकेश** चंद्र माथुर भारत में संगीत इतिहास के सर्वश्रेष्ठ गायकों में से एक थे। पेशे से एक इंजीनियर के घर में पैदा होने वाले मुकेश चंद माथुर के अन्दर वह सलाहियत थी कि वह एक अच्छे गायक बनकर उभरें, और हुआ भी यही। कुदरत ने उनके अंदर जो काबलियत दी थी, वह लोगों के सामने आई और मुकेश की आवाज़ का जादू पूरी दुनिया के सिर चढ़ कर बोला। मुकेश का जन्म 22 जुलाई, 1923 को दिल्ली में हुआ था। इनका विवाह सरल के साथ हुआ था। मुकेश और सरल की शादी 1946 में हुई थी। मुकेश के एक बेटा और दो बेटियाँ हैं, जिनके नाम है- नितिन, रीटा और नलिनी। मुकेश के पोते नील नितिन मुकेश बॉलीवुड के चर्चित अभिनेता हैं। इनके पिता जोरावर चंद्र माथुर अभियंता थे। दसवीं तक शिक्षा पाने के बाद पीडब्लूडी दिल्ली में असिस्टेंट सर्वेयर की नौकरी करने वाले मुकेश अपने शालेय दिनों में अपने सहपाठियों के बीच के. एल. सहगल के गीत सुना कर उन्हें अपने स्वरों से सराबोर किया करते थे किंतु विधाता ने तो उन्हें लाखों करोड़ों के दिलों में बसने के लिये अवतरित किया था। सो विधाता ने वैसी ही परिस्थितियाँ निर्मित कर मुकेशजी को दिल्ली से मुम्बई पहुँचा दिया। 1946 में मुकेश की मुलाकात एक गुजराती लड़की से हुई। नाम था बची बेन (सरल मुकेश)। सरल से मिलते ही मुकेश उनके प्रेम में डूब गए। हालांकि मुकेश कायस्थ थे। इस वजह से एक कड़ा प्रतिबंध सरल के परिवार से था, लेकिन मुकेश दोनों परिवारों के तमाम बंधनों की परवाह न करते हुए अपने जन्मदिन 22 जुलाई, 1946 को सरल के साथ शादी के अटूट बंधन में बंध गए। ■



**मुकेश चंद्र माथुर**
**जन्म :** 22 जुलाई, 1923
**मृत्यु :** 27 अगस्त, 1976

## अपनी बात

**भारत** में गरीबी एक बहुत बड़ी समस्या है, जो देश के विकास में बाधक बनी रहती है। दरअसल, गरीबी भारत ही नहीं, बल्कि एक सतत वैश्विक मुद्दा बन चुका है। गरीबी उन्मूलन के प्रयासों के बावजूद, यह दुनियाभर में एक महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है। गरीबी के कई कारण हैं जैसे- बेरोजगारी, सामाजिक बहिष्कार, कुछ आबादी की आपदाओं, बीमारियों और अन्य घटनाओं के प्रति उच्च संवेदनशीलता जो उन्हें उत्पादक होने से रोकती है। गरीबी के कारण भूख और कुपोषण बढ़ता है। शिक्षा और अन्य बुनियादी सेवाओं तक सीमित पहुंच हो जाती है।

सामाजिक भेदभाव और बहिष्कार का खतरा अलग से बना रहता है। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों का लक्ष्य 2030 तक गरीबी को उसके सभी रूपों में समाप्त करना है। हालांकि, प्रगति धीमी रही है और लक्ष्य पूरा होने की संभावना नहीं है। **-दिनेश कुमार, नगरोटा बगवां**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# नफरत की आग में झुलसते जा रहे खूनी रिश्ते?

इतिहास गवाह है कि खून के रिश्ते इतने मजबूत होते थे कि भाई -बहन एक दूसरे की खातिर जान तक की बाजी लगा देते थे, मगर आज इतिहास बदलता नजर आ रहा हैं। ताजा घटनाक्रम छोटी काशी के नाम से विख्यात मंडी में घटित हुआ है। एक समाचार के अनुसार 16 जुलाई 2024 को मंडी की तहसील बल्ह के कोठी गांव में एक भाई ने अपने भाई को मौत के घाट उतार दिया दोनों में जमीनी विवाद चल रहा था। यह बहुत ही दर्दनाक घटना है, इस हत्या से जनमानस खौफ में है, यह कोई पहला हादसा नहीं है। 27 अगस्त 2018 को मंडी के निहरी के चरखड़ी में दो भाइयों के संपत्ति विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई पर डंडे से प्रहार करके मौत के घाट उतार दिया था। यह विवाद केवल एक पेड़ को लेकर चल रहा था। कहासुनी के बाद तैश में आकर डंडे से प्रहार करके लहुलुहान कर दिया, बाद में शिमला में उसकी मौत हो गई थी । हत्या करने वाले हत्यारे को सुंदरनगर पुलिस ने बस अड्डे से गिरफ्तार कर लिया था । कुछ साल पहले देवभूमि हिमाचल प्रदेश के सुंदरनगर में मामूली कहासुनी पर छोटे भाई ने अपने बड़े भाई की पीठ पर तेजधार हथियार से वार करके घायल कर दिया था। इससे पहले भी प्रदेश के जिला मंडी के सुंदरनगर में ही जमीनी झगड़े में भाई द्वारा भाई की गोली मारकर हत्या करने जैसी घटना से हर हिमाचली उद्वेलित हुआ था। ऐसे ही दो घटनाक्रमों में मंडी के सरकाघाट में एक बेटे ने जमीनी विवाद में बाप को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था और सिरमौर के पांवटा साहिब में एक बाप ने बेटे को नहर में फेंक दिया था, जिसका शव 14 दिन बाद उत्तर प्रदेश के खारा प्रोजेक्ट से बरामद हुआ था। 2016 में महाराष्ट्र के ठाणे के घोड़बंदर रोड स्थित कासारवडवली में एक दिल दहला देने वाले नरसंहार से हर भारतीय उद्वेलित हुआ था। जहां एक व्यक्ति ने अपने ही परिवार के चौदह लोगों की नृशंस हत्या के बाद खुद भी आत्महत्या कर ली। इस हत्याकांड से हर भारतीय सदमें था। मानव अपनी सभ्यता और संस्कृति को भूलकर राक्षसों जैसा आचरण कर रहा है।



**लेखक : नरेंद्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

आज संपत्ति के लिए जो कुछ हो रहा है बहुत ही त्रासद है। इस मृगमरीचिका का परिणाम क्या होगा, इसके पीछे मानव वैसे ही भाग रहा है जैसे हिरन पानी के पीछे भागता है। रिश्तों में बिखराव बेहद घातक है । आधुनिक समाज में खूनी रिश्तों में इतनी नफरत बढ़ रही है कि नफरत की आग में रिश्ते झुलसते जा रहे है और रिश्तों का कत्लेआम व नरसंहार हो रहा है। रिश्तों का कत्लेआम, समाज के लिए अशुभ संकेत है। यह प्रलय की आहट है। समाज का यह विकृत चेहरा बेहद भयानक है यदि समय रहते इस पर रोक न लगाई तो आने वाला कल निश्चित रूप से घातक सिद्ध होगा। रिश्तों की डोर ढीली पड़ती जा रही है आज का इंसान माया के कारण इतना अंधा हो गया है कि रिश्तों की अहमियत भूलता जा रहा है अपनों के खून से ही अपने हाथ रंग रहा है। आज रिश्तों की परिभाषा बदलती जा रही है रिश्तों में पाश्विकता आ गई है आज भेड़-बकरियों की तरह एक दूसरे का खून बहाया जा रहा है। यह बहुत ही लज्जाजनक है कि बेटे मां-बाप के खून के प्यासे हो रहे हैं। आज जर ,जोरू ,जमीन के कारण रिश्तों का कत्लेआम हो रहा है ,जायदाद के लिए बेटे मां-बाप को मौत के घाट उतार रहे हैं। सहनशीलता न होने के कारण आज ऐसी वारदातें हो रही हैं कि आत्मा सिहर उठती है। रामपुर के ननखड़ी में दो सौतेले भाइयों में कहासुनी हो गई और बड़े भाई ने छोटे भाई की कुल्हाडी से बेरहमी से निर्मम हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया था। इस घटना से हर हिमाचली स्तब्ध है कि देवभूमि के नाम से विख्यात हिमाचल में खूनी रिश्तों का कत्लेआम हो रहा है। यह बहुत ही त्रासदी है। गत वर्ष राजधानी दिल्ली में बहु द्वारा जमीन के लिए सास व ननद का कत्ल कर दिया था । दूसरी घटना में सौतेली मां ने गला घोंटकर बच्चे को मौत की नींद सुला दिया था। आखिर इंसान को क्या हो गया है कि अपनों को ही मौत की नींद सुला रहा है ऐसे मामले प्रलय की इबारत लिख रहे हैं, अगर इन बढ़ते मामलों पर संज्ञान न लिया तो आने वाले दिनों में घातक परिणाम भुगतने पड़ेगें कि विश्व गुरु के नाम से विख्यात भारत में रिश्तों में नफरत गहरी होती जा रही है और लोग पूरे के पूरे परिवार को मौत की नींद सुला रहे हैं। रिश्तों में आ रही इस नफरत की आग को बुझाना होगा, हर भारतीय को मंथन करना होगा। खूनी रिश्ते ही एक दूसरे का खून बहा रहे है, रिश्तों में आ रही कड़वाहट एक त्रासदी बन रही हैं। भाई-भाई एक दूसरे की हत्या कर रहे हैं। 3 अप्रैल 2015 को बिहार में दवा खाने से इनकार करने पर एक पति ने हथौड़े से सिर पर वार करके अपनी बीमार पत्नी को मौत के घाट उतार दिया ।9 मार्च 2013 को उत्तर प्रदेश के बहराइच में एक भाई ने कुल्हाड़ी से सगी बहन की गर्दन काट दी, सोनीपत में एक भानजे ने अपने मामा की हत्या कर दी ।पंजाब के बठिंडा में लड़की की चाहत में एक बाप ने 18 दिन पहले पैदा हुई बच्ची का गला घोटने की कोशिश की मगर बच्ची की नानी ने छुड़ा लिया। गत वर्ष मेरठ में एक लड़की ने प्यार में दीवार बने अपने पूरे परिवार को मौत के घाट उतार दिया था। मध्य प्रदेश में एक पति ने अपनी पत्नी व साली के चरित्र पर संदेह होने के कारण उनकी बेरहमी से हत्या कर दी और खुद भी आत्महत्या कर ली थी, उत्तर प्रदेश में महज चंद चांदी के सिक्कों के कारण एक मौसेरे भाई ने अपने भाई की नृशंस हत्या कर दी थी । मुंबई में जायदाद के विवाद के कारण एक बाप ने अपने दो बेटों को गोली मारकर मौत की नींद सुला दिया , राजस्थान में एक बाप ने बेटी के चरित्र पर शक के चलते हत्या कर दी । दिल्ली में एक पत्नी ने दामाद से मिलकर अपने पति की हत्या कर दी, क्योंकि पति उसके नाजायज संबंधों पर उंगली उठाता था। दिल्ली में मां ने अपने प्रेमी की खातिर अपने बच्चों का कत्ल करवा दिया, जालंधर में एक भतीजी ने लाठी के प्रहार से अपने सगे चाचा की हत्या कर दी थी। दिल्ली में एक दामाद ने संपत्ति के लिए सास की हत्या कर दी थी । प्रतिदिन समाचार पत्रों में ऐसी घटनाएं सुर्खियां बनती है जिन मां-बाप ने सैकड़ों कष्ट झेलकर अपने बच्चों पर आंच तक न आने दी वही आज उनके दुश्मन बन गए हैं। विश्व गुरु की साख को बटटा न लग सके और आने वाली पीढ़ियां नफरत की इस आग में झुलसने से बच सके और भाईचारा बना रहे और एक नए युग का सूत्रपात हो सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# निजीकरण के युग में आज भी सरकारी बैंक क्यों जरूरी?

निजीकरण के इस युग में आज भी सरकारी बैंकों का अस्तित्व प्रासंगिक बना हुआ है। 19 जुलाई, 1969 को तत्कालीन सरकार ने देश के 14 प्रमुख बैंकों का पहली बार राष्ट्रीयकरण किया था। साल 1969 के बाद 1980 में पुन: 6 बैंक राष्ट्रीयकृत हुए। 19 जुलाई 2024 को बैंकों के राष्ट्रीयकरण के 55 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आर्थिक तौर पर सरकार को लग रहा था कि प्राइवेट बैंक देश के सामाजिक उत्थान की प्रक्रिया में सहायक नहीं हो रहे थे। उस समय देश के 14 बड़े बैंकों के पास देश की लगभग 80 फीसदी पूंजी थी। इनमें जमा पैसा उन्हीं सेक्टरों में निवेश किया जा रहा था, जहां लाभ के ज्यादा अवसर थे।




**लेखक : अश्वनी राणा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वहीं सरकार की मंशा कृषि, लघु उद्योग और निर्यात में निवेश करने की थी। दूसरी तरफ एक रिपोर्ट के मुताबिक 1947 से लेकर 1955 तक 360 छोटे-मोटे बैंक डूब गए थे, जिनमें लोगों के जमा करोड़ों रुपए डूब गए थे। 1969 में राष्ट्रीयकरण के बाद से आज तक भी कई प्राइवेट बैंक डूबने की स्थिति में आए, जिन्हें सरकारी बैंकों द्वारा ही संभाला गया। यस बैंक और लक्ष्मी विलास बैंक का ताजा उदाहरण हमारे सामने है। लेकिन आज तक कोई सरकारी बैंक नहीं डूबा, क्योंकि इन पर सरकार और रिजर्व बैंक का पूरा नियंत्रण है। 2023-24 में इन्हीं सरकारी बैंकों ने 1.41 लाख करोड़ रुपए का लाभ कमाया है और अभी तक चार बैंकों ने 6481 करोड़ रुपए लाभांश के रूप में सरकार को दिया है।

सरकारी बैंकों को गांवों तक पहुंचने के मकसद से 1975 में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना की गई। आज देश में 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की 26 राज्यों और 3 केंद्रीय शासित प्रदेशों में लगभग 22000 शाखाएं हैं। 1980 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण का दूसरे चरण में छह निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया। इसके विपरीत 1991 के आर्थिक सुधार के बाद सरकार बैंकों के निजीकरण की ओर आगे बढ़ी, जिसे 'नई आर्थिक नीति या एलपीजी नीति' के रूप में भी जाना जाता है। 1994 में नए प्राइवेट बैंकों का युग प्रारंभ हुआ। इसके साथ-साथ और कई प्राइवेट पेमेंट बैंकों की भी शुरुआत हुई।

55 वर्षों के कार्यकाल में सरकारी बैंकों ने बैंकिंग को आम जनता तक पहुंचाने का काम तेजी से किया है। जो बैंक आम जनता तक नहीं पहुंच पाए थे, सरकारी बैंकों के सहयोग से लगभग 51 करोड़ रुपए जनधन खाते खुलवाकर आम जनता को बैंकों से जोड़ा है। पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार की योजनाओं जैसे जनधन खाते खोलना, मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री बीमा योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि ऋण योजना, किसान सम्मान की किश्त देने का काम, किसान क्रेडिट कार्ड का क्रियान्वयन इन सरकारी बैंकों ने उत्साह से किया है। प्राइवेट बैंक का इसमें योगदान न के बराबर रहा है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता



### गुरु की महिमा

डॉक्टर जय अनजान

*कैसे करूं मैं गुरु की महिमा का गुणगान,*
*कहां से लाऊं मैं वो अनमोल शब्द,*
*गुरु होता है हमेशा सबसे बड़ा,*
*हमेशा गुरु के आगे मैं निशब्द।*
*रिश्ता गुरु का शिष्य से होता सबसे सुंदर,*
*सबसे निर्मल सबसे अनमोल,*
*करें गुरु की महिमा का गुणगान,*
*गुरु बसता हमेशा दिल के अंदर।*
*अंधकार में रोशनी दिखाए गुरु,*
*आदि से अनंत तक ले जाए गुरु,*
*जगमग जगमग राह दिखाए गुरु,*
*जीवन की सच्ची राह दिखाए गुरु।*
*हर वर्ष आषाढ़ महीने की पूर्णिमा को*
*गुरु पूर्णिमा मनाते हैं,*
*शिष्य गुरुओं के आगे शीश नवाते हैं,*
*जीवन सफल हो जाता उनका,*
*जो गुरुओं का मान-सम्मान करते*
*और कराते हैं।*

# पाखंड और अंधविश्वास का वातावरण कभी पैदा न करें संत

पाखंडी बाबाओं को लेकर अखाड़ा परिषद देर से सही, लेकिन अब एक्टिव मोड में दिख रही है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी के मुताबिक, भोली-भाली जनता को भ्रमित कर भक्तिजाल में फंसाने वाले बहुरूपिए बाबाओं की सूची अखाड़ा परिषद ने तैयार कर ली है। हाथरस कांड से सुर्खियों में छाए नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा समेत करीब 20 ढोंगी बाबाओं को ब्लैक लिस्ट करने का निर्णय लिया गया है। 13 अखाड़ों के बीच सहमति बन चुकी है।

नारायण साकार के अलावा सेक्स सीडी कांड में फंसने के बाद दक्षिणी अमेरिका के इक्वाडोर में अलग देश बसाने का दावा करने वाले स्वामी नित्यानंद, बाबा राम रहीम समेत 20 से अधिक बाबा इस सूची में शामिल हैं। 18 जुलाई को कुंभ मेला प्रशासन के साथ होने जा रही बैठक में परिषद की ओर से इसका प्रस्ताव रखा जाएगा। साथ ही इन्हें मेले भूमि और अन्य सुविधाएं नहीं देने के लिए कहा जाएगा ।

ाखिर बार-बार एक ही पत्थर से ठोकर खाने को आखिर कौन समझदारी कहेगा। हाथरस के खेतों में महिलाओं और बच्चों के शवों का बिखरना क्या अंधी आस्था का प्रमाण नहीं है? वो जो खुद को भगवान कहते हैं, क्या पाखंडी नहीं है? बात अगर धार्मिक कार्यक्रम में भगदड़ की हो तो यह पहली बार नहीं हुआ है, जब आस्था और अंधविश्वास के कारण लोगों ने अपना जीवन खोया है। धार्मिक आयोजन पहले भी अव्यवस्था के कारण लोगों को मौत बांट चुके हैं। भक्ति और भावनाएं अक्सर श्रद्धालुओं को एक घबराई हुई भीड़ में तब्दील कर देती हैं। अव्यवस्था की जिम्मेदारी लेने को न तो धार्मिक गुरु, न अनुयायी और न ही प्रशासन तैयार होता है। बात चाहे कुंभ मेले की हो, माता नैना देवी की या फिर सबरीमला की। कई स्थान ऐसे हैं जहां कई श्रद्धालु लापरवाही की वजह से अपना जीवन खो चुके हैं। बावजूद इनके अंधी आस्था और पाखंडी बाबाओं की दुकानदारी में कभी कमी नहीं देखी गई। स्वयं-भू बाबा केवल मात्र अंधविश्वास चाहते हैं। वे अपने निजी सवार्थ के लिए श्रद्धालुओं का फायदा उठाने से भी नहीं हिचकिचाते हैं। ऐसे धर्म के ठेकेदारों की एक लंबी सूची है, जिन पर महिला भक्तों के यौन शोषण व भक्तों के उत्पीड़न के आरोप हैं। बहुत से बाबा जेल की हवा भी खा रहे हैं। उनमें गुरमीत राम रहीम और आशाराम जैसे नाम भी शामिल हैं। खुद को भगवान बताने वाले नित्यानंद परमहंस फरार चल रहे हैं। तो क्या आस्था का मतलब यह है कि गुरु हमेशा सही है। चाहे वो गलत ही क्यों न हो। आस्था की अतार्किकता भक्त के इसी तर्क पर आधारित है कि गुरु कभी गलत कर ही नहीं कर सकता। राम रहीम ने 2017 में सरकार और न्यायपालिका को धमकाने के लिए अपने अनुयायियों की सेना का इस्तेमाल किया। 400 अनुयायियों को नपुंशक बनाने की जांच भी चल रही थी। लेकिन भक्तों के लिए गुरु कानून से ऊपर था। और गुरु को दोषी करार दिए जाने पर भड़की हिंसा में करीब 38 लोग मारे गए थे और कई अन्य जख्मी हुए थे। रामपाल महाराज को गिरफ्तार करने पर हुई झड़प के दौरान 4 महिलाओं की मौत हो गई थी। पूर्व में झांक कर देखा जाए तो वर्ष 2005 में महाराष्ट्र के मांढर देवी मंदिर में भगदड़ के दौरान 340 लोगों की मौत हो गई थी। 30 अगस्त 2008 को हिमाचल के बिलासपुर में स्थित नैना देवी मंदिर में पत्थर गिरने की अफवाह के कारण मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी व 47 लोग घायल हो गए थे। 27 अगस्त 2003 को महाराष्ट्र के नासिक में कुंभ मेले में भगदड़ के दौरान 39 लोगों की मौत व 140 लोग घायल, 23 सितंबर 2008 को राजस्थान के जोधपुर के चामुंडा मंदिर में बम्ब रखने की अफवाह के कारण 250 श्रद्धालुओं की मौत व 60 से अधिक घायल हो गए थे। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में हर की पौड़ी में गंगा किनारे 20, 14 जनवरी 2011 को केरल के सबरीमाला 104, 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के रामजानकी मंदिर में 63, 13 अक्तूबर 2013 को मध्य प्रदेश के रत्नागिरी मंदिर में नवरात्र उत्सव के दौरान 115 लोग, 3 अक्तूबर 2014 को पटना के गांधीनगर में दशहरा उत्सव के दौरान 32 लोग, आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्कर त्योहार में 27 लोगों की मौत हो चुकी है।



**लेखक : विशाल ठाकुर**
प्रवक्ता, बरठीं

आखिर बार-बार एक ही पत्थर से ठोकर खाना मूर्खता नहीं है? हाथरस में भगदड़ के दौरान जो महिलाएं और बच्चे मरे हैं वे सब आशीर्वाद लेने व अपनी मन्नत पूरी होने की आशा लेकर आए थे, लेकिन आपराधिक लापरवाही और संवेदनहीनता का शिकार हो गए। महिलाओं समेत 123 लोगों की जान अंधी आस्था की भेंट चढ़ गई। समय समय पर हुई इन घटनाओं में लगने वाले शवों के अंबार का कसूरवार आखिर कौन है? ऐसी मौत आती है उन गैरजिम्मेदार लोगों के कारण जो अपने आप को हर कानून, हर सिस्टम से ऊपर समझते हैं। जो अपने नाम, शौहरत व फायदे के लिए लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करते हैं। वास्तविक गुरु व पाखंड में अंतर पाना आज मुश्किल हो चुका है। गुरु, आस्था, पाखंड और वोट बैंक का अब सीधा संबंध हो चुका है। वास्तव में धर्म का अर्थ है, धारण करने योग्य ।'धर्म' सदगुणों के साथ जीवन जीने की एक ऐसी पद्धति को रेखांकित करता है जिसे ईश्वर का बताया हुआ रास्ता कहते हैं। इसमें चमत्कार का शॉर्टकट रास्ता नहीं है। यदि कोई धर्म गुरु किसी धर्म में शॉर्टकट होने का दावा करता हो तो वह धर्म नहीं बल्कि गोरखधंधा है जिसमें गरीबों और आम लोगों के शोषण के साथ उनकी भावनाएं व जीवन हमेशा दांव पर होता है। देश में इस प्रकार के नकली और पाखंडी बाबाओं की इस समय भरमार पड़ी है। कई दुर्घटनाओं के बावजूद अंधी आस्था में कोई कमी नहीं देखी गई। वास्तव में संतों को लोकहित और परोपकार के जरिए समाज में संस्कार और मर्यादा का वातावरण पैदा करना चाहिए न कि पाखंड और अंधविश्वास का। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बलि-प्रथाओं पर रोक लगाना समय की भी मांग

हिमाचल प्रदेश को देवी-देवताओं का प्रदेश कहा जाता है, जहां विभिन्न जिलों एवं क्षेत्रों में विभिन्न देवी-देवताओं का वास माना जाता है और वहीं हिमाचल प्रदेश के लोगों की आस्था और श्रद्धा भाव भी बहुत अधिक देखने को मिलती है, जिस आस्था और श्रद्धा के लिए हिमाचल प्रदेश प्रसिद्ध है।

इस प्रकार हिमाचल प्रदेश में देवी-देवताओं की आस्था,नियम, धर्म और अलग-अलग मान्यताएं हरेक मंदिर धार्मिक स्थलों की अलग-अलग देखने एवं सुनने को मिलती है, जिस आस्था और विश्वास का एक इतिहास यह भी देखने को मिलता है कि देव भूमि हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में भी कुछेक मंदिरों में बलि प्रथा जैसी देव-परंपरा आज भी कायम है, जबकि समय के साथ हिमाचल प्रदेश के अधिकांश मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर बलि प्रथा को पूर्णत: समाप्त कर दिया है, जो कि एक उत्तम एवं अच्छी पहल भी मानी जाती रही है। परंतु हिमाचल प्रदेश के कुछेक क्षेत्रों में आज भी परंपरा बनी हुई है, जिसको शायद आज के परिप्रेक्ष्य में समाप्त करने की परम् आवश्यकता है। जैसे कि जानकारी अनुसार और प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिलता है कि हर भक्तजन और श्रद्धालु देवता का जागरण अपने जीवन में परिवार पर सुख-शांति के साथ-साथ मन्नत पूरी होने और देव कृपा में अटूट आस्था होने कारण देवता जागरण का संकल्प और अपने घर में देवता आगमन पर अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हैं, परंतु फिर भी क्षेत्र के स्थानीय लोग इस विषय पर देवी-देवताओं एवं अन्य विभिन्न प्रकार के तर्क-वितर्क देते नजर आते हैं। जबकि अगर हम बुद्धिजीवियों एवं धार्मिक विद्वानों के अनुसार जानकारी जुटाने का प्रयास करें तो देवी-देवताओं एवं किसी भी धार्मिक स्थलों पर किसी भी प्रकार की बलि प्रथा तर्क संगत नहीं मानी जाती है। जहां देव जागरण में बलि प्रथा के कारण पाप के भागी बनते हैं तो वहीं आर्थिक रूप से भी हर देव जागरण करवाने वाले श्रद्धालु पर अधिक बोझ पड़ता है, जिसमें आज के परिप्रेक्ष्य में एक देव जागरण में अनेक बलि देकर तो वहीं देव रूप में आए देवता का भी ऐसा कोई आदेश एवं आस्था नहीं मानी जाती है, कि मंदिरों में बलि प्रथा देकर ही देवी एवं देवता प्रसन्न एवं आशीर्वाद प्रदान करते हैं। बल्कि विद्वानों द्वारा देवी-देवता के प्रति मात्र सेवा भाव, अटूट आस्था और श्रद्धा से ही प्रसन्न एवं आशीर्वाद एवं अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखते हैं, जिसके क्षेत्र एवं समाज में दशकों से अनेक उदाहरण भी दिए जाते हैं। देवी-देवता के आशीर्वाद और कृपा दृष्टि से हिमाचल प्रदेश की अधिकांश जनता की आस्था और विश्वास इतना देखने को मिलता है कि जिस आस्था एवं विश्वास की हम शब्दों में परिकल्पना भी नहीं कर सकते। देव जागरण में पूर्व के दशकों में जरूर बलि प्रथा देखने एवं सुनने को मिलती थी, परंतु वर्तमान समय में लोगों ने देवता को किसी भी प्रकार की बलि को अर्पित करना उचित नहीं समझा जाता ,बल्कि देवी-देवताओं के निमित्त अटूट आस्था और फल, फूल, मिष्ठान ,पान सुपारी,घी,रात्रि जागरण,पूजा-पाठ, भजन कीर्तन, हवन, चावल, इच्छानुसार दक्षिणा, पंडितों को वैष्णव भोजन, दक्षिणा, वस्त्र इत्यादि का दान करना उत्तम बताया गया है, जिस पर हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में मंदिरों का निर्माण देखने को मिलता है, और मंदिरों को भव्य एवं सुंदर बनाने के लिए स्थानीय जनता एवं भक्तजन हर संभव सहयोग एवं अपनी अहम भूमिका निभाते भी नजर आते हैं। वहीं दूसरी ओर समय के साथ विभिन्न क्षेत्रों में लोगों के अंदर अध्यात्मिक श्रद्धा भी बढ़ी है, और वहीं मांसाहारी से शाकाहारी की ओर अधिक आकर्षित भी हुए हैं, अगर वर्तमान की नई युवा पीढ़ी और बच्चों का अनुपात लगाया जाए, तो अधिकतर व्यक्ति को मांसाहारी भोजन लेने और किसी भी प्रकार की बलि देने के पक्ष में नजर नहीं आते, बल्कि अनेक क्षेत्रों में बलि प्रथा को पूर्णत: समाप्ति की ओर ले जाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि इसमें भी कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि विभिन्न गांवों एवं शहरों में मीट की दुकानों से लोग मांसाहारी भोजन की खरीददारी जरूर करते आ रहे हैं, परंतु पूर्व के दशकों से चली आ रही देवी-देवताओं के मंदिरों में बलि प्रथा को पूर्णत: समाप्त होती नजर आ रही है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



**लेखक :हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सरकार की सुविधाओं से करना चाहिए जागरूक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश दृष्टि दिव्यांग कर्मचारी कल्याण संघ की प्रदेश मीडिया प्रभारी मदन ठाकुर द्वारा बयान जारी करते हुए कहा है कि शनिवार को सरकाघाट उपमंडल के नागरिक अस्पताल में जिला प्रशासन मंडी स्वास्थ्य विभाग एवं जिला रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में संवेदना कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किए गए दिव्यंगता अवलोकन शिविर के लिए संघ की तरफ से धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने के उपरांत उन्हें सरकार द्वारा मिलने वाली सभी प्रकार की सुविधाओं के बारे में जागरूक करना चाहिए और अभिलंब मिलने वाली सुविधाओं के लिए पंजीकृत करना चाहिए।

### आईसीएआई ने आयकर रिटर्न दाखिल करने का किया आग्रह

**अनंत ज्ञान, मंडी।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की हिमाचल प्रदेश शाखा ने सभी करदाताओं से अनुरोध किया है कि निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए अपने आयकर रिटर्न आईटीआर को समय पर दाखिल करें। अंतिम समय की हड़बड़ी और जुर्माने से बचें और समय सीमा से पहले अपना रिटर्न दाखिल करें। हिमाचल प्रदेश ब्रांच के चेयरमैन सीए नरेश वशिष्ट ने कहा कि रिफंड दिलाने का वादा करने वालों से सभी करदाताओं को सचेत रहने की जरूरत है क्योंकि आयकर विभाग को हर कर दाता के लेनदेन की जानकारी है। रिटर्न दाखिल करना न केवल एक कानूनी अनिवार्यता है बल्कि राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में योगदान भी है।

### 28 को होगी जेल वार्डर के पदों की लिखित परीक्षा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश कारागार विभाग द्वारा भरे जा रहे जेल वार्डर के पदों की लिखित परीक्षा 28 जुलाई को राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी में आयोजित की जाएगी। इसके लिए मंडी रेंज के अभ्यर्थी 23 जुलाई के बाद विभाग की वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। यह जानकारी जिला कारागार मंडी के उपाधीक्षक जेल ओम प्रकाश ने दी। जेल वार्डर के इन पदों की शारीरिक परीक्षा दिनांक 17 जनवरी 2024 से 10 फरवरी 2024 तक थर्ड बटालियन पंडोह के मैदान में आयोजित की गई थी। शारीरिक परीक्षा को उतीर्ण कर चुके अभ्यर्थियों को अब लिखित परीक्षा के दौर से गुजरना होगा जोकि दिनांक 28 जुलाई 2024 को राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी में आयोजित की जाएगी। मंडी रेंज के तहत आने वाले मंडी, कुल्लू, बिलासपुर और हमीरपुर जिलों के अभ्यार्थी इसी परीक्षा केंद्र पर आकर परीक्षा देंगे। परीक्षा दोपहर 12 बजे शुरू होगी लेकिन अभ्यार्थियों को दो घंटा पूर्व यानी 10 बजे परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना अनिवार्य किया गया है।

### 23 को करसोग में बनेंगे दिव्यांगों के प्रमाण पत्र

**पीयूष, करसोग।** नागरिक चिकित्सालय करसोग के खंड चिकित्सा अधिकारी संदीप कंवर ने बताया कि सरकार के निर्देश पर 23 जुलाई को करसोग अस्पताल में दिव्यांग जनों के प्रमाण पत्र बनाने के लिए एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहचान पत्र बनाने से, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट फोटो, और लोक मित्र केंद्र में अपना रजिस्ट्रेशन जरूर करवा लें। (अनंत ज्ञान)

### सावन मास के उपलक्ष्य में सुनाई शिव पुराण कथा



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** सावन मास के उपलक्ष्य में जोगिंद्रनगर में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के छठे दिन कथा में भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह प्रसंग सुनाया गया। इससे पूर्व भगवान शिव -माता पार्वती और शिव महापुराण की विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद कथा शुरू हुई। इस दौरान जोगिंद्रनगर में शिव विवाह की झांकियां भी सजाई गई। इस दौरान कथा वाचक आचार्य तिलक शर्मा ने प्रवचन देते हुए कहा कि वर्तमान दौर में ऐसा कोई मनुष्य नहीं है जो दुखी न हो लेकिन इसका मतलब यह नहीं होता है कि हम भगवान का स्मरण करना ही छोड़ दें। जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे। भगवान का नाम स्मरण करने मात्र से हर एक विषम परिस्थिति को पार किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

देर रात नौ मील के पास पेश आया हादसा, लोगों को आई मामूली चोटें

# एचआरटीसी की चलती बस पर गिरी चट्टान

**मंडी/पंडोह, पुष्पराज**

शनिवार रात को बारिश मंडी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश हुई जिसके चलते चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर नौ मील के पास एचआरटीसी की चलती बस पर पहाड़ी से एक बहुत बड़ी चट्टान आकर टकरा गई।

गनीमत यह रही कि इस चट्टान का एक कोना बस के अगले हिस्से से टकराया, यदि यह चट्टान पूरी बस पर गिर जाती तो बहुत बड़ा हादसा हो जाता। इस हादसे में बस में सवार 2 से 3 सवारियों को हल्की चोटें आई हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार केलांग डिपो की यह बस मनाली से शिमला जा रही थी। रात करीब साढ़े 11 बजे जब यह बस नौ मील के पास पहुंची तो उस समय भारी बारिश हो रही थी। नौ मील के पास पहले ही स्लाइडिंग प्वाइंट है जिस कारण यहां ऐसे हादसे होते रहते हैं। जैसे ही यह बस इस स्लाइडिंग प्वाइंट के पास पहुंची तो पहाड़ी से एक बहुत बड़ी चट्टान नीचे लुढ़कती हुई आई और और उसका एक कोना बस के अगले हिस्से से जा टकराया। हादसे के समय बस में काफी सवारियां मौजूद थी जिसमें से आगे की तरफ बैठे 2 से 3 यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। इन सभी को प्राथमिक उपचार के बाद निगम की दूसरी बस के माध्यम से रात को ही शिमला भेज दिया गया। इस कारण यहां रात को करीब एक घंटे तक हाईवे बाधित रहा लेकिन उसे रात को ही बहाल कर दिया गया। (अनंत ज्ञान)



क्षतिग्रस्त एचआरटीसी की बस।

सभी सवारियां सुरक्षित, चट्टान की टक्कर से बस पहुंची सड़क किनारे

#### एक बार फिर उठे केएमसी कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल

नागचला से लेकर पंडोह तक फोरलेन निर्माण में जुटी केएमसी कंपनी की कार्यप्रणाली के कारण इस प्रकार के हादसे हो रहे हैं। पिछली बरसात के समय पहाड़ी पर खतरे के रूप में जो चट्टानें या मलबा लटका हुआ है उसे हटाने की तरफ समय रहते कोई ध्यान नहीं दिया गया और अब यह सब हादसे का कारण बन रहे हैं। ऐसे में लोगों में कंपनी प्रबंधन की कार्यप्रणाली को लेकर भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

## कलेंजू-कुफर में अवैध लकड़ी का जखीरा बरामद

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

जिला मंडी के विधानसभा क्षेत्र सराज में अवैध लकड़ी का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। बेशक वन विभाग और पुलिस द्वारा अवैध लकड़ी के कारोबार को लेकर तस्करों के खिलाफ समय-समय पर कार्रवाई अमल में लाई जाती है, लेकिन दुर्गम और अधिकतर वनों से घिरे हुए इस क्षेत्र में अवैध लकड़ी व्यापार के खिलाफ की जा रही कार्रवाई नाकाफी साबित हो रही है।

ताजा मामले में सराज विधानसभा के छतरी क्षेत्र के कलेंजू-कुफर में वन विभाग की टीम ने वन काटुओं के कब्जे से अवैध लकड़ी का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। वन विभाग ने आरोपियों के कब्जे से देवदार की लकड़ी के 15 सलीपर और 106 कड़ियां बरामद की है। विभाग ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना जंजैहली में केस दर्ज करवा दिया है। जानकारी के अनुसार मंडी जिला के सराज विधानसभा क्षेत्र में वन विभाग की मगरू रेंज के रेंज ऑफिसर गुरदयाल सिंह अपनी टीम सहित रात्रि गश्त के दौरान कलेंजू-कुफर के समीप मौजूद थे।

इसी दौरान मौके पर एक पिकअप जीप की चेकिंग के दौरान वन विभाग की टीम को देवदार की लकड़ी के 15 सलीपर और 106 कड़ियां बरामद की है। जीप के चालक की शिनाख्त निहाल सिंह पुत्र खेम चंद गांव बासा देलग रिवारी डाकघर गोहर तहसील चच्योट जिला मंडी और बेचने वाला रूप लाल पुत्र सोहन सिंह गांव गागण डाकघर रूहमणी तहसील थुनाग जिला मंडी के तौर पर हुई है। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि वन विभाग की शिकायत के आधार पर पुलिस थाना जंजैहली ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

### 3 हजार एमएल अवैध शराब बरामद

**उमेश, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर के तहत डैहर क्षेत्र के नगालठ कैंची मोड़ में एक दुकानदार के कब्जे से देसी शराब संतरा की अवैध 3 हजार मिलीलीटर की बोतलें बरामद की है। जानकारी अनुसार पुलिस चौकी डैहर की टीम गश्त के दौरान नगालठ कैंची मोड पर मौजूद थी।

इसी दौरान पुलिस टीम ने आरोपी रणजीत सिंह पुत्र बसंत सिंह गांव नगालठ डाकघर चुरड की चिकन और नमकीन की दुकान से देसी शराब संतरा की अवैध 3 हजार मिलीलीटर की बोतलें बरामद की गई।

पुलिस ने बरामद अवैध शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।(अनंत ज्ञान)

## खुशबू शर्मा 'हिमाचल की शान' अवार्ड से सम्मानित



खुशबू शर्मा को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

लडभड़ोल क्षेत्र में हिमाचल एकता मंच के सौजन्य से रविवार को ग्राम पंचायत भड़ोल में हिमाचल री शान पुरस्कार समारोह 2024 आयोजित किया। इस आयोजन की अध्यक्षता लांगणा वार्ड की जिला परिषद सदस्य एवं हिमाचल एकता मंच की सचिव ममता भाटिया ने की। मुख्यातिथि के तौर पर भड़ोल पंचायत की प्रधान मीनाक्षी देवी एवं समाज सेवी अक्षय कुमार ने शिरकत की।

हिमाचल एकता मंच के अध्यक्ष दीपलाल भारद्वाज और सचिव ममता भाटिया ने स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। हिमाचल एकता मंच की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जगहों से आए हुए विभिन्न कलाकारों सहित नन्हे कलाकारों को भी हिमाचलो री शान पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

जोगिंद्रनगर की एकलव्य एजुकेशनल अकादमी कि निदेशक खुशबू शर्मा को भी सम्मानित किया गया ये जोगिंद्रनगर के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि पूरे हिमाचल प्रदेश के हर जिले में इस तरह के कार्यक्रम किए जा रहे हैं और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम करवाए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## ग्राम सभा में मढ़ी स्कूल बचाने का प्रस्ताव पारित

**रितेश, सरकाघाट**

धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिंगा के जनरल हाऊस में रविवार को मढ़ी में वर्ष 1975 से चल रहे हाई स्कूल को बचाने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। प्रधान तंबो देवी की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम सभा में उन्हीं के द्वारा पेश प्रस्ताव को पूर्व प्रधान व अधिवक्ता सुरेश शर्मा, उप प्रधान विनय कुमार, कंचना देवी, मेम्बर राजेंद्र पाल, प्रकाश चंद, प्रमिला, सुनीता देवी, बलि राम, एसएमसी की प्रधान ज्योति देवी, निक्का राम, भागमल, पंकज कुमार, लाल चन्द शास्त्री, राजेंद्र कुमार, हरसाल, राजमल, सुखराम के अलावा अस्सी लोगों ने भाग लिया। जिसमें मढ़ी में चल रहे प्लस टू स्कूल को पिछली सरकार द्वारा अटल आदर्श विद्यालय बनाने के लिए इसे गैर कानूनी तौर बेदखल करके बच्चों को इधर उधर भटकने पर मजबूर कर दिया था।

वर्तमान सरकार भी इसके लिए अभी तक कुछ व्यवस्था नहीं कर पाई है। इसलिए ग्राम पंचायत ने सरकारी प्लस टू स्कूल को बचाने के लिए ग्राम सभा आयोजित की गई।



ग्राम सभा की बैठक में चर्चा करते हुए।

सभा में मौजूद सभी ने मढ़ी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्कूल बचाने के लिए अभियान चलाने और जरूरत पड़ने पर संघर्ष छेड़ने का संकल्प लिया और यह भी निर्णय लिया गया कि 24 जुलाई को एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा जिसमें मढ़ी स्कूल को बचाने तथा अटल आदर्श विद्यालय को नीजि क्षेत्र के बजाए सरकारी क्षेत्र में ही चलाने की मांग की जायेगी जिसकी प्रति स्थानीय विधायक को भी भेजी जाएगी। उसके बाद 3 अगस्त को स्कूल प्रबधन समिति का जनरल हाऊस आयोजित किया जाएगा और उस दिन स्कूल बचाने के लिए 17 जुलाई को बनी संघर्ष समिति को विस्तारित रूप दिया जाएगा। उपप्रधान विनय कुमार ने कहा कि स्थानीय लोगों ने जो भूमि सरकारी स्कूल के लिए दान की थी अब उसे बेचने की प्रक्रिया 24 जुलाई से शुरू की जा रही है जिसका यहां की जनता विरोध करेगी। अधिवक्ता सुरेश शर्मा ने बताया कि ज़रूरत पड़ने पर इस मामले को हाईकोर्ट में भी उठाया जाएगा कि सरकारी स्कूल के लिए दी गई जमीन किसी निजी संस्था को नहीं दिया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

## विश्व जागृति मिशन ने मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**उमेश, सुंदरनगर**

गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर बीएसएल कॉलोनी स्थित स्टाफ क्लब में विश्व जागृति मिशन ने सत्संग व संकीर्तन का आयोजन किया और मिशन के संस्थापक आचार्य सुधांशु जी महाराज के अच्छे स्वास्थ्य को लेकर प्रार्थना की। मिशन की सुंदरनगर इकाई के प्रधान प्यारे लाल गुप्ता ने गुरु की महिमा का बखान किया।

उन्होंने बताया गुरु पूर्णिमा का पर्व प्रतिवर्ष आषाढ़ माह में पूर्णिमा पर मनाया जाता है। इस मौके पर दोपहर दो बजे आरती के उपरांत भंडारे का भी आयोजन किया गया।(अनंत ज्ञान)



कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

## कलशयात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**विनोद, नेरचौक**

कंसा चौक शिव मंदिर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। कलश यात्रा लोहारा स्थित शेषनाग मंदिर से शिव मंदिर कंसा तक निकली गई।

कथावाचक श्री शिवम कृष्ण महाराज की अगुवाई में निकली इस कलश यात्रा में सैकड़ों भक्त मांगे पांव शामिल हुए। उसके पश्चात शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर कथा का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस में ही कथा पंडाल पूरी तरह से भर गया था। सात दिन तक कथा का आयोजन 1 बजे से 5 बजे तक किया जायेगा। उसके बाद हम को 8 बजे से 10 तक भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। जिसने विभिन्न प्रकार की झांकियां भी निकाली जाएंगी। 21 जुलाई को पूर्णाहुति के कथा का समापन किया जायेगा तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।(अनंत ज्ञान)



कलश यात्रा के दौरान सामूहिक चित्र में।

### कूलर और नलों पर पानी गंदा होने के लगाए नोटिस

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जल शक्ति विभाग के द्वारा सार्वजनिक स्थानों में लगे वाटर कूलरों का पानी पीने योग्य नहीं है ऐसे नोटिस चिपकाए गए हैं और लोगों को पानी के लिए हाहाकार मच गया है। यहां पहुंच रहे लोगों को प्यास लगने पर मजबूरी में बोतल खरीदकर पानी पीना पड़ रहा है।

जल शक्ति विभाग की सूचना के बिना सार्वजनिक नलों में रोक लगने से यात्रियों को खूब दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग ने अभी तक नल से पानी के सेवन पर लेकर रोक नहीं लगाई है।

## सोमा कोठी में मनाया देवता श्री सोमेश्वर महादेव का प्राकट्य दिवस

**पीयूष, करसोग**

करसोग के सोमाकोठी गांव में देवता श्री सोमेश्वर महादेव का प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। दूर-दूर से श्रद्धालु यहां देवता का आशीर्वाद लेने पहुंचे।

बता दें कि देवता श्री सोमेश्वर महादेव न्याय के देवता भी माने जाते हैं। वहीं ठाकुर थाना पंचायत के उप प्रधान रोशन लाल ने बताया कि कल इस दौरान सबसे पहले सुबह मंदिर में देवता की पूजा-अर्चना की गई उसके उपरांत देवता को मंदिर से बाहर लाया गया और दोपहर बाद क्षेत्र के लोग ने देवता श्री सोमेश्वर महादेव से आशीर्वाद भी लिया। (अनंत ज्ञान)



श्री सोमेश्वर महादेव जी का भव्य रथ।

## ट्रेनिंग कर चुके कार्य निरीक्षकों की पदोन्नति की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, मंडी/पधर**

पीडब्ल्यूडी प्रदेश स्तर कार्यक्रम निरीक्षक संघ के प्रधान जनक शर्मा ने मंडी जोन की बैठक में रविवार को पधर में भाग लिया। पीडब्ल्यूडी की कार्य निरीक्षक संघ मंडी जॉन की बैठक प्रधान जनक शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू व पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह से आग्रह किया कि 2012 से कार्य निरीक्षक हायर पे स्केल से वंचित है।

बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि 6 माह की ट्रेनिंग कर चुके सभी कार्य निरीक्षकों को पदोन्नति दी जाए और प्रदेश स्तर की वरिष्ठता सूची में बहुत गड़बड़ी का मामला उठाया गया है। उन्होंने इस बारे वरिष्ठता सूची में सुधार करने की विभागाध्यक्ष से मांग की है।

इस दौरान मंडी जोन के प्रधान पूर्ण चंद यादव को सर्वसम्मति से चुना गया, उपप्रधान वरिष्ठ रामलाल ठाकुर, महासचिव संजीव, कोषाध्यक्ष बालक राम, कानूनी व मुख्य सलाहकार सत्यदेव को चुना गया। बैठक में सर्वसमिति से मोहम्मद को प्रधान चुना गया। इस दौरान प्रदेश पीडब्ल्यूडी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, एनजीओ के उपप्रधान नसीब और प्रदेश कोषाध्यक्ष सुनील ठाकुर, महेंद्र सिंह, श्रवण कुमार उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान नई कार्यकारिणी के सदस्य सामूहिक चित्र में ।

### हिमाचल परिवहन संगठन की मासिक बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिमाचल परिवहन संगठन की मासिक बैठक अध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर उपस्थित समस्त कर्मचारियों द्वारा सेवानिवृत्त लाभों की अदायगी न करने पर रोष व्यक्त किया गया।

प्रधान विधि सिंह व सचिव त्रिलोकीनाथ ने कहा कि सेवानिवृत कर्मियों द्वारा अनुरोध करने पर भी न तो उन्हें मिलने का समय दिया जा रहा है और न ही उनके लंबित भत्ते बारे प्रबंधन एवं सरकार ने कोई कदम उठाया है। बुढ़ापे की दहलीज पर बैठे सेवानिवृत्त कर्मी अब सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हैं।

## जोगिंद्रनगर वारदात : बेटियों की सुरक्षा के लिए अभिभावकों में आक्रोश

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

मंडी के जोगिंद्रनगर में कॉलेज की छात्रा के साथ पंजाब राज्य के युवकों के द्वारा किए गए दुर्व्यवहार, छीना झपटी और तेज रफतार कार से अपहरण के प्रयास की वारदात पर अभिभावकों में भी आक्रोश पनपना शुरू हो गया है। वहीं बेटियों की सुरक्षा को लेकर सामाजिक संस्थाएं भी लामबद्ध हो गई हैं।

रोटरी क्लब ने जोगिंद्रनगर की बेटी के साथ हुई वारदात से आहत होकर जहां परिजनों से मुलाकात कर बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए पुलिस व प्रशासन से उच्च स्तरीय कार्रवाई की मांग की। नेहा के शरीर में घाव को देखकर भी आरोपितों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। मटरू पंचायत के सूजा संदराल गांव में रोटरी के पदाधिकारियों के साथ पहुंचे रोटेरियन अजय ठाकुर, रामलाल वालिया, मेजर ज्ञान चंद बरवाल और डॉ. अनिल चौहान ने कहा कि नेहा की बहादुरी से ही पंजाब राज्य के शातिर पुलिस की गिरफ्त में आए हैं। इससे प्रदेश में होने वाली इस प्रकार की अन्य वारदातों पर भी अंकुश लग गया। उन्होंने रोटरी की ओर से नेहा की पढ़ाई, स्वास्थ्य और मौजूदा परिवेश में हर संभव सहायता देने का ऐलान किया।(अनंत ज्ञान)



रोटरी क्लब के सदस्यों के साथ घायल नेहा और परिजन।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

### पुलिस ने फिर खंगाली सीसीटीवी फुटेज

ऐहजू में वारदात के बाद सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालने के लिए फिर थाना प्रभारी अश्विनी शर्मा की मौजूदगी में पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों के ब्यान दर्ज कर अपनी जांच को आगे बढ़ाया। डीएसपी पधर दिनेश कुमार ने बताया कि गवाहों के साथ वारदात का वीडियो भी पुलिस ने साक्ष्य के तौर पर कब्जे में लिया है। बताया कि 27 जुलाई को पुलिस आरोपियों की शिनाख्त परेड करवाएगी।

**अनदेखी** पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल ट्रैक बना मजाक, 12 विधानसभाओं की जनता हैं परेशान

# रेलगाड़ी 2022 के बाद नियमित रूप से नहीं हो पाई शुरू



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलमार्ग लगातार अनदेखी का शिकार होता जा रहा है इसी अनदेखी के चलते इस रेलमार्ग पर वर्ष 2022 से रेलगाड़ियों की आवाजाही नाममात्र ही रही है। इन दो वर्षों में कभी एक माह, तो कभी दो माह के लिए रेलगाड़ियां चलीं।

अभी रेलगाड़ियों की समयसारिणी का लोगों को मालूम ही नहीं होता कि इससे पहले रेलगाड़ियां बंद कर दी जाती हैं। अकसर ऐसा होने से प्रदेश के जिला कांगड़ा की 12 विधानसभाओं नूरपुर, फतेहपुर, इंदौरा, जवाली, देहरा, शाहपुर, धर्मशाला, कांगड़ा, पालमपुर, सुलाह, बैजनाथ व जोगिंद्रनगर की जनता को आवागमन करने में परेशानी होती है।

ज्यादातर पंचायतें व पर्यटक और धार्मिक स्थल इसी रेलमार्ग किनारे ही स्थित हैं तथा रेलगाड़ियां बंद होने से पर्यटक व श्रद्धालु भी कम ही आते हैं। वर्ष 2022 में चक्की पुल के पिल्लर बरसात के कारण ध्वस्त हो गए थे, जिसके बाद से रेलगाड़ियां बंद कर दी गई थी। बाद में जनता की मांग पर नूरपुर रोड से बैजनाथ के लिए रेलगाड़ियां चलाई, परंतु कुछ दिनों बाद उनको भी बंद कर दिया।

अब करीब दो सप्ताह पहले ही दोबारा नूरपुर रोड रेलवे स्टेशन से बैजनाथ के लिए दो रेलगाड़ियां चलाई गईं, लेकिन गत सात जुलाई से रेलगाड़ियों को फिर बंद कर दिया गया है।

रोजाना हजारों की संख्या में लोग व व्यापारी करते थे सफर

ट्रैक सही है, लेकिन रेलगाड़ियां बंद हैं। इस रेलमार्ग पर पठानकोट से जोगिंद्रनगर व जोगिंद्रनगर से पठानकोट को सात-सात रेलगाड़ियां चलती हैं। रोजाना हजारों की संख्या में लोग व व्यापारी वर्ग पठानकोट जाते हैं और रेलगाड़ियों से वापस आते हैं। प्रदेश के ज्यादातर व्यापारी पठानकोट से ही सामान लाते हैं।( अनंत ज्ञान)

## मल्होत्रा बजाज ने शुरू की चेतक इलेक्ट्रिक यूनिट

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंडी जिला के गुटकर में मल्होत्रा बजाज द्वारा इलेक्ट्रीक स्कूटर बजाज चेतक के नए शोरूम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिरकत की। इस दौरान ऑटो के क्षेत्रीय प्रबंधक चेतक सेल्स रोहित जैन और क्षेत्रीय प्रबंधक चेतक सर्विस प्रांजल श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।



जयराम को श्री कृष्ण की मूर्ति भेंट करते हुए गणमान्य।

इस दौरान मल्होत्रा बजाज और उनके परिवार ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। जयराम ने कहा कि बजाज चेतक द्वारा यह यह बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया है जिसमें पर्यावरण को राहत मिलेगी और प्रधानमंत्री मोदी और नितिन गडकरी द्वारा भी इस दिशा में कार्य करने के लिए लोगों से आग्रह किया है। मल्होत्रा बजाज के एमडी किरपाल मल्होत्रा ने कहा कि पिछले 24 साल से मंडी जिला में बजाज के विभिन्न दोपहिया वाहनों को लोगों के लिए उपलब्ध करवाया। अब एक नई शुरुआत लोगों की सेवा के लिए की गई है जिसमें बजाज चेतक इलेक्ट्रिक यूनिट की शुरुआत की गई है। लोगों से आग्रह किया है कि एक बार शोरूम में आकर टेस्ट राईड जरूर लें।

### सरकारी रेट के हिसाब से होंगे लोगों के पीलिया टेस्ट : मातुल

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** रुद्राक्षा वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों के द्वारा बैठक आयोजित हुई । इस बैठक में जोगिंद्रनगर में बरसात के मौसम में पीलिया के मामले आए दिन बढ़ रहे हैं । रुद्राक्षा वेलफेयर सोसायटी जोगिंद्रनगर के सदस्यों के द्वारा फैसला लिया गया कि लोगों को सरकारी रेट के हिसाब से टेस्ट करवाए जाएंगे।



जोगिंद्रनगर अन्य लैब के साथ मिलकर पीलिया से ग्रसित मरीजों के पीलिया टेस्ट 140 रुपए में होंगे इसके ऊपर जो भी खर्चा रहेगा उसको रुद्राक्षा वेलफेयर सोसायटी व अन्य हेल्थ केयर लैब साथ मिलकर करेगी ।

## न्यूज ब्रीफ

### लठियानी में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



**विनोद शर्मा, लठियानी।** शहीद भगत सिंह मैमोरियल नोडल क्लब लठियानी में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर मुख्यातिथि विधायक विवेक शर्मा का क्लब की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा विक्कू ने क्रिकेट टूर्नामेंट के शुभारंभ पर बल्ले पर हाथ भी आजमाए। उन्होंने ने कहा कि इस प्रकार के खेलों के आयोजन से युवाओं का ध्यान खेलों की रहेगा और नशे से भी दूर रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी क्लबों के इस प्रकार के टूर्नामेंट करवाते रहना चाहिए। विधायक ने क्लब को एक लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर शहीद भगतसिंह मेमोरियल नोडल क्लब के प्रधान दिनेश कुमार रिंकू ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुटलैहड़ की 16 क्रिकेट टीमों ने भाग लिया। क्लब के सदस्य मिट्ठू सन्नी शशि, मंथन सोनी, अतुल, शांतु, विक्की आदि ने विधायक विक्कू को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आशिमा को भी क्लब की ओर से विधायक से सम्मानित करवाया और शहीद बृजेश की पत्नी को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर अश्वनी कुमार, बेबी, मोहिंद्र सिंह, जोगिंद्र देव आर्य, विनोद शर्मा आदि उपस्थित थे।

### युवाओं को नशों से दूर रहने के दिए टिप्स

**एसके ठाकुर, बिझड़ी।** इंदू नाग देवता युवा मंडल मनसुई की बैठक प्रधान करण ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें युवाओं को नशे से दूर रहने के टिप्स दिए। बैठक में उपप्रधान अमित शर्मा, कोषाध्यक्ष पुनीत चांगरा, अक्षय धीमान, विपन चौधरी और मेंटर श्मनोज राणा जी की उपस्थिति थे। (अनंत ज्ञान)

### ट्रस्ट ने की सोमदत्त की आर्थिक मदद

**अनंत ज्ञान, जसूर।** शहीद अंकुश ठाकुर चेरीटेबल ट्रस्ट ने सोमदत्त पुत्र धर्मपाल गांव लढ़याणी की आर्थिक मदद के लिए अपने हाथ आगे बढ़ाएं है। बता दें कि गत दिनों सोमदत्त में का दो मजिला घर पूरी तरह से जल कर राख हो गया था जिस कारण सोमदत्त को लाखों का नुकसान हुआ था। इस बात की जानकारी जैसे ही ट्रस्ट को मिली तो ट्रस्ट ने इस परिवार को 11 हजार रुपए की राशि सहयता के लिए दी। इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्षा ऊषा रानी, उपाध्यक्ष अनिल, प्रदीप शर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

### महिलाओं पर होने वाले अपराधों के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस लांइस हमीरपुर के सभागार में लैंगिक समानता, लैंगिक संवेदनशीलता और महिलाओं के खिलाफ अपराध पर मध्य ब्लॉक मंडी के अन्वेषणाधिकारियों के लिए एक चार दिवसीय कोर्स का आयोजन किया गया। कोर्स में एसपी भगत सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की। इस कोर्स का मुख्य उद्देश्य पुलिस विभाग के अन्वेषणाधिकारियों की कार्य कुशलता व क्षमता को बढ़ाना, महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों तथा कानून के प्रावधानों के बारे में जानकारी प्रदान करना है।

### रंगस में चैबू पुल से गिरी कार, 7 घायल

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के कस्बा रंगस के पास चैबू पुल से एक कार अनियंत्रित होकर करीब 60 फीट नाले में गिर गई जिससे कार में सवार 7 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर ले जाया गया है। नौंहगी पंचायत के उपप्रधान ठाकुर प्रकाश चंद ने बताया कि रविवार शाम को एक कार नं. जेके 02 बीपी 8844 आ रही थी ज्यों कार चैबू पुल से अनियंत्रित होकर नीचे नाले में गिर गई। लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को कार का दरबाजा तोड़कर बाहर निकाला और टैक्सी से हमीरपुर अस्पताल भेजा गया। कार सवार बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध गए थे और वापस जा रहे थे कि रास्ते में हादसा हो गया। खबर मिलते ही नादौन पुलिस ने मौका पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# गुरु की नगरी डेरा बाबा रुद्रानंद धाम में उमड़ा जनसैलाब

## श्रद्धालुओं ने सुग्रीवानंद महाराज और उनके शिष्य का आशीर्वाद लेकर पावन धूने पर टेका माथा



डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम में वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज और सेवक।



अखंड धूने पर माथा टेकने पहुंची श्रद्धालुओं की लगी भीड़।



डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम में लंगर सेवा में लगे स्वयंसेवी।

**राजेश शर्मा, ऊना**

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु की नगरी डेरा बाबा रुद्रानंद धाम नारी बसाल में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। पांच दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतिम रोज लाखों लोग डेरे में पहुंचे। देर शाम को भी लोग पवित्र धूने पर माथा टेकने और गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए कतारों में लगे हुए थे।

रविवार को गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में लाखों लोगों ने आश्रम के अधिष्ठाता वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज और उनके शिष्य अचार्य हेमानंद जी का आशीर्वाद प्राप्त करके पावन धूने पर माथा टेका। विभिन्न संस्थाओं की ओर से डेरा स्थल पर कई तरह के लंगर प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। मंदिर प्रबंधन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कतारों में ही पेयजल और पंखों की व्यवस्था की गई थी। डेरे में विभिन्न रागी जत्थों द्वारा गुरु की महिमा का गुणगान भी किया गया। खास बात यह थी कि बिना पुलिस के सहयोग के लाखों श्रद्धालुओं पर नियंत्रण रखने के लिए स्वयंसेवी बेहतर भूमिका निभा रहे थे। पूजा-अर्चना के साथ ही गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतिम दिन वेद मंत्रोचारण के साथ मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे थे।

इस कार्यक्रम के शुभारंभ के रोज वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज द्वारा पूजा-अर्चना करने के पश्चात आश्रम में स्थित पांच पिपलों के रूप में पांच ऋषियों की पूजा अर्चना की गई थी। पूरे विधि विधान के तहत आश्रम की ओर से इन पांच ऋषियों जो पीपल के रूप में विद्यमान हैं, उनकी पूजा-अर्चना की गई। उसके पश्चात जनेऊ पहनाने के साथ वस्त्र धारण करवाए गए। इस कार्यक्रम के साक्षी बनने के लिए कई हजार की संख्या में श्रद्धालु डेरे में उपस्थित थे।



माथा टेकने पहुंचे श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हुए।

कार्यक्रम के लिए दूर-दराज से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पिछले रोज ही आश्रम में पहुंच चुके थे। पीपल चूरी कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे क्षेत्र का माहौल भक्ति में बना हुआ था। विभिन्न भजन गायक भी कार्यक्रम को भक्तिमय बनाने के लिए सुबह से ही भजनों के साथ भक्तों का मनोरंजन कर रहे थे।

बता दे के पांच दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में मंदिर और आश्रम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तमाम इंतजाम किए जाते हैं। पहले दिन भी अत्यधिक भीड़ होने के कारण एक किलोमीटर लंबी कतार लगी हुई थी और सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। मंदिर परिसर में ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आयुर्वेद विभाग की ओर से निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर भी लगाया गया था। इसे अस्थायी अस्पताल के तौर पर श्रद्धालुओं के लिए दिन रात खोला गया था। (अनंत ज्ञान)

## आज उमड़ेगा तलमेहड़ा सदाशिव मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



बंगाणा के प्राचीन सदाशिव मंदिर में सावन मास में लाखों भक्त करते हैं जलाभिषेक सावन पूजा का विशेष महत्व, सोमवार को यानी आज से उमड़ेगा जनसैलाब, मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित प्राचीन शिवलिंग सावन मास के उपलक्ष्य पर चौबीस घंटे खुला रहेगा। इस दफा मंदिर में नहीं होगा पॉलिथीन का प्रयोग। हिमाचल प्रदेश के ऊना स्थित तलमेहड़ा में 5600 साल पुराना सदाशिव महादेव मंदिर लाखों लोगों की श्रद्धा का केंद्र है। यहां सावन महीने के सभी सोमवार को मेला लगता है। सुबह चार बजे से यहां लंबी लंबी कतारें लगी होती हैं।

## कांग्रेस की सरकार कितनी गंभीर : कटवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने कहा कांग्रेस की सरकार कितनी गंभीर, गंभीरता पर खड़े हो रहे अनेक सवाल। कांग्रेस सरकार की हवा तो निकल ही चुकी है, जल्द वेंटिलेटर पर होगी।

उन्होंने कहा कि खराब आर्थिक स्थिति के बावजूद रिसोर्स मोबलाइजेशन के लिए सरकारी सिस्टम में कितनी गंभीरता है, यह इसके लिए बनाई कैबिनेट सब-कमेटी की नोटिफिकेशन से पता चलता है। यह नोटिफिकेशन 12 जुलाई की है, जिसे 20 जुलाई को राज्य सरकार की इलेक्ट्रॉनिक गजट पर नोटिफाई किया गया, लेकिन इस नोटिफिकेशन में सब-कमेटी को रिपोर्ट देने के लिए 15 जुलाई 2024 का समय दिया गया है, यानी इलेक्ट्रॉनिक गजट की डेट को भूल भी जाएं तो भी तीन दिन के भीतर राज्य के संसाधन बढ़ाने की रिपोर्ट देनी होगी।



इस नोटिफिकेशन के अनुसार रिसोर्स मोबिलाइजेशन कमेटी का अध्यक्ष उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को बनाया है, जबकि कृषि मंत्री चंद्र कुमार, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन सिंह चौहान और टीसीपी मंत्री राजेश धर्माणी इसके सदस्य हैं। एडवाइजर प्लानिंग को इस सब कमेटी का मेंबर सेक्रेटरी नियुक्त किया है। अब देखना यह है कि कैबिनेट सब-कमेटी कब तक अपनी रिपोर्ट देती है, क्योंकि राज्य सरकार की नोटिफिकेशन के मुताबिक इन्हें 15 जुलाई 2024 को रिपोर्ट देनी थी। प्रशासनिक स्तर पर हुई इसी चूक के कारण अब तक कैबिनेट सब-कमेटी की एक भी बैठक नहीं हो पाई है। यह नोटिफिकेशन मुख्य सचिव की ओर से की गई है।

भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस सरकार में चहेतों को कैबिनेट रैंक बांटे गए हैं। इस समय सीएम के मीडिया सलाहकार, राजनीतिक सलाहकार से लेकर विधायकों भवानी पठानिया, नंदलाल, आरएस बाली को कैबिनेट रैंक है। साथ ही सरकार ने छह सीपीएस बनाए हुए हैं, कैबिनेट रैंक का खर्च काफी अधिक होता है। इसमें गाड़ी, मकान, ऑफिस, स्टाफ का खर्च शामिल है।

## आंगनबाड़ी व मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन की प्रधान बनी राज कुमारी




बैठक में उपस्थित नवनिर्वाचित प्रधान राज कुमारी व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला ऊना इंटक से संबंद्ध आंगनबाड़ी मिड-डे मील एवं जलवाहक वर्कर्स यूनियन की बैठक रविवार को विश्राम गृह ऊना में की गई, इसमें वर्कर्ज यूनियन की पुनर्गठन कर राज कुमारी को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया।

इस दौरान इस मौके पर राष्ट्रीय संगठन इंटक के संगठन सचिव एवं प्रदेश इंटक के महासचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने मुख्य रूप से शिरकत की। सभी मुख्य पदाधिकारियों की अगुवाई में गठन के बाद सभी कार्यकर्ता एमसी पार्क ऊना में जमा हुए। यहां पर आंगनबाड़ी, मिड-डे मील एवं जलवाहक तथा श्रामिकों की मांगों को लेकर गहनता से चर्चा की गई। साथ ही केंद्र सरकार से इन मांगों को पूरा करने की पुरजोर तरीके से मांग की गई। इसके बाद एमसी पार्क ऊना में पंजाब इंटक से जुड़े पीएसएसएफ के प्रधान सतनाम सिंह, इंटक जिला ऊना के प्रधान नरेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष इंडस्ट्री यूनियन अश्वनी कुमार जोशी, ब्लॉक प्रधान अनीश कुमार, सुलिंद्र पाल कौर, मंजू देवी, नीलम कुमारी आदि विशेष रूप से पहुंचे।

बैठक में जगत राम शर्मा ने स्पष्ट किया कि इंटक को बढ़ाने के लिए सभी साथ आएं। संगठन की मजबूती ही सभी पीड़ित वर्गों की आवाज बनेगी।

## आपदा प्रबंधन में गैर-सरकारी संस्थाएं निभाती हैं अहम रोल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला आपदा प्रबंधन द्वारा डीआरडीए सभागार ऊना में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शनिवार को समापन हुआ। कार्यशाला समापन सत्र की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्रपाल गुर्जर ने की।

उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान बेहतर प्रबंधन और राहत-बचाव कार्यों में सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ काम करने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि आपदा के समय स्थानीय लोगों के साथ-साथ लोकल गैर-सरकारी संस्थाओं का अहम रोल रहता है। इनके सहयोग से वहां की परिस्थितियों और उनके अनुभव के साथ बेहतर और प्रभावशाली ढंग से राहत व बचाव कार्यों को करने में मदद मिलती है।

कार्यशाला में आपदा जोखिम प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं, मानवीय सहायता के मानकों व मानवतावादी सिद्धांतों तथा आपदा के उपरांत राहत व बचाव के लिए यथाशीघ्र आवश्यकताओं के आंकलन को लेकर भी विस्तापूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान आपदा के उपरांत सही आंकड़े एकत्रित करने को लेकर ऑनलाइन एप्लिकेशन पर भी चर्चा की गई, ताकि आपदा के समय सही आंकड़ों के आधार पर राहत व बचाव कार्य करने में आसानी रहे।



आपदा प्रबंधन को लेकर हुई कार्यशाला में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी और अधिकारी।

कार्याशाला के दूसरे दिन संस्थाओं के इंटर-एजेंसी ग्रुप का पुनर्गठन किया गया, जिसमें सरकारी संस्थाओं में रेडक्रॉस, फायर, होम गार्ड, एनसीसी, डीपीआरओ और आईआरबीएन बनगढ़ को कोर ग्रुप के मेंबर बनाया गया। वहीं, एक मौका एक उम्मीद संस्था के सचिव जसवीर सिंह को इंटर-एजेंसी ग्रुप का संयोजक चुना गया तथा ह्यूमन राइटस प्रोटेक्शन सैल एंड वेल्फेयर एसोसिएशन, ऋषित फाउंडेशन, अंकुर वेल्फेयर एसोसियशन, नवज्योति यूथ वेल्फेयर सोसायटी एवं एकल नारी कृषि सहकारी सभा को कोर ग्रुप के मेंबर बनाया गया। इसके अतिरिक्त एनजीओ चिंतपूर्णी विकास समिति अंब, देवभूमि फाउंडेशन ऊना, ब्लड लायंस एंड सोशल वेल्फेयर समिति ऊना को इंटर एजेंसी के मेंबर तथा अक्षय शर्मा को आपदा मित्र और दिनेश जसवाल युवा स्वयंसेवी का वॉलंटियर्स बनाया गया।

कार्यशाला में विभागीय अधिकारियों तथा विभिन्न गैर-सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को आपदा प्रबंधन के कानूनी ढांचे तथा व्यवस्था की संपूर्ण जानकारी देने के साथ ही व्यवहारिक पहलुओं पर चर्चा की गई। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना की प्रशिक्षण व क्षमता वृद्धि समन्वयक सुमन चहल ने कार्यशाला का संचालन किया। इस मौके पर प्रथम आईआरबीएन बनगढ़ से सहायक कमांडेंट अनिल पटियाल, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 2023 में शुरू हुआ गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल की ग्राउंड लेवलिंग का काम आज तक नहीं हुआ पूरा

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा**

गोंदपुर बनेहड़ा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के खेल के स्टेडियम के लिए पिछले साल सरकार एवं प्रशासन द्वारा 20 लाख रुपए का बजट मंजूर किया गया था। बजट मंजूर होने के बाद भी काफी समय बाद सितंबर 2023 में स्टेडियम और ग्राउंड की लेवलिंग का काम शुरू हो गया था।

बताते चलें कि इस ग्राउंड की लेवलिंग के काम के लिए टेंडर नहीं निकलवाए गए थे और यह काम लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया था, जिस कारण से उस समय आमजनमानस में इस के प्रति काफी रोष था, उस समय लोक निर्माण विभाग द्वारा स्कूल के ग्राउंड की लेवलिंग का काम शुरू कर दिया गया था, लेकिन आज तक लेवलिंग का काम अधर में लटका हुआ है जिस कारण से पूरे ग्राउंड में घास के बड़े-बड़े पौधे उग चुके हैं और इस वजह से इस ग्राउंड में बच्चों के लिए किसी प्रकार के खेलकूद के कार्य करना काफी मुश्किल साबित हो रहा है, जिस कारण गर्मियों की छुट्टियों में बच्चे इस ग्राउंड में अच्छे से खेल भी नहीं पाते हैं।



गोंदपुर बनेहड़ा का स्कूल ग्राउंड।

वहीं, ग्राउंड की सारी मिट्टी बारिश में बह जाती है, जिससे वाहन चालकों को भी काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। आज तक स्कूल का ग्राउंड न खेलने योग्य है और न ही चलने योग्य। स्कूल के ग्राउंड में केवल बड़े-बड़े घास के पौधों का आलम है और ग्राउंड की मिट्टी बाहर रास्ते पर आ रही है जिस कारण रात्रि के समय कोई दुर्घटना भी हो सकती है।

एसएमसी की प्रधान कमलेश कुमारी ने कहा कि स्कूल शुरू होने तक ग्राउंड की सफाई के लिए प्रयास किए जाएंगे। बीडीसी सदस्य कुलदीप सिंह ने कहा कि उन्हें ग्राउंड की स्थिति का अनुमान है और सभी से मिलकर जल्द इस समस्या का निवारण करवाया जाएगा। एसएमसी के पूर्व प्रधान नरेश राय का कहना है कि इस बारे में काफी बार प्रस्ताव पारित करके स्कूल द्वारा संबंधित विभाग को भेजा गया था और उन्होंने कहा कि खेल के मैदान का कार्य न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। एडवोकेट राज कुमारी शर्मा ने कहा कि खेल के मैदान की दयनीय स्थिति बारे विभाग को काफी बार अवगत कराया गया है। इस बारे विधायक राकेश कलिया को ज्ञापन दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## हरि नाम की चर्चा से सुधार लो जीवन : विशेषानंद

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

अलख आश्रम की तरफ से 'गुरु पूजा ब्यास पूर्णिमा' के अवसर पर गढ़शंकर के गांव समुंदड़ा स्थित प्राचीन शिव मंदिर महेशियाना में दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस समरोह में माहिलपुर स्थित अलख अमर विवेचन प्रत्यक्षालय से स्वामी श्री विशेषानंद जी ने अपने आत्म अनुभवमयी वचनों से आई हुई संगत को निहाल किया।

समारोह के दूसरे दिन की शुरुआत हवन-यज्ञ से हुई। इस उपरांत बच्चों व बड़ों ने भजन गायन से संगत को मंत्रमुग्ध किया। तत्पश्चात स्वामी जी ने अपने वचनों में फरमाया कि कलियुग में जीव पूर्ण हरि चर्चा के द्वारा बिना प्रयास ही अपना लोक परलोक सुधार सकता है। स्वामी जी ने अपने वचनों में कहा कि ह्रदय में सत्संग का उतरना ही यथार्थ ज्ञान है। यहां पर सत्संग रूपी गंगा का प्रवाह चलता है। वहां सारे वेद, उपनिषद, पुराण, सदग्रंथ, रूप धारण करके उपस्थित हो जाते हैं।



आश्रम में प्रवचन सुनते हुए श्रद्धालु।

स्वामी जी ने कहा कि प्राणी राग, क्रोध में जीवन व्यतीत कर रहा है। यह परमार्थ से बहुत दूर ले जाते हैं। जिसका मन काबू नही वह न कर्मयोगी है न सन्यासी। मन का पकड़ना सुलझे हुए, जागे हुए, पूर्ण ज्ञानी की आज्ञा मानने से होता है। प्रभू की भक्ति जानने की चीज है, मानने की नहीं। केवल देव दुर्लभ मनुष्य शरीर के रहते ही यथार्थ भेदी, ज्ञानी तत्ववेता महापुरुषों की कृपा से उस एक हस्ती शक्ति को जाना जा सकता है। समारोह के अंत में, बच्चों ने योग कर आई हुई संगत को स्वस्थ सेहत व निरोगी जीवन जीने की कला को योग के माध्यम से समझाया।

इसके बाद विशेष तौर पर पहुंचे मंदिर कमेटी के सदस्यों ने योग में भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर दूर-दूर से आई सैकड़ों की गिनती में आई संगत ने दर्शनों व प्रवचनों का लाभ उठाया। (अनंत ज्ञान)

**सफलता** 2019 में तत्काल मंत्री वीरेंद्र कंवर ने किया था उद्घाटन, रोपे गए थे 56 सौ पौधे

## बंगाणा के लखरुंह में सात हेक्टेयर भूमि पर बनी बगिया हुई कामयाब

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की जसाना पंचायत के वार्ड लखरुंह में पांच साल पहले आज ही के दिन बन विभाग बंगाणा की तरफ से करीब सात हेक्टेयर सरकारी भूमि पर जन सहभागिता आधारित पर करीब 5600 पौधे रोपित किए थे और इस जन सहभागिता का उद्घाटन तत्काल कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र कंवर ने किया था और रेंज ऑफिसर बंगाणा संदीप सेठी की देख-रेख में यह जन सहभागिता का कार्य पूरा हुआ था।

इतिहास के पन्ने यह बताते हैं कि आज तक बरसात के मौसम में बन महोत्सव कार्यक्रम के तहत हजारों पौधे रोपित किए जाते हैं, लेकिन उनकी देख-रेख कोई नहीं करता और गर्मियों में वही पौधे आग की भेंट चढ़ जाते हैं, लेकिन इस बगीचे को स्थानीय निवासी कर्म चंद में एक मिसाल बनकर उसकी देख-रेख करते हैं और पौधों को लगातार पांच वर्ष आग से बचाकर रखा है।



पौधों की बगिया में बैठे ग्रामीण युवक और गणमान्य।

इस बगिया की पूर्ण रूप से साफ-सफाई करके स्वच्छ पर्यावरण का जनता को संदेश दे रहे जय। स्थानीय प्रधान अनीता राणा का कहना है कि करीब सात हेक्टेयर भूमि पर बनी यह सुंदर बगिया की स्थानीय व्यक्ति कर्म चंद ही देख-रेख करते है और बीते पांच वर्षों से बिना पैसे के इस बगीचे में लगाए गए दवाई दार पौधों की देख-रेख कर रहे हैं। बताते चले कि इस बगिया में 5600 के करीब द्वाईदार फलदार और घासदार पौधे रोपित होने के साथ-साथ पौराणिक आम के पेड़ भी हैं और इस बरसात के मौसम में उन आम के पेड़ों पर आम लगे हैं। और सुबह उठकर कर्म चंद जब बगिया में जाते हैं तो आम के पेड़ के नीचे पड़े आमो को इकट्ठा करके गांव के बच्चों को खिलाते हैं। इस बगिया के बीच पौराणिक बाबड़ी भी बनी हुई है और एक पौराणिक माता मंदिर भी हैं। बताते चले कि अब यह बगिया साफ सफाई में इतनी सुंदर बन चुकी हैं। कि कुछ समय बाद बाहरी राज्यों के किसानी से जुड़े लोग बगिया को देखने आएंगे और इस सारा श्रेय पूरे गांववासी स्थानीय व्यक्ति कर्म चंद को देते है।

हिमाचल में हर सरकार पर्यावरण को स्वच्छ रखने और पौधा रोपण करने के लिए करोड़ों का खर्च करके जनता को जागरूक करती है, लेकिन हर वर्ष वही जनता जंगलों को आग की भेंट चढ़ा देती है। ग्राम पंचायत जसाना के वार्ड लखरुंह के कर्म चंद स्वच्छ पर्यावरण और पौधों को देखभाल करके समाज के लिए प्रेरणा बन चुके है। फॉरेस्ट विभाग ने कर्म चंद को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित करें। राज्य भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता मदन राणा ने कहा कि ग्राम पंचायत जसाना के वार्ड लखरुंह में सात हेक्टेयर भूमि में 56 सौ विभिन्न प्रकार के लगाए गए पौधे आज पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर के सपनों को साकार कर रहे हैं। मदन राणा ने कहा कि पूर्व मंत्री विरेंद्र कंवर और तत्काल रेंज ऑफिसर संदीप सेठी द्वारा 24 जुलाई 2019 को इस बगिया का उद्घाटन करके एक नया प्रारूप पर्यावरण को स्वच्छ रखने का कार्य शुरू किया था और आज इसका श्रेय स्थानीय व्यक्ति कर्म चंद को जाता है।

विरेंद्र कंवर ने कहा कि जब हमारी सरकार थी, तो हमने हर पंचायत में जन सहभागिता पौधरोपण अभियान चलाया था। और कुछ सरकारी भूमि पर इस अभियान के तहत पौधरोपण किया था। कंवर ने कहा कि हमने ग्राम पंचायत जसाना के वार्ड लखरुंह में भी सात हेक्टेयर भूमि पर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर एक बगिया तैयार करवाई थी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### टीबी के उपचार व मुक्ति बारे किया जागरूक



**पतलीकूहल।** रायसन पंचायत में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में टीबी के इलाज व टीबी से मुक्ति की जानकारी दी गई। सामुदायक स्वास्थ्य अधिकारी काजल ठाकुर ने वहां उपस्थित लोगों को टीबी मुक्ति के छह इंडिकेटर की जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि केंद्र सरकार ने 2025 तक हर पंचायत को टीबी मुक्त भारत करने का लक्ष्य रखा है। एक हजार जनसंख्या वाले क्षेत्र में केवल एक टीबी मरीज होना चाहिए। पंचायतों में अभी तक लगभग 85 प्रतिशत टीबी रोगियों ने अपना इलाज पूरा कर दिया है। शिविर में पंचायत प्रधान कर्म चंद ठाकुर, ज्योति, सचिव पुष्पा महंत आदि उपस्थित थे।

### छियाल गांव को साफ कर लोगों को किया जागरूक



**मनाली।** डीएवी स्कूल मनाली के एनएसएस स्वंय सेवियों ने रविवार को सफाई अभियान चलाया। एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वंयसेवियों ने छियाल गांव के क्षेत्र को साफ कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने पंचायत प्रधान दिले राम, युवक मंडल तथा पंचायत के सदस्यों की सहायता से छियाल गांव के आसपास के क्षेत्र को साफ कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। नसोगी पंचायत के प्रधान दिलेराम ने एनएसएस के छात्रों का देश सेवा तथा देश प्रेम के संबंध में मार्गदर्शन किया। उन्होंने समाज में रहकर अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए छात्रों को जागरूक किया। हम सभी को स्वच्छता के प्रति गंभीरता दिखानी होगी। प्रधान ने कहा कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए लोग अधिक से अधिक पौधरोपण करें। डीएवी स्कूल मनाली के एनएसएस संयोजक ने आए हुए अतिथियों का बहुमूल्य विचार रखने के लिए धन्यवाद किया। डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली के प्रधानाचार्य आरएस राणा ने छात्रों के प्रयासों को प्रोत्साहित किया और उन्हें आने वाले दिनों में भी इस तरह के उत्साहजनक भावना में रहकर स्वयं सेवक बन कर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### सर्किट हाउस पर पेड़ गिरना सामान्य घटना नहीं : देवेंद्र



**पतलीकूहल।** प्रदेश कांग्रेस सचिव एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवेंद्र नेगी ने कहा कि पर्यटन नगरी मनाली में बने व्यू सर्किट हाउस, जहां पर अमूमन वीआईपी का आना-जाना रहता है समय-समय पर बैठकों का दौर भी चलता रहता है, सुरक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण आवासीय भवन प्रमुख है। इसके बावजूद यह जानते हुए कि इसके साथ लगते देवदार का एक विशालकाय पेड़ गिरने की कगार पर था तथा इसे संबंधित संयुक्त प्रशासनिक समिति ने असुरक्षित करार दिया था। यही नहीं एसडीएम मनाली ने भी इस पेड़ को सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित विभाग को समय रहते काटने के आदेश दिए थे फिर क्यों इस पर तुरंत कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। यह तो गनीमत रही कि किसी तरह जानी नुकसान नहीं हुआ, इसके नुकसान की भरपाई कौन करेगा। देवेंद्र नेगी ने कहा कि इसी तरह पुलिस थाना मनाली के आसपास सड़क के साथ कुछ देवदार के पेड़ भी सूख रहे हैं व कुछ तो गिरने की कगार पर हैं, जो वर्षा व तूफान आने पर गिर जाते हैं व साथ लगते लोगों के घरों व गाड़ियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, इस पर भी कई बार स्थानीय लोगों ने मनाली प्रशासन को लिखित रूप में अवगत करवाया गया है, जब कोई दुर्घटना घटती है, तब प्रशासन हरकत में आता है। नेगी ने कहा कि कब प्रशासनिक अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति गंभीरता दिखाएंगे तो इस प्रकार की घटना पुनरावृत्ति नहीं होगी।

### हिमाचल डांस चैंपियनशिप के लिए ऑडिशन शुरू

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** हिमाचल डांस चैंपियनशिप के दूसरी संस्करण में भाग लेने के लिए कुल्लू के प्रतिभागियों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। कुल्लू के गांधीनगर में स्थित विंग डांस स्टूडियो में सुबह से ही ऑडिशन में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। रविवार को इसी कड़ी में बहुत से प्रतिभागियों ने नृत्य के प्रति अपने जुनून और लग्न को डांस ऑडिशन में प्रदर्शित किया। इसके साथ ही प्रतिभागियों में प्रतियोगिता को लेकर भी खासा उत्साह बना हुआ है। पिछले साल करवाए गए हिमाचल डांस चैंपियनशिप के पहले संस्करण में भी प्रतिभागियों में प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला था। वहीं, इस साल भी प्रदेश भर में जगह-जगह से आ रहे प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। कुल्लू में प्रतिभागी सुबह से ही चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए होने वाले ऑडिशन में भाग लेने पहुंच रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



# मां वैष्णो देवी के जागरण में उमड़ा जनसैलाब

## भजन गायक विक्की सोनी, निखिल ठाकुर, शालू धीमान ने भजनों के माध्यम से किया मां का गुणगान



अखाड़ा बाजार में मां वैष्णो के जागरण में उमड़ा भक्तों का सैलाब।



मां वैष्णो के जागरण में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे समाजसेवी सुभाष शर्मा माता के भजन सुनते हुए।



मां वैष्णो के जागरण से पूर्व लाई गई माता की ज्योति को स्थापित करते हुए।

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

हर साल की तरह इस बार भी जिला मुख्यालय कुल्लू के अखाड़ा बाजार स्थित रामबाग में दो दिवसीय भगवती जागरण का आयोजनकिया गया।

मां वैष्णो देवी जागरण कमेटी के द्वारा आयोजित 20वें धार्मिक जागरण में सैकड़ों माता के भक्तों ने भाग लिया, जबकि कलाकारों ने माता के भजन गाकर मां वैष्णो का गुणगान किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी सुभाष शर्मा नद ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान बाशिंग स्थित माता वैष्णो मंदिर से शोभायात्रा के साथ माता की ज्योति लाई गई, ज्योति के साथ ही भव्य झांकी निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद पवित्र ज्योति को विधि-विधान के साथ स्थापित किया गया सुर विधिवत पूजा-अर्चना के बाद माता का जागरण शुरू हुआ। मुख्यातिथि सुभाष शर्मा ने पहले माता के चरणों में शीश नवाया और सभी की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

सुभाष शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि मैं माता का भक्त होने के साथ ही मानव सेवा को अपना धर्म मानता हूं। उन्होंने जगराता कमेटी को जगराते के सफल आयोजन की बधाई दी। वहीं, वैष्णो माता मंदिर जागरण कमेटी के चेयरमैन केआर वर्मा, अध्यक्ष अशोक वालिया, उपप्रधान विजय शर्मा, महामंत्री नवीन कुमार, अजय कुमार, संजय ने कहा कि जागरण में हमीरपुर की भजन पार्टी विक्की सोनी, निखिल ठाकुर और शालू धीमान ने एक से बढ़कर एक माता के भजन सुनाकर माता का बखान किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु रात भर जागरण में भजन-कीर्तन में खूब झूमे वैष्णो माता जागरण कमेटी के द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा और रविवार को श्रद्धालुओं के लिए ट्रक यूनियन जंज घर में भंडारे का आयोजन भी किया गया। (अनंत ज्ञान)

# मनाली-काजा मार्ग पर आसान नहीं डगर, संभलकर करना होगा सफर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

मनाली-काजा मार्ग की हालत दयनीय हो गई है। इस मार्ग पर सफर आसान नहीं रह गया है। जगह-जगह सफर संभलकर करने की जरूरत है। दोपहर बाद नालों में पानी बढ़ रहा है।

एक भी वाहन नाले में फंस गया, तो दोनों ओर लंबी कतारें लग रही हैं। सड़क की हालत ठीक न होने से छोटे वाहनों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। फोर बाय फोर वाहनों में सफर कुछ हद तक सुरक्षित है, लेकिन अन्य छोटे वाहनों में सफर जोखिम भरा हो गया है। वाहन चालक नरेंद्र, टशी, दोरजे व पदम ने कहा कि सड़क की हालत अति दयनीय है। ग्रांफू से जब काजा के लिए निकलते हैं, तो आशंका यह बनी रहती है कि काजा पहुंचेगे भी या नहीं। सुबह के समय सफर ठीक है, लेकिन दोपहर बाद नाले उफान पर होने से जोखिम बढ़ रहा है।



छोटा दड़ा से बातल तक सफर जोखिमभरा हो गया है। सड़क खराब होने से वाहनों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। दो सौ किमी के सफर को तय करने में 12 घंटे से अधिक का समय लग रहा है। इन वाहन चालकों ने बीआरओ से जल्द सड़क सुधारने का आग्रह किया है। बीआरओ अधिकारी ने बताया कि सड़क को डबल लेन बनाया जा रहा है। कुछ जगह सड़क की हालत दयनीय है, जिसे ठीक किया जा रहा है।



मनाली-क़ाज़ा सड़क मार्ग पर छोटा दड़ा में सड़क का खस्ताहालत।

# खल्याणी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 62 का जांचा स्वास्थ्य

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष, शिक्षा विभाग, रोटरी नेत्र अस्पताल और पंचायत बाराहार के सहयोग से खल्याणी में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिला राजस्व अधिकारी गणेश ठाकुर ने इस कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत की।

उन्होंने कहा कि भविष्य में भी प्रशासन व सामाजिक संस्थाएं मिलकर दूरदराज गांव में इस तरह के निशुल्क जांच शिविर लगाएंगी। शिविर के आयोजन का उद्देश्य जागरूकता पैदा करना, लोगों को स्वास्थ्य देखभाल के बारे में शिक्षित करना और निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना और बीमारियों की घटनाओं को कम करना है। शिविर के दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खलियाणी के 118 व्यक्तियों और 98 बच्चों ने शिविर में पंजीकरण करवाया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 62 व्यक्तियों की जांच की और 30 मामलों का रक्तचाप, 30 मामलों का ब्लड शुगर परीक्षण किया। 13 मामलों में हीमोग्लोबिन परीक्षण किए गए।



आरबीएसवाई टीम ने जीएसएसएस खलियाणी के 98 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में रोटरी आई हॉस्पिटल की टीम ने 40 लोगों की जांच एवं दृष्टि का परीक्षण किया। 13 मामलों में मोतियाबिंद पाया गया और उन्हें ऑपरेशन की सलाह दी गई। शिविर में जिन मामलों की जांच की गई, उनमें से अधिकांश गैर संचारी रोगों से ग्रस्त थे और उन सभी को मुफ्त दवाएं वितरित की गईं। शिविर में विशेषज्ञों/परामर्शदाताओं द्वारा योग एवं किशोर उम्र की समस्याओं पर सत्र भी आयोजित किए गए। शिविर में लोकमित्र केंद्र के माध्यम से आधार अपडेट करने की सुविधा भी प्रदान की गई। शिविर में लगभग 15 आधार कार्ड अपडेट किए गए। (अनंत ज्ञान)

# जिला प्रभारी बने योगराज ठाकुर

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान न्यास जिला कुल्लू द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर भुंतर में स्थित होटल ताराविला में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राज्य वरिष्ठ प्रभारी भारत स्वाभिमान लक्ष्मी दत्त शर्मा के द्वारा की गई। बैठक में राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति बालक राम ठाकुर, राज्य सह प्रभारी रमेश शर्मा, राज्य सह प्रभारी पतंजलि किसान सेवा समिति आसा राम एवं मंडी- शिमला प्रभारी राजेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। गुरु पूर्णिमा महोत्सव में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन किया गया और इसके साथ ही योगाभ्यास ओर प्राणायाम एवं मंत्रोचारण किया गया।

इसके बाद हवन यज्ञ किया गया और बाद में पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान राज्य वरिष्ठ प्रभारी भारत स्वाभिमान लक्ष्मी दत्त शर्मा ने कुल्लू कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया और इस दौरान मनोनीत किए गए सदस्यों को नई जिम्मेदारी दी गई, जिसमें भारत स्वाभिमान से जिला प्रभारी योगराज ठाकुर, संगठन मंत्री कर्म चंद, कोषाध्यक्ष मूरत राम ठाकुर, मनाली तहसील प्रभारी विशंभर ठाकुर तथा पतंजलि योग समिति से जिला प्रभारी हंस राज शर्मा, संगठन मंत्री इंदीवर मेहता, भुंतर तहसील प्रभारी कमल टंडन, कुल्लू तहसील प्रभारी मनित गुलरिया को मनोनीत किया गया। (अनंत ज्ञान)

# कमांडर नाला में मतभेद के चलते रुके नहर के कार्य को करवाया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल के कमांडर नाले में जल शक्ति विभाग की ओर से नहर के कार्य में उत्पन्न समस्या व विवाद को विधायक अनुराधा राणा ने सुलझा दिया है।

रविवार को उन्होंने बीआरओ और जल शक्ति विभाग के साथ मौके का दौरा किया और विवाद को मौके पर सुलझाया। उन्होंने जल शक्ति विभाग व बीआरओ के बीच चल रहे मतभेद को दूर किया। जल शक्ति विभाग कमांडर नाले से नहर बना रहा है, ताकि किसानों के खेतों तक पानी आसानी से पहुंच सके। बीआरओ के साथ मतभेद होने से काम बंद हो गया था। अब कार्य फिर से शुरू हो गया है। विधायक अनुराधा राणा अपना लाहौल घाटी का दौरा बीच में छोड़ शिमला रवाना हो गए हैं। विधायक ने स्पीति घाटी का दौरा पहले ही कर लिया था, जबकि इन दिनों लाहौल घाटी के दौरे पर थे। लाहौल-स्पीति कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञालसन ठाकुर ने कहा



लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा लाहौल के कमांडर नाला में।

**विधायक अनुराधा राणा ने मतभेद दूर कर दिए जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश**

कि विधायक अनुराधा राणा का जनसंपर्क कार्यक्रम कुछ दिनों के लिए रोक दिया गया है।

विधायक अनुराधा राणा विधायकों के शपथ ग्रहण समारोह और एकदिवसीय विधायक प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेने शिमला रवाना हो गई हैं। अगला कार्यक्रम 24 या 25 जुलाई तक प्रेषित किया जाएगा।

> कमांडर नाला में जल शक्ति विभाग की ओर से नहर के कार्य में उत्पन्न समस्या व विवाद को बीआरओ के आफिसर कमांडिंग मेजर रवि शंकर को मौके पर बुलाकर निरीक्षण करवाकर विवाद को सुलझाया और कार्य को प्रगति पर करने का निर्देश दिया।
>
> **अनुराधा राणा, विधायक लाहौल-स्पीति।**

# हर पंचायत में पहुंचना हमारा उद्देश्य : डॉ. श्रुति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सांफिया फाउंडेशन की निदेशक डॉ. श्रुति भारद्वाज ने कहा कि सांफिया फाउंडेशन का उद्देश्य कुल्लू की हर पंचायत में पहुंचना है। रविवार को डॉ. श्रुति भारद्वाज ने पंचायत मौहल में ग्राम सभा के दौरान लोगों को फाउंडेशन की गतिविधियों और कार्यों के बारे में जानकारी दी।

सांफिया फाउंडेशन दिव्यांग बच्चों के विकास के लिए जो थैरेपी सेवाएं मुहिया करवाती है, उसे गांव-गांव जाकर आम जन तक पहुंचाना आवश्यक है, ताकि छोटे बच्चों में बढ़ रही दिव्यांगता को कम किया जा सके। इसी उद्देश्य से आज हमारी दो टीमों नें अलग-अलग पंचायतों में जाकर उपस्थित लोगों को जागरूक किया, जिसमें पहली टीम ग्राम पंचायत मौहल तथा दूसरी टीम पंचायत भुट्टी कॉलोनी गई थी। वहीं, फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक बीजू हिमदल ने पंचायत जरड़ भुट्टी कॉलोनी में उपस्थित लोगों को सांफिया फाउंडेशन द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में दी जाने वाली थैरेपी सेवाओं जैसे फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थैरेपी, स्पीच थैरेपी एवं विशेष शिक्षा के बारे जानकारी दी। पंचायत जरड़ के उपप्रधान राम सिंह ने फाउंडेशन के पदाधिकारियों को पंचायत में महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए आभार जताया और भविष्य में हर तरह के सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पंचायत ग्राम पंचायत मौहल में प्रधान इशरा देवी तथा पंचायत जरड़ भुट्टी कॉलोनी में प्रधान हर्षा ठाकुर तथा सांफिया फाउंडेशन की तरफ से समाजसेविका धनेश्वरी के अलावा सन्नी, मनु, एवं इंटर्नशिप स्टूडेंट तारकेश्वरी व तान्या ठाकुर मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



मौहल पंचायत में ग्राम सभा के दौरान लोगों को सांफिया फाउंडेशन के कार्यों की जानकारी देते हुए फाउंडेशन के पदाधिकारी।

# ऊझी घाटी की सोयल पंचायत में चलाया स्वच्छता अभियान

**मोहन कपूर, पतीलकूहल**

नग्गर खंड की सोयल पंचायत में पंचायत प्रधान की अगुवाई में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

अभियान में पंचायत के अंतर्गत आने वाले महिला मंडल, युवक मंडल, मनाली पब्लिक स्कूल के छात्र एवं अध्यापकों सहित हीलिंग हिमालया के फाउंडर प्रदीप सांगवान ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पंचायत प्रधान अमर ने बताया कि खंड कार्यालय नग्गर के दिशा-निर्देशों अनुसार पंचायत में समय-समय पर साफ-सफाई अभियान चलाया जाता है। इस बार लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष मुहिम चलाई गई, जिसमें लोगों को कूड़े का निपटान कैसे करें सहित गंदगी फैलाने पर दंड दिए जाने के नियमों की जानकारी साझा की गई। नग्गर खंड में चल रहे



स्वच्छता अभियान की जानकारी देते हुए खंड विकास अधिकारी मुकेश ने बताया कि नग्गर खंड की समस्त पंचायतों को कूड़ा फैलाने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाने के निर्देश जारी किए हैं। यदि कोई कूड़ा-कचरा फैलाते हुए पाया जाता है, तो उसके विरूद्ध पंचायतीराज अधिनियम की धारा 12,13 व 15 के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें 1 से 5 हजार तक जुर्माने का प्रावधान है। (अनंत ज्ञान)

**ग्राम सभा** सर्वसम्मति से लिया निर्णय क्रशर से संबंधित एनओसी के लिए किया जाएगा साफ इंकार

# बागा माहिली में क्रशर लगाए जाने का किया विरोध

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू की पंचायत अरछंडी में ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों ने बागा माहिली में स्टोन क्रशर लगाए जाने का कड़ा विरोध जताया है।

पंचायत प्रधान पुनी देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में अरछंडी पंचायत के लोगों ने एक मत होकर बागा माहिली गांव में क्रशर लगाने के लिए पंचायत से अनापत्ति लेने के मामले का विरोध किया। ग्रामीण निरत राम ठाकुर, वेली राम ठाकुर, प्रकाश देव ठाकुर, चमन नेगी, पंचायत के उपप्रधान भागेश शर्मा, पूर्व उपप्रधान डोला राम ठाकुर ने क्रशर का कड़ा विरोध किया। सभी ने कहा कि इससे पूरे इलाके में प्रदूषण फैलेगा, जिसके दुरगामी परिणाम बहुत बुरे होंगे। (अनंत ज्ञान)



ग्राम पंचायत अरछंडी में ग्राम सभा के दौरान ग्रामीण चर्चा करते हुए।

**भविष्य में भी क्रशर एनओसी के लिए साफ इंकार**

ग्राम सभा में सभी लोगों ने क्रशर लगाने का विरोध किया। सभी ने कहा कि प्रस्ताव पारित किया जाए कि निकट भविष्य में भी यदि कोई भी आने वाले समय मे कोई और व्यक्ति क्रशर लगाने की अनापत्ति लेने आएगा उनकी फाइल ही नहीं ली जाए। इसके साथ-साथ सभी लोगों ने कहा कि निकट भविष्य में पंचायत अपने क्षेत्र में इको फ्रैंडली कार्यों को तवज्जो देकर अपने क्षेत्र को आगे ले जाने की योजना बनाए, जिससे इलाके के युवाओं को रोजगार मिले।

**पर्यावरण को होगा नुकसान**

पूर्व पंचायत प्रधान चुनेश्वर ठाकुर ने कहा कि पंचायत में इस तरह का प्लांट लगने से क्षेत्र पर बुरा असर पड़ेगा और पर्यावरण को नुकसान होगा। इसके साथ-साथ क्रशर के लगने से और भी गंभीर दिक्कतें आएंगी। हमने जो रोड पंचायत में आम जनमानस के लिए बनाए हैं। सड़कें लोगों की सुविधा के लिए बनाई हैं न कि इस तरह के खनन माफियाओं को फायदा देने के लिए बनाया गया है।



## न्यूज ब्रीफ

### पत्नी की हत्या कर फरार चल रहा पति गिरफ्तार

**बीबीएन।** नालागढ़ के रामशहर में पत्नी की हत्या के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे पति को गुजरात से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान दिनेश उर्फ धन बहादुर से हुई, जिसे पुलिस गुजरात से गिरफ्तार कर रामशहर थाना ले आई है। अब पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड हासिल करेगी और हत्या से जुड़े पूरे मामले को लेकर पूछताछ करेगी। आरोपी अपनी पत्नी का कत्ल करने के बाद फरार हो गया था, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रहा था। जानकारी के अनुसार 10 जुलाई को रामशहर थाना के तहत एक नेपाल मूल की महिला की हत्या की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस ने गांव होलग के लगदाघाट में स्थित किराये के कमरे में पहुंची, जो कि बाहर से ताला लगाकर बंद किया गया था। पुलिस ने जगत राम पुत्र रती राम निवासी गांव होलग डाकघर लगदाघाट तहसील रामशहर जिला सोलन की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। पुलिस ने दी शिकायत में बताया कि इसने एक रिहायशी कमरा नेपाल मूल के दंपति को किराये पर दे रखा था। किराये पर दिया गया कमरा दो दिन से बंद था, जिसे खोलने पर इन्होंने देखा कि अंदर गंगा देवी पुत्री मोया राम थापा निवासी गांव कैलाली डाकघर टीकापुर, थाना शांतिबाजार बरदिया आंचल गोला गाबी साठ, नेपाल मृत अवस्था में पड़ी थी। जगत राम ने शक जाहिर किया कि गंगा देवी की हत्या इसके पति बहादुर ने की है। अब पुलिस मृत महिला के पति से पूछताछ कर रही है। बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि महिला के पति को गिरफ्तार कर लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

### प्रवासी व्यक्ति ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**पांवटा साहिब।** जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब में एक प्रवासी व्यक्ति की ओर से फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला संज्ञान में आया है। मृतक की पहचान सुरजीत पुत्र हेमकरण गांव सिरदापुर, डाकघर रामपुर कोठी, तहसील गोला, जिला लखमीपुर खीरी (उत्तरप्रदेश) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, पांवटा साहिब उपमंडल की पातलियों पंचायत के अंतर्गत जंगल में एक बरगद के पेड़ की मोटी टहनी से एक व्यक्ति रस्सी से लटका हुआ था। जब उसको पेड़ से लटका हुए देखा, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव पेड़ से उतारकर आगामी कार्रवाई शुरू की। सुरजीत के परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की है। बताया जा रहा है कि सुरजीत पांवटा साहिब के एक उद्योग में कार्यरत था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है। पांवटा साहिब की डीएसपी अदिति सिंह ने घटना की पुष्टि की है।

### 24 को स्थानीय निधि लेखा समिति की बैठक

**नाहन।** जिला प्रशासन के प्रवक्ता ने बताया कि 24 जुलाई को प्रातः दस बजे उपायुक्त कार्यालय में स्थानीय निधि लेखा समिति की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता समिति के सभापति संजय रतन करेंगे। उन्होंने सभी विभाग अध्यक्षों को आवश्यक रूप से इस बैठक में उपस्थित होने के लिए कहा। बैठक के दौरान समिति राज्य लेखा परीक्षा विभाग के दायरे में आने वाले सिरमौर के सभी विभागों के लंबित ऑडिट पैरों पर संवीक्षा करेगी तथा उनके द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं/ परियोजनाओं का भी निरीक्षण किया जाएगा। सभापति संजय रतन की अध्यक्षता में स्थानीय निधि लेखा समिति हिमाचल प्रदेश 21 से 25 जुलाई तक सिरमौर, सोलन व शिमला के प्रवास पर रहेंगे।उन्होंने जिले के समस्त विभाग अध्यक्षों से आग्रह किया कि स्थानीय निधि लेखा से संबंधित ऑडिट पैरों एवं गत तीन वित्तीय वर्षों के आय -व्यय प्रकलनों और कार्यकलापों के विवरण की नवीनतम सूचना निर्धारित प्रपत्र पर डीसी कार्यालय की विविध शाखा में 20 जुलाई दोपहर 12 तक जमा करवा दें।

### गांववासियों ने की ख्वाजा महाराज की पूजा-अर्चना

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** अर्की उपमंडल के मांजू गांव के ग्रामवासियों ने मिलकर अपने प्राकृतिक जलस्रोत की सफाई की। गांव के प्रमुख और वरिष्ठ सदस्यों के नेतृत्व में गांववासियों ने जलस्रोत की सफाई का कार्य संपन्न किया। इस अभियान के बाद ख्वाजा महाराज के पूजन का आयोजन किया, जिसमें गांव के लोग शामिल हुए और सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। ख्वाजा महाराज के पूजन की महत्ता के बारे में जानकारी देते हुए समाजसेवी मेहरचंद चौहान ने बताया कि सभी ग्रामवासी सदियों से इस प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते आ रहे हैं। गांववासियों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ख्वाजा महाराज को स्थानीय देवता के रूप में माना जाता है और उनका पूजन गांव में सुख-समृद्धि, शांति और सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। (अनंत ज्ञान)

### अवैध नशे के खिलाफ पुलिस का मास्टर स्ट्रोक जारी

**सोलन।** सिरमौर में अवैध नशे के खिलाफ पुलिस का मास्टर स्ट्रोक जारी है। इस साल की अगर बात करें, तो अब तक पुलिस ने अवैध नशे का कारोबार कर मोटी चांदी कूटते हुए समाज को खोखला कर रहे बड़े 88 सरगनाओं को सलाखों के पीछे पहुंचाया है। पुलिस की लगातार कार्रवाई से नशे के बड़े कारोबारियों में हड़कंप मचा है। जिले के सहायक पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा ने बताया कि सिरमौर में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत इस साल अभी तक 51 मामले दर्ज किए, जिनमें 81 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें से 63 आरोपी हिमाचल, 16 बाहरी राज्यों समेत दो आरोपी विदेशी भी शामिल हैं। एएसपी ने बताया कि पुलिस की ओर से उक्त मामलों में करीब 28.40 लाख नकद, सोने की 3.50 लाख रुपए के करीब की चेन व अंगुठी आदि भी बरामद की हैं। पुलिस द्वारा इस साल 8.7 किलोग्राम चरस, 300 ग्राम हेरोईन, 7.5 किलोग्राम भूक्की, 15.5 किलोग्राम पपीहस्क स्ट्रा, 38 किलो अफीम, 5 किलो गांजा समेत, अफीम के पौधे 5591 एवं नशे की दवाएं 4391 बरामद की हैं।

### स्वास्थ्य मंत्री आज सोलन के प्रवास पर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल 22 जुलाई को सोलन जिले के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल आज दोपहर 12.30 बजे वकनाघाट स्थित बहरा विश्वविद्यालय में सितारे हिमाचल के सम्मान कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे।

### ओमेक्स पार्कवुड-2 की कमान कृष्ण को सौंपी

**बीबीएन।** ओमेक्स पार्कवुड फेस-दो बद्दी के चुनाव रविवार नगर परिषद बद्दी के चेयरमैन तरसेम चौधरी की अध्यक्षता में हुए, जिसमें कृष्ण कुमार को सर्वसम्मति से सोसायटी का अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा संजीव तायल को उपप्रधान, महासचिव सतीश शर्मा, सह सचिव गुरदीप सिंह, कोषाध्यक्ष विनीत शर्मा व उप कोषाध्यक्ष परनीश कंबोज को चुना गया। जल्द ही पुरानी सोसायटी नई सोसायटी को समस्त लेखा-जोखा सौंपेगी। चुनाव में नगर परिषद अध्यक्ष तरसेम चौधरी के अलावा वार्ड पार्षद सुरजीत चौधरी, उपाध्यक्ष मोहन सिंह, संजीव कुंडल्स, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश शर्मा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। आम सभा में पंडित सुभाष शर्मा, पूर्व सचिव नरेंद्र कुमार, पूर्व उपप्रधान सोम नाथ पाल, पूर्व सह सचिव राजीव चंदेल, यशकुमार, राजेश, नारायण, डॉक्टर कोमल, विकास गुप्ता, महादेव, नौलख सिंह, संदीप, राजेश गोयल, अवतार सिंह आदि ने भाग लिया और नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं।

### दभोटा में अवैध खैर समेत एक आरोपी गिरफ्तार

**बीबीएन।** पुलिस चौकी दभोटा के तहत एक वैन से खैर के पांच मौछे पुलिस ने कब्जे में लिए हैं। जानकारी के अनुसार वन खंड अधिकारी को शिकायत प्राप्त हुई कि गश्त के दौरान बोदला में एक ओमिनी वैन, जिसमे पांच मौछे खैर के हैं उसे पकड़ा, जिसमें एक व्यक्ति को हिरासत में लिया, जबकि अन्य तीन सहयोगी फरार हो गए। पुलिस ने मामला पंजीकृत कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएसपी नालागढ़ भीष्म ठाकुर ने मामले की पुष्टि की।

### घणागुघाट स्कूल में पेड़-पौधों का किया रखरखाव

**आशीष, दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घणागुघाट में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की ओर से एकदिवसीय सेवा कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी कामेश्वर वर्मा व सह प्रभारी सुनीता ठाकुर की देखरेख में विद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्र में पूर्व में लगाए गए पेड़-पौधों का रखरखाव तथा साफ-सफाई अभियान चलाया। स्वयंसेवियों ने पूर्व में लगाए गए पौधों के आसपास उगी अवांछित कंटीली झाड़ियों को काटा तथा पौधों की निराई गुड़ाई की। पौधों के रखरखाव के लिए उनके चारों ओर तौलिए बनाए तथा भेड़-बकरियों से बचाव के लिए बाड़ा भी लगाया, पौधों की उचित ग्रोथ हो सके इसलिए उनमें खाद का प्रयोग किया गया। (अनंत ज्ञान)

### एनजीटी के तहत कार्रवाई के दावे खोखले

**बीबीएन।** नालागढ़ में अवैध खनन का सिलसिला लगातार जारी है। खनन माफिया रात के अंधेरे में खड्डों से खनिज चोरी कर पंजाब सप्लाई कर रहा है, जिससे प्रदेश सरकार को करोड़ों रुपए का टैक्स चोरी से नुकसान पहुंचा रहा है। पुलिस व प्रशासन इन अवैध खनन माफियाओं पर एनजीटी के तहत कार्रवाई करने की बजाए मात्र छोटे-मोटे चालान काटकर खानापूर्ति कर रही है। ऐसे में खनन माफिया छोटी चालान राशि को भरकर दोबारा अवैध माइनिंग का काम कर रहे हैं। अगर इन पर समय रहते कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो खड्डों व नदियों से लाखों व करोड़ों रुपए खनिज चोरी कर देंगे। जबकि पुलिस व प्रशासन के द्वारा पहले एनजीटी के तहत कई वाहनों पर कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस व प्रशासन भी कई बार एनजीटी के तहत कड़ी कार्रवाई करने का दावा कर चुका है, लेकिन सभी दावे खोखले साबित हो रहे हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला शनिवार देर रात सामने आया जहां पुलिस ने महादेव खड्ड से एक जेसीबी मशीन व एक टिप्पर और एक टिप्पर सड़क पर बिना दस्तावेज के पकड़ा, जो अवैध माइनिंग का माल चोरी का पंजाब सप्लाई कर रहे थे। पुलिस ने जेसीबी मशीन पर 75 हजार जुर्माना और दोनों टिप्पर पर 50-50 हजार का जुर्माना लगाया। डीएसपी, नालागढ़ भीष्म ने बताया कि एक जेसीबी मशीन व दो टिप्परों को अवैध माइनिंग करते पकड़ा था, जिन पर जुर्माना लगाया गया है। मशीन पर 75 हजार व टिप्पर पर 50-50 हजार जुर्माना लगाकर छोड़ दिया।

# प्रदेश में प्री-प्राइमरी के बच्चों को शिक्षित करने का गुर सीखेंगी माताएं

## राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने योजना की तैयार, ओरिएंटेशन कार्यक्रम होगा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

पहली शिक्षक मां योजना के तहत प्रदेश में बच्चों को बचपन से ही शिक्षित करने के उद्देश्य से राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने योजना तैयार की है। इसके जरिये बच्चों की माताओं को पढ़ाने के कई तरीके सिखाए जाएंगे, ताकि वह अपने बच्चों को खेल व अन्य तरीकों से पढ़ा सके। इसके लिए, माताओं का ओरिएंटेशन कार्यक्रम होगा। इसका उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना रहेगा।

एससीईआरटी का मानना है कि घर के वातावरण में बच्चे अधिक सीखते हैं। यही वजह है कि विभाग अब बच्चों की माताओं को भी ट्रेंड करने में जुट गया है। ओरिएंटेशन कार्यक्रम में माता को बच्चों की शिक्षा से संबंधित जानकारी दी जाएगी, ताकि वे बच्चों को घर में आसानी से सीखा सके। सबसे पहले एससीईआरटी के रिसोर्स पर्सन को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद वे फील्ड में जाकर माताओं को प्रशिक्षण देंगे। इस कार्यक्रम को एससीईआरटी समग्र शिक्षा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन व शिक्षाविद सफल बनाएंगे। प्रदेश में पहले शिक्षक मां कार्यक्रम सरकार की ओर से आयोजित किया जा रहा है। एससीईआरटी में असिस्टेंट प्रोफेसर एजुकेशन रंजना कुमारी ने बताया कि पहली शिक्षक मां कार्यक्रम के तहत माता को बच्चे के सर्वांगीण विकास के बारे में बताया जाएगा। बच्चे घर में अभिभावकों व स्कूल में अध्यापकों से सीखते हैं, जो उनके जीवन में काम आता है। (अनंत ज्ञान)



एससीईआरटी सोलन।

### बच्चों की पहली शिक्षक होती हैं माताएं

जन्म से 5 वर्ष की आयु तक बच्चे अपने परिवार खासकर मां को देखकर उसका अनुसरण करने की कोशिश करते हैं इसलिए प्राथमिक मार्गदर्शन और पहले शिक्षक के रूप में मां की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। यही वजह है कि अब विभाग मां को ही पढ़ाने के गुर सीखा रहा है।

### यह है लक्ष्य

पहली शिक्षक मां कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को बच्चों के साथ घर में विकासात्मक यानी शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक, भावनात्मक भाषा व सृजनात्मक गतिविधियां करवाने से है। स्वास्थ्य, सुरक्षा व पोषण के बारे में जागरूक करने और बच्चों को स्कूल के वातावरण से परिचित करवाने में शिक्षकों की सहायता के लिए माताओ को समर्थ बनाया जाएगा।

"छोटे बच्चों को घर में किन गतिविधियों में आसानी से पढ़ाया जा सकता है। इस बारे में माताओं को ओरिएंटेशन कार्यक्रम में बताया जाएगा। इसके लिए रिसोर्स पर्सन की टीम बनाई जाएगी। जो माताओं को प्रशिक्षित करेगी।

**प्रो. हेमंत कुमार, प्रिंसिपल एससीईआरटी।**

# विश्व हिंदू परिषद की मूल प्रकृति सेवा : प्रीति शुक्ला

**अनंत ज्ञान, बद्दी**



प्राचीन शिव मंदिर धर्मपुर चौक में स्थित विश्व हिंदू परिषद संगठन की मातृ शक्ति द्वारा सत्संग, जलाभिषेक और रुद्राभिषेक महाआरती का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ आचार पद्धति से जिला सह-संयोजिका प्रिया कायथ ने किया तथा माजरा प्रखंड संयोजिका सविता नौटियाल, अलकनंदा प्रखंड संयोजिका वंदना रावत एवं श्रद्धा नेगी ने अतिथियों का स्वागत किया गया। प्रीति शुक्ला ने संगठन के बारे में बताते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद की मूल प्रकृति सेवा है। सन् 1964 में इसकी स्थापना के पश्चात शनैः शनैः अपने समाज के प्रति स्वाभाविक प्रेम तथा आत्मीयता के आधार पर विविध प्रकार के सेवा कार्यों का क्रमिक विकास हो रहा है। मातृशक्ति ने हर युग में स्वावलंबन स्वाभिमान तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण के लिए सदैव अग्रणी एवं अनुकरणीय रही है। शक्ति सबके साथ है, शस्त्र के रूप में भी और शास्त्र के रूप में भी। इसी प्रकार शक्ति सृजन कर्ता भी है और विध्वंश कर्ता भी। शक्ति का प्रयोग पवित्रता, सत्यता और सम्मान के लिए होना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ. गीता खन्ना बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भारतीय वीरांगना रानी दुर्गावती एवं देवी अहिल्याबाई होलकर के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि दुर्गावती अपने राज्य के प्रति त्याग और बलिदान के लिए प्रसिद्ध हैं। अपने राज्य की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया था। अपने पति की मृत्यु के बाद न सिर्फ वह गोंडवाना जिले की शासक बनी, बल्कि 15 वर्षों तक आदर्श शासन प्रदान किया। रानी दुर्गावती के शासन को गोंडवाना का स्वर्णिम काल भी कहा जाता है। डॉ. गीता खन्ना ने कहा अहिल्याबाई का मानना था कि धन, प्रजा व ईश्वर की दी हुई वह धरोहर स्वरूप निधि है, जिसकी मैं मालिक नहीं, बल्कि उसके प्रजाहित में उपयोग की जिम्मेदार संरक्षक हूं। उत्तराधिकारी न होने की स्थिति में अहिल्याबाई ने प्रजा को दत्तक लेने का व स्वाभिमान पूर्वक जीने का अधिकार दिया। प्रजा के सुख-दुख की जानकारी व स्वयं प्रत्यक्ष रूप प्रजा से मिलकर लेती तथा न्याय-पूर्वक निर्णय देती थीं। उनके राज्य में जाति भेद को कोई मान्यता नहीं थी व सारी प्रजा समान रूप से आदर की हकदार थी।

# बरसात के मौसम में लगने वाले फलदार पौधे बिक्री के लिए उपलब्ध


नालागढ़ के विभाग के पास फलदार पौधे बिक्री के लिए पहुंचे।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बरसात के मौसम में लगने वाले विभिन्न प्रजातियों के फलदार पौधे विक्रय के लिए के उद्यान विभाग के विकास खंड कार्यालय नालागढ़ में उपलब्ध हैं। यह जानकारी उद्यान विकास अधिकारी विशाल कुमार ने दी।

विशाल ने कहा कि 19 जुलाई से बरसात के मौसम में लगने वाले फलदार विभिन्न प्रजातियों के पौधे जैसे आम, किन्नू, संतरा, नींबू, अमरूद, आंवला, लिची आदि बिक्री के लिए उद्यान विभाग के खंड कार्यालय नालागढ़ में उपलब्ध हैं। यह पौधे उद्यान प्रसार केंद्र मानपुरा, जोगों, रामशहर तथा दिग्गल में भी विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। आम का पौधा 70 और 75 रुपए प्रति की दर से, लिची 70 रुपए, किन्नू 60 रुपए, अमरूद 60 रुपए तथा आंवला 60 रुपए प्रति की दर से, कागजी नींबू 30 रुपए, कुंभकाठ नींबू 55 रुपए और कटहल 40 रुपए प्रति पौधा बिक्री के लिए उपलब्ध है। उद्यान प्रसार अधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि इच्छुक किसान व बागवान फलदार पौधे लेने के लिए उद्यान विभाग के नालागढ़ स्थित कार्यालय में मोबाइल नंबर 98169-34915 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट ने की आत्महत्या

**एसपी जैरथ, नाहन।** जिला सिरमौर के उपमंडल राजगढ़ के तहत एक व्यक्ति द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है।

मृतक की पहचान 46 वर्षीय जोगेंद्र सिंह पुत्र ओमी राम निवासी गांव ठंडीधार के रूप में हुई है। वह वेटरनरी विभाग में फार्मासिस्ट के पद पर पबियाना राजगढ़ में कार्यरत था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, मृतक ने होटल पैराडाइज कोटली में ही अपना रिहायशी घर बना रखा था। इस दौरान उसने अपने रिहायशी मकान में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जब परिजनों ने उसे फंदे पर लटका हुआ देखा, तो उनके होश उड़ गए। घटना के बाद उसे सिविल अस्पताल राजगढ़ ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। मामले की पुष्टि डीएसपी राजगढ़ विद्याचंद नेगी ने की है। (अनंत ज्ञान)

# खोलना था खंड शिक्षा कार्यालय, खोल दिया खंड विकास कार्यालय, फिर स्वीकारी गलती : डॉ. राजीव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री राजीव सहजल ने कहा कि गलतियों की मूर्ति बनकर सुक्खू सरकार बैठी है।



कभी प्रदेश स्तरीय नोटिफिकेशन में गलती और विलंब, कभी जिला स्तरीय नोटिफिकेशन में गलती। ऐसा प्रतीत होता है कि यह सरकार गलती से बनी है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री की एक घोषणा ने सिरमौर जिले के शिलाई में भ्रम की स्थिति पैदा कर दी है।

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिरमौर के उपनिदेशक और परियोजना अधिकारी ने मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव के निर्देशों के बाद एक आदेश जारी किया, जिसमें शिलाई के खंड विकास अधिकारी को रोनहाट में खंड विकास कार्यालय खोलने की संभावना का परीक्षण करने का निर्देश दिया। इस आदेश में आसपास की पंचायतों से सहमति या असहमति और सिफारिशें मांगने और प्रस्ताव पर टिप्पणियां दर्ज करने का भी निर्देश दिया गया था। जब इस पत्र की एक प्रति सोशल मीडिया पर फैलने लगी, तो रोनहाट और आसपास के क्षेत्र के लोग एक-दूसरे को बधाई देने लगे। वहीं, स्थानीय लोग मुख्यमंत्री और स्थानीय विधायक हर्षवर्धन सिंह चौहान का धन्यवाद करने लगे। लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने इस फैसले को क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना।

मामले में नाटकीय मोड उस समय आया, जब पता चला कि यह सब एक लिपिकीय त्रुटि के कारण हुआ था। मुख्यमंत्री कार्यालय की एक टाइपोग्राफिकल गलती ने मूल घोषणा को ही बदल दिया था। यह गड़बड़ी तब हुई जब मुख्यमंत्री द्वारा की गई मूल घोषणा को आधिकारिक दस्तावेजों में गलत तरीके से दर्ज किया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस गलती की पुष्टि की है और इसे जल्द सुधारने का आश्वासन दिया है। दरअसल, इसी साल 13 मार्च को सिरमौर जिले के दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने शिलाई में जनसभा को संबोधित करते हुए रोनहाट में एक खंड शिक्षा कार्यालय खोलने की घोषणा की थी, जो शिलाई के अंतर्गत आता है। हालांकि, एक क्लेरिकल गलती के कारण कार्यालय को गलती से खंड विकास कार्यालय के रूप में सूचीबद्ध कर दिया गया। स्थानीय विधायक और उद्योग, संसदीय कार्य, श्रम और रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने स्पष्ट किया कि रोनहाट में सरकार द्वारा की गई गलत पत्राचार एक टाइपिंग की गलती का परिणाम था, जिसे अब ठीक कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने रोनहाट में खंड शिक्षा कार्यालय खोलने की घोषणा की थी और इसके लिए आवश्यक औपचारिकताएं जल्द ही पूरी की जाएंगी।

# बारिश न होने से सूखे की चपेट में फसलें

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

सोलन के मैदानी एरिया बद्दी-नालागढ़ में मक्की व धान की फसल सूखे की चपेट में आने से मुकझाने लगी है। दून के पहाड़ी क्षेत्र चंडी, पट्टा, कुठाड़, बनलगी आदि क्षेत्रो में दो सप्ताह से बारिश नहीं हुई है। यहां पर किसानों की फसलें पूरी तरह से सूख गई हैं।

बद्दी व नालागढ़ क्षेत्र में 8 हजार हैक्टेयर मक्की की फसल लगाई है। वहीं, छह हजार हैक्टेयर जमीन पर धान भी लगाया है, लेकिन इस क्षेत्र में दो सप्ताह से बारिश नहीं हुई है, जिससे किसानों की फसल मुरझा गई हैं। चंडी के प्रधान बलवंत ने बताया कि पिछले पंद्रह दिन से चंडी क्षेत्र में बारिश नहीं हुई है। यहां पर मक्की, धान, अरबी, व अदरक की फसल खराब हो गई है। वहीं पट्टा, बनलगी. भावगुड़ी, कुछाड़ आदि पंचायतो में फसलें सूखे से पूरी तरह से मुरझा गई हैं। अगर जल्द बारिश नहीं होती है, तो लोगों को इस साल मक्की व धान से हाथ धोना पड़ेगा। मंझोली के किसान सुच्चा सिंह, बरूणा के



जगजीत सिंह, ढांग उपरली के सदा राम, नंगल से टेक चंद चंदेल, भोगपुर के उजागर चौधरी, दभोटा के सुरमुख सिंह, किरपालपुर से गुरप्रताप सिंह ने बताया कि दस दिन से बारिश नहीं हुई है, जिससे घास मक्की से ऊपर चला गया है। किसान बिना बारिश के घास मारने की दवाई के स्प्रे नहीं कर पा रहे हैं। कुछ लोगों ने खड्डों में मोटर लगा रखी है, लेकिन इस साल बारिश न होने से इन खड्डों में पानी नहीं है। लोगों के धान सूख रहे हैं। जून माह में किसान धान लगा देते थे, लेकिन इस वर्ष बारिश के अभाव में अभी तक किसान धान की फसल लगा रहे हैं।

### बारिश न होने से खरीफ की फसल प्रभावित : गौतम

कृषि विभाग के विषय वाद विशेषज्ञ संदीप गौतम ने बताया कि बारिश न आने से खरीफ की फसलें प्रभावित हुई हैं, जिन स्थानों पर सिंचाई की व्यवस्था है, वहां पर किसान अपनी फसलों की सिंचाई करें।

### अधिकांश किसान बरसात पर निर्भर

मैदानी क्षेत्रों में जिन लोगों के पास सिंचाई की सुविधा है, उनकी फसल थोड़ी ठीक है, लेकिन अधिकांश लोगों की फसल सूखे से मुरझा गई हैं। आपकी आवाज पट्टा महलोग के संचालक राज कुमार ने बताया कि दून के पहाड़ी क्षेत्र की पंचायतों में बारिश की जरुरत बनी हुई है। फसलों के मुरझाने के साथ-साथ लोगों को पीने के पानी की दिक्कत होनी शुरू हो गई है।

# अर्की कॉलेज में प्रवेश आरंभ

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** अर्की कॉलेज में 22 से एमए हिस्ट्री की तीस सीटों, एमए अंग्रेजी की बीस सीटों तथा पीजीडीसीए की चालीस सीटों के लिए प्रवेश आरंभ हो रहा है। इच्छुक विद्यार्थी कार्यालय से फॉर्म लेकर आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही सभी संकायों की छात्राओं के लिए छात्रावास के लिए भी प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो रही है। इच्छुक छात्राएं 22 से 31 तक कॉलेज कार्यालय से फॉर्म लेकर या कॉलेज की वेबसाइट से डाउनलोड कर आवेदन कर सकती हैं। तृतीय सत्र की ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया भी आरंभ की जा रही है, ताकि सभी विद्यार्थी समय पर प्रवेश लेकर अपनी पढ़ाई आरंभ कर सकें। इस संबंध में कॉलेज प्राचार्या प्रोफेसर सुनीता शर्मा ने कहा कि दूरदराज क्षेत्र से आने वाली छात्राओं के लिए कॉलेज में छात्रावास की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, ताकि छात्राओं का आने-जाने में समय बर्बाद न हो। (अनंत ज्ञान)

# शूलिनी विवि यूएस न्यूज और वर्ल्ड रिपोर्ट में शीर्ष स्थान पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

दो प्रतिष्ठित विश्व रैंकिंग संगठनों- टाइंस हायर एजुकेशन और क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) की सूची में शीर्ष पर रहने के बाद-शूलिनी विश्वविद्यालय यूएस न्यूज और वर्ल्ड रिपोर्ट द्वारा घोषित रैंकिंग में शीर्ष युवा निजी विश्वविद्यालय के रूप में उभरा है।

यूएस न्यूज और वर्ल्ड रिपोर्ट द्वारा 2024-2025 की सर्वश्रेष्ठ वैश्विक विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में 47.2 के उल्लेखनीय स्कोर के साथ विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर 769वां स्थान दिया गया है। भारत के भीतर, शूलिनी विश्वविद्यालय सभी भारतीय विश्वविद्यालयों और आईआईटी जैसे संस्थानों में 12वें स्थान पर है। भारत के कुल 140 संस्थानों को रैंकिंग दी गई, जिसमें आईआईएससी बेंगलुरु 51.2 के स्कोर के साथ 612वें नंबर पर है, इसके बाद आईआईटी बॉम्बे



50.3 के स्कोर के साथ 635वें स्थान पर है। शूलिनी विश्वविद्यालय के संस्थापक और चांसलर प्रोफेसर पीके खोसला ने कहा कि यह मान्यता वैश्विक स्तर पर अकादमिक उत्कृष्टता और अनुसंधान प्रभाव के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। शोधकर्ताओं, संकाय और छात्रों को बधाई देते हुए, कुलपति प्रोफेसर अतुल खोसला ने कहा कि अग्रणी वैश्विक रैंकिंग संगठनों से मान्यता विश्वविद्यालय में अनुसंधान और शिक्षाविदों पर दिए गए जोर का प्रमाण है, विश्वविद्यालय अनुसंधान और नवाचार में उच्च प्राथमिकता देना जारी रखेगा।

# एसपी कार्यालय के साथ डंगे पर नहीं लगाई रेलिंग

**नाहन।** जिला मुख्यालय में एसपी कार्यालय के प्रवेश द्वार के साथ लगता ढंगा यहां चलने वाले लोगों और वाहनों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। पुलिस विभाग व नगर परिषद इस बारे में अनजान बने है और किसी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं।

ढंगे के नीचे करीब 50 फुट की ढलान है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि अगर यहां से कोई व्यक्ति या फिर वाहन गिर जाए तो क्या हालत होगी। आरोप है कि ढंगे से सालों पहले लगे पैराफिट गायब हो चुके हैं। अभी तक यहां पुलिस विभाग ने रेलिंग लगाने की जहमत नहीं उठाई। एसपी कार्यालय में रोजाना फरयादी अपने मामलों को लेकर इस रास्ते से जाते हैं। ऐसे में इस स्थान पर सुरक्षा को लेकर रेलिंग लगाए जाने का काम युद्धस्तर पर होना चाहिए था, मगर अनदेखी की जा रही है, जो कभी भी खतरनाक साबित हो सकती है।

**महत्व** श्रद्धालुओं ने अपने-अपने आश्रम पहुंचकर अपने गुरु की पूजा-अर्चना की

# श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

**जोशी, रेणुका जी**


रेणुका तीर्थ में रविवार को गुरु पूर्णिमा पर्व बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड से आए हजारों श्रद्धालुओं ने अपने-अपने आश्रम में पहुंचकर अपने गुरुओं की पूजा-अर्चना कर शीश नवाया।

महामंडलेश्वर दयानंद भारती ने गुरु पूर्णिमा के महत्व को लेकर उपदेश दिया कि अपने शिष्यों को गुरु के प्रति श्रद्धा भाव रखने व गुरु द्वारा किए गए मंत्र को हमेशा जपना चाहिए। इस दौरान गायत्री मंदिर में हवनयज्ञ व भंडारे का आयोजन भी किया गया। उधर, निर्वाण आश्रम में महंत रेनेंद्र मुनि की अध्यक्षता में व्यास पूजा के साथ-साथ गुरु पूजा भी की गई। उन्होंने अपने शिष्यों को गुरु के प्रति आदर भाव रखने का संदेश दिया। इसके अलावा सन्यास आश्रम में स्वामी दीनदयाल पूरी, वशिष्ठ आश्रम बायरी में गुरु दिनेश, दग्योंन में ब्रह्मचारी बाला नंद महाराज ने शिष्यों को उपदेश दिया। (अनंत ज्ञान)


रेणुका जी में गुरु पूर्णिमा पर्व पर मौजूद लोग।

### आर्ट ऑफ लिविंग ने लगाए 100 पौधे

**नाहन।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयंसेवियों ने जिला मुख्यालय नाहन में पौधरोपण अभियान चलाया। इस मौके पर कृषि विभाग कार्यालय और आरसेटी भवन परिसर के आसपास स्वयंसेवियों ने खाली जमीन पर कई छायादार और औषधीय पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान पीपल, बरगद, गुलमोहर, आंवला, सहजन और बेल कई छायादार और औषधीय प्रजातियों के 100 पौधे लगाए। इस मौके पर आर्ट ऑफ लिविंग जिला शिक्षक समन्वयक राजेंद्र सिंह ने कहा कि यह अभियान सिर्फ पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। पौधे लगाने के बाद इनकी देखभाल भी जरूरी है। ये अभियान आगे भी जारी रहेगा। सभी लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, ताकि प्रकृति का संतुलन बना रहे।



### नाहन में भी मनाया पर्व

**नाहन।** जिला सिरमौर में आषाढ़ माह की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। गुरुपूर्णिमा भगवान वेदव्यास के जन्मदिवस के तौर पर भी तीर्थ श्री रेणुकाजी के आदि उदासीन बड़ा अखाड़ा निर्वाण आश्रम में मनाया जा रहा है। इस दौरान पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश में गुरु भक्त व शिष्य तीर्थ श्री रेणुकाजी के निर्वाण आश्रम में महान संत व गुरु रणेंद्र मुनि महाराज के सानिध्य में आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है। इस अवसर पर गुरु पूजन, ध्वजा रोहन के साथ संत प्रवचन, भजन-कीर्तन के साथ संतों ने गुरु महिमा की महिमा का महत्व बताया। आश्रम प्रवक्ता मोहन चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि गुरु शिष्य परंपरा का निर्वहन आदि अनादि काल से किया जा रहा है। इस दौरान गुरु के बताए मार्ग पर चलने व गुरु के प्रति विश्वास रखने का आह्वान किया गया।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### बांग्लादेश की यात्रा न करें अमेरिकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बांग्लादेश में जारी हिंसा के मद्देनजर अपने नागरिकों को दक्षिण एशियाई देश की यात्रा न करने का परामर्श दिया है। उसने अपने गैर-आपातकालीन सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को स्वैच्छिक रूप से वहां से आने की अनुमति दे दी है। इससे एक दिन पहले, अमेरिका ने बांग्लादेश के लिए एक नया यात्रा परामर्श जारी कर अमेरिकी नागरिकों से हिंसा से जूझ रहे देश की यात्रा से पहले पुनर्विचार करने का आग्रह किया था।

### मोदी ने खड़गे को जन्मदिन की बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को जन्मदिन की बधाई दी और उनके लंबे एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। खड़गे ने शुभकामनाओं के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को जन्मदिन की शुभकामनाएं। आपके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना है।'' प्रधानमंत्री के इस पोस्ट पर खड़गे ने लिखा, 'शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद मोदी जी।' खरगे का जन्म 1942 में आज ही के दिन हुआ था। कर्नाटक के दलित नेता खड़गे एक साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं और उन्होंने पार्टी में तथा अपने गृह राज्य और केंद्र की सरकारों में कई अहम पद संभाले। वह दो दशक बाद पहले ऐसे कांग्रेस अध्यक्ष बने, जो गांधी परिवार से नहीं हैं।

### अलवर में मालगाड़ी पटरी से उतरी

**नई दिल्ली/जयपुर।** राजस्थान के अलवर यार्ड में एक मालगाड़ी के तीन डिब्बे शनिवार देर रात पटरी से उतर गए। रेलवे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तर-पश्चिम



रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यह घटना यार्ड में हुई, लेकिन इससे दिल्ली-अलवर मार्ग पर ट्रेन परिचालन अप्रभावित रहा। अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना देर रात ढाई बजे हुई। उन्होंने कहा, ''अलवर-मथुरा मार्ग प्रभावित हुआ लेकिन उस दौरान कोई यात्री ट्रेन या मालगाड़ी नहीं होने से रेल परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा।'' अधिकारियों ने बताया कि सुबह नौ बजे तक ट्रैक साफ कर लिया गया और कुछ देर में बाड़मेर और मथुरा के बीच पहली यात्री ट्रेन यहां से गुजरी।

### केरल में निपाह वायरस से नाबालिग की मौत

**कोझिकोड।** केरल में मलप्पुरम के 14 वर्षीय एक लड़के की निपाह वायरस से रविवार को मौत हो गई, जिसका यहां इलाज किया जा रहा था। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने यह जानकारी दी। जॉर्ज ने बताया कि पांडिक्कड़ निवासी लड़के को रविवार सुबह 10.50 बजे दिल का दौरा पड़ा और उसे बचाया नहीं जा सका। मंत्री ने कहा कि उसका अंतिम संस्कार अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुरूप किया जाएगा। जॉर्ज ने कहा कि जिलाधिकारी लड़के के माता-पिता और परिवार के साथ चर्चा करेंगे और उसके बाद ही अंतिम संस्कार के बारे में कोई फैसला किया जाएगा।

### राजौरी में कैब खाई में गिरी, तीन लोगों की मौत



**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में रविवार सुबह एक कैब के खाई में गिर गई। इस हादसे में सवार दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कैब सवार थांदिकास्सी से लाम की ओर जा रहे थे, तभी चलान गांव के पास उनका वाहन हादसे का शिकार हो गया। कैब चालक अरुण कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बगलाव निवासी मोहम्मद दीन और और उसके बेटे मोहम्मद असलम (40) ने नौशेरा के उपजिला अस्पताल में इलाज दम तोड़ दिया। अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त कैब में सवार दो महिलाओं, पांच साल के एक लड़के और दस साल की एक लड़की को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अमेरिका में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इंडियाना प्रांत में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की उसकी पत्नी के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस और मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। यह घटना उस समय हुई जब गैविन दसौर अपनी पत्नी के साथ घर जा रहे थे। दसौर की पत्नी मेक्सिको की हैं और हाल ही में उनका विवाह हुआ था।

### केंद्र सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी: अखिलेश

**कोलकाता।** समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी क्योंकि 'सांप्रदायिक ताकतों'को भले ही कुछ समय के लिए सफलता मिल सकती है, लेकिन अंततः उनकी हार होगी। यादव ने तृणमूल कांग्रेस की ओर से 'शहीद दिवस' पर आयोजित महारैली को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग सत्ता में आए हैं, वे बस कुछ दिनों के मेहमान हैं। 'केंद्र में यह सरकार ज्यादा दिन नहीं टिकेगी और जल्द ही गिर जाएगी।

# बांग्लादेश में मौजूदा अशांति के बीच 'हाई अलर्ट' पर बीएसएफ

**एजेंसी, अगरतला**



सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पड़ोसी देश बांग्लादेश में मौजूदा अशांति के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति से निपटने के लिए 'हाई अलर्ट' पर है। एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

पड़ोसी देश में आरक्षण विरोधी आंदोलन में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं, जिसके कारण सरकार को अस्थिर स्थिति से निपटने के लिए 'कर्फ्यू' लगाना पड़ा है।

बीएसएफ, त्रिपुरा फ्रंटियर के महानिरीक्षक पटेल पीयूष पुरुषोत्तम दास नेकहा, ''बांग्लादेश में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति बीएसएफ के लिए भी सुरक्षा संबंधी चिंता का विषय है, क्योंकि हमें अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया है। हम स्थिति से पूरी तरह अवगत हैं और हमने सुरक्षा बढ़ा दी है, ताकि सीमा पार से आपराधिक तत्व मौजूदा स्थिति का फायदा न उठा सकें।''

उन्होंने कहा कि उच्च स्तर की तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में जवानों और सभी वरिष्ठ कमांडरों को सीमा पर भेजा गया है। दास ने कहा कि वर्तमान में प्रमुख चिंताओं में से एक बांग्लादेश में पढ़ रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी है। उन्होंने कहा, ''बांग्लादेश में भारतीय छात्रों की संख्या करीब 8,000 है और उनमें से अधिकतर मेडिकल कॉलेजों में नामांकित हैं। अधिकतर छात्र कोमिला, ब्राह्मणबारिया और ढाका के मेडिकल कॉलेजों में पढ़ रहे हैं तथा अनेक छात्रों ने त्रिपुरा के रास्ते भारत में प्रवेश करने का विकल्प चुना है।''बांग्लादेश में अध्ययनरत 66 नेपाली छात्रों सहित कुल 314 छात्र रविवार को पूर्वोत्तर राज्य की सीमा के माध्यम से भारत आए, जबकि 19 और 20 जुलाई को 379 छात्र पड़ोसी देश से भारत आए थे। हिंसा प्रभावित बांग्लादेश से अब तक कुल 693 छात्रों को सुरक्षित निकाला जा चुका है।

महानिरीक्षक ने छात्रों को निकालने में सहयोग देने के लिए बीजीबी (बॉर्डर गार्ड्स बांग्लादेश) को भी धन्यवाद दिया।

दास ने कहा, ''मैं बीजीबी का बहुत आभारी हूं, जिसने मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति और अपनी कड़ी प्रतिबद्धता के बावजूद अगरतला तक परिवहन और सुरक्षित मार्ग (छात्रों को) उपलब्ध कराकर हमारी मदद की है। यह सब सहजता से और बहुत ही पेशेवर तरीके से किया गया। यह बीएसएफ और बीजीबी के बीच मौजूद सहयोग और अच्छे संबंधों का प्रमाण है।''

# भारत में बुजुर्गों की आबादी 2050 तक होगी दोगुनी



**एजेंसी, नई दिल्ली**

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की भारत इकाई 'यूएनएफपीए-इंडिया' की प्रमुख एंड्रिया वोजनार ने कहा कि भारत की बुजुर्ग आबादी 2050 तक दोगुनी हो जाने की संभावना है और देश में खासकर उन बुजुर्ग महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवा, आवास और पेंशन में अधिक निवेश किए जाने की जरूरत है, जिनके अकेले रह जाने और गरीबी का सामना करने की अधिक आशंका है।

'यूएनएफपीए-इंडिया' की 'रेजिडेंट' प्रतिनिधि वोजनार ने विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई) के कुछ दिन बाद साक्षात्कार में जनसंख्या के उन प्रमुख रुझानों को रेखांकित किया, जिन्हें भारत सतत विकास में तेजी लाने के लिए प्राथमिकता दे रहा है। इनमें युवा आबादी, वृद्ध जनसंख्या, शहरीकरण, प्रवासन और जलवायु के अनुसार बदलाव करना शामिल हैं। ये कारक सभी देश के लिए अनूठी चुनौतियां और अवसर पेश करते हैं।

वोजनार ने कहा कि 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों की संख्या 2050 तक दोगुनी होकर 34 करोड़ 60 लाख हो जाने का अनुमान है, इसलिए स्वास्थ्य सेवा, आवास और पेंशन योजनाओं में निवेश बढ़ाने की सख्त जरूरत है।

## चंडीगढ़ के कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने की राज्यपाल से मुलाकात



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने पंजाब के महामहिम राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित से मुलाकात की तथा उन्हें ज्ञापन/मांग-पत्र सौंपा तथा उनसे अनुरोध किया कि वे जन सरोकार के निम्नलिखित मुद्दों पर विचार करें, जिन पर चर्चा की जानी चाहिए तथा उन्हें अपने विवेक का प्रयोग करके अथवा प्रशासक की सलाहकार परिषद की बैठक बुलाकर तत्काल समाधान के लिए विचार किया जाना चाहिए।

ज्ञापन में कहा गया है कि हाउसिंग बोर्ड के आवासों, मरला घरों तथा श्रमिक कॉलोनियों में रहने वाले लोग अधिकारियों के मनमाने आदेशों से नाराज हैं, जिसमें कथित उल्लंघनों को दूर करने के नाम पर चुनिंदा रूप से आवास इकाइयों को ध्वस्त किया जा रहा है, जबकि वास्तव में ये आवश्यकता आधारित परिवर्तन हैं। (अनंत ज्ञान)

## झूठी कसमें खाने से नहीं बदलेगी सच्चाई : अनुराग

**अनंत ज्ञान, नई दिल्ली**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने संविधान को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा फैलाए जा रहे झूठ व भ्रम पर बोलते हुए कांग्रेसी नेताओं व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा संविधान के बारे कोई जानकारी न होने की बात कही है। कांग्रेसी नेताओं द्वारा झूठी कसमें खाने से सच्चाई बदलने वाली नहीं है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को पहले संविधान की भूमिका पढ़नी चाहिए और देश को बताना चहिए कि इसमें क्या लिखा है, उसमें कांग्रेस सरकार के काले कारनामे और संविधान विरोधी करतूतों का वर्णन है जिसके बारे में राहुल गांधी चुप्पी साधे रहते हैं।

भाजपा सांसद ने आज नई दिल्ली में प्रेस को संबोधित करते हुए संविधान के मुद्दे पर कांग्रेस पर सवाल खड़ा किया। अनुराग ने कहा कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेसी जमात संविधान से अधिक प्रेम दिखा रही है। चलते-फिरते संविधान की कॉपी दिखाने और इसकी



झूठी कसमें खाने से सच्चाई नहीं बदल जाएगी। अगर किसी ने संविधान का अपमान किया है तो वो है कांग्रेस और गांधी परिवार है।

1975 में आपातकाल लगाकर पूरे विपक्ष को जेल में डाल कर इन्होंने पूरा संविधान ही बदल दिया,संविधान की प्रस्तावना जिसे संविधान की आत्मा कही जाती है इन लोगों ने संविधान को उसकी आत्मा से ही अलग कर दिया था। अनुराग ठाकुर ने बताया की 'पिछले सत्र में मैंने भरे सदन में मैंने राहुल गांधी और इनके नकलची जमात से पूछा था कि क्या उन्हें पता भी है कि संविधान के पुस्तक में कितने पन्ने हैं। अनुराग ठाकुर ने संविधान के एक प्रति की भूमिका का भी जिक्र किया, जिसे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील केके वेणुगोपाल ने लिखा है,उन्होंनें बताया कि केके वेणुगोपाल ने लिखा है कि कांग्रेस सरकार न्यायपालिका को धमकाती थी और उसे अंजाम भुगतने की धमकी भी देती थी। जब इलाहाबाद हाइकोर्ट नें इंदिरा गांधी का चुनाव रद्द कर दिया था तो इंदिरा गांधी ने देश पर आपातकाल लागू कर दिय।

इंदिरा गांधी ने न्यापालिका को कमजोर करने का कोशिश की। अनुराग ने केके वेणुगोपाल की प्रस्तावना के कुछ अंश भी पढ़े। अनुराग ठाकुर ने संविधान के सातवों संस्करण की भूमिका के उस अंश को भी पढ़ा जिसे वरिष्ठ अधिवक्ता शंकर नारायणन ने लिखी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि संविधान देने वाले अंबेडकर जी को ही कांग्रेस पार्टी ने सत्ता और राजनीति से बाहर करने का का काम किया था।

## केजरीवाल की जान से खेल रहे भाजपा व एलजी: संजय

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**आम** आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने भाजपा और एलजी पर तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान से खेलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की जांच रिपोर्ट से पता चलता है कि उन्हें कभी भी कुछ भी हो सकता है।

भाजपा केजरीवाल के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। पहले कहा जा रहा था कि कि केजरीवाल मिठाई खा रहे हैं और शुगर बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब भाजपा का कहना है कि उन्होंने केजरीवाल ने खाना कम कर दिया है। कोई ऐसा क्यों करेगा और अपनी जान जोखिम में क्यों डालेगा। 'आप' ने शनिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के उस पत्र की आलोचना की, जिसमें कथित तौर पर कहा गया है कि केजरीवाल जानबूझकर खुद को बीमार कर रहे हैं। पार्टी ने भाजपा पर केजरीवाल की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया। उपराज्यपाल ने आरोप लगाया है कि न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद केजरीवाल उन्हें दी जा रही भोजन की चिकित्सकीय खुराक और दवाएं संभवत: जानबूझकर नहीं ले रहे।

## इसराइली हमलों से गाजा में 14 फिलिस्तीनियों की मौत

**एजेंसी, गाजा**

**इसराइल**-हमास के बीच चल रहा युद्ध थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। उत्तरी गाजा पट्टी में शनिवार को इसराइली हवाई हमलों में कम से कम 14 फिलिस्तीनी मारे गए।

सुरक्षा और चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि इसराइली जेट विमानों ने जबालिया शरणार्थी शिविर में एक घर पर बमबारी की, जिसमें एक पत्रकार, उसकी पत्नी, उसके दो बच्चे और उसकी मां की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, इसराइल के लड़ाकू विमानों ने गाजा शहर के उत्तर में जरका इलाके में एक और घर को निशाना बनाया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार, उत्तरी गाजा के अल-सफ्तावी इलाके में विमानों ने एक रिहायशी घर पर बमबारी की, जिसमें बच्चों और महिलाओं सहित सात लोगों की मौत हो गई।



### लेबनान में सीरियाई बच्चों सहित सात लोग घायल

**दक्षिणी** लेबनान के विभिन्न क्षेत्रों में इसराइली हवाई हमलों में चार विस्थापित सीरियाई बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए। इसराइली ड्रोन और युद्धक विमानों ने दक्षिण-पूर्वी गांव हौला में एक घर पर हवाई हमला किया, जिसमें तीन नागरिक घायल हो गए, तीन घर नष्ट हो गए और आठ अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने मीडिया को इसकी जानकारी दी।

### हिजबुल्ला ने इसराइल के ग्रामीण इलाके में रॉकेट से किया हमला

**बेरूत।** लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला ने कहा कि उसके लड़ाकों ने उत्तरी इसराइल में दर्जनों रॉकेट दागे। पिछले नौ महीने में यह पहला मौका है जब हिजबुल्ला ने इसराइल की ओर रॉकेट से हमला किया है। इससे पहले दिन में इसराइल ने ड्रोन से हमला किया था, जिसमें बच्चों समेत कई लोग घायल हो गए थे। हिजबुल्ला ने इसी हमले का बदला लेने के लिए यह हमला किया है। हालांकि, फलस्तीन के चरमपंथी समूह हमास ने शनिवार को दावा किया कि उसने गाजा पट्टी में जनसंहार के प्रतिशोध में इसराइल के उत्तर में स्थित शोमेरा गांव में सैन्य चौकी की तरफ लेबनान से रॉकेट दागे।

## स्पाइन नेवीगेशन सिस्टम एक अत्याधुनिक तकनीक : डॉ. मोहिंद्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भारत के अग्रणी आर्थोस्कोपी, स्पाइन एंडोस्कोपी और खेल विशेषज्ञों में से एक डॉ मोहिंदर कौशल ऑर्थो, स्पाइन, घुटने और खेल से संबंधित समस्याओं के उपचार में विशेषज्ञ हैं और इस क्षेत्र में 20 से अधिक वर्षों का अनुभव रखते हैं।

भारत की सबसे उन्नत स्पाइन नेवीगेशन सिस्टम एक अत्याधुनिक तकनीक है, जिसे स्पाइनल सर्जरी की तरीका और सुरक्षा को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। ऑर्थोपेडिक्स विभाग और हॉस्पिटल जीरकपुर को अत्याधुनिक नवीनतम स्पाइन नेविगेशन सिस्टम शुरू करने पर गर्व महसूस हो रहा है, जो क्षेत्र में ले होल स्पाइन सर्जरी में एक नए युग की शुरुआत है। यह तकनीक मरीजों को और सर्जनों के लिए समान रूप से कई महत्वपूर्ण लाभ लाती है।

तैनाती स्पाइनल नेविगेशन सिस्टम की खोज फाइनल सर्जरी में एक बड़ी छलांग का प्रतीक है जो बेहतर रोगी परिणाम सुरक्षित प्रतिक्रियाओं और स्पाइनल देखभाल के लिए एक उज्ज्वल भविश्य का वादा करता है। बेहतर सुरक्षा वास्तविक समय के विस्तार के जोखिम को कम करता है।

## असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार, 1.30 लाख लोग अब भी प्रभावित

**एजेंसी, गुवाहाटी**



**असम** में बाढ़ की स्थिति में रविवार को सुधार हुआ और 10 जिलों में बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या घटकर 1.30 लाख रह गई।

अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में ब्रह्मपुत्र समेत दो प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। विभिन्न मंत्रालयों के शीर्ष अधिकारियों वाली एक केंद्रीय टीम ने इस साल दो बार आई बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए राज्य का दौरा किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव मिहिर कुमार की अगुवाई में एक दल ने कई बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) अजय तिवारी ने केंद्रीय टीम को बाढ़ की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि चक्रवात रेमल के कारण बाढ़ की पहली लहर आई और प्रदेश में अब तक दो बार बाढ़ की समस्या पैदा हुई है। दूसरी तरफ, अधिकारियों ने बताया कि राज्य के 10 जिलों के 23 राजस्व सर्किल और 423 गांवों में 1.30 लाख से अधिक लोग अब भी प्रभावित हैं।

## मणिपुर के इंफाल में सुरक्षाबलों ने डिफ्यूज किए सात बम

**एजेंसी, इंफाल**



**सेना** और मणिपुर पुलिस ने इंफाल में 7 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) डिफ्यूज किए हैं। सेना को इनके बारे में खुफिया रिपोर्ट मिली थी। इसके बाद एक बम स्क्वॉड ने सैचांग इथम इलाके में 33 किलो वजन वाले सभी आईईडी डिफ्यूज कर दिए। गौर रहे कि मई 2023 से चल रही जातीय हिंसा में 220 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और लगभग 50 हजार लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हुए हैं।

**श्रद्धा** अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह, रविवार को 3,113 यात्रियों का जत्था रवाना

# 22 दिन: 3.90 लाख भक्तों ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**एजेंसी, जम्मू**



अमरनाथ यात्रा शुरू होने के बाद से पिछले 22 दिन में 3.90 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा मंदिर के अंदर दर्शन किए हैं। शनिवार को 11 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को 3,113 यात्रियों का एक और जत्था जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ। उनकी सुरक्षा में सुरक्षाबलों की दो टीमें भी तैनात हैं।

पहला काफिला सुबह 2:56 बजे 48 वाहनों में 1,153 तीर्थयात्रियों को लेकर उत्तरी कश्मीर के बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ। दूसरा काफिला सुबह 3:41 बजे 75 वाहनों में 1,960 तीर्थयात्रियों को लेकर दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) आधार शिविर के लिए रवाना हुआ। इस जत्थे में 707 महिलाएं शामिल हैं। दोनों काफिलों के रविवार दोपहर से पहले घाटी पहुंचने की उम्मीद है। अमरनाथ यात्रा 19 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन श्रावण पूर्णिमा पर समाप्त होगी। पिछले साल, 4.5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए थे।

### मंदिर तक पहुंचने में लगते हैं 4-5 दिन

**पहलगाम**-गुफा मंदिर मार्ग 48 किलोमीटर लंबा है और तीर्थयात्रियों को मंदिर तक पहुंचने में 4-5 दिन लगते हैं। बालटाल-गुफा मंदिर मार्ग 14 किलोमीटर लंबा है और तीर्थयात्रियों को दर्शन करने और बेस कैंप पर लौटने में एक दिन लगता है।

## मैंने लोकतंत्र के लिए खाई गोली : ट्रंप

**वाशिंगटन।** पेनसिल्वेनिया में हुए जानलेवा हमले में बाल-बाल बचने के बाद अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पहली चुनाव प्रचार रैली में आलोचकों की इन चिंताओं को खारिज किया कि वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं।



उन्होंने कहा कि मैंने लोकतंत्र के लिए गोली खाई है। मिशिगन में राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप के साथ उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जेडी वेंस भी थे। ग्रैंड रैपिड्स के वैन एंडेल एरिना में ट्रंप और वेंस को देखने के लिए 12,000 से अधिक लोग इकट्ठे हुए।

## ईपीएफओ के जुड़े सदस्यों की संख्या मई में 19.5 लाख बढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कर्मचारी** भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से जुड़े सदस्यों की संख्या मई में 19.50 लाख बढ़ गई। यह अप्रैल 2018 के बाद की सबसे बड़ी वृद्धि है।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, मई 2023 की तुलना में इस साल मई में ईपीएफओ से जुड़ने वाले सदस्यों का शुद्ध आंकड़ा 19.62 प्रतिशत अधिक रहा। ईपीएफओ के सदस्यों की संख्या में वृद्धि दिखाता है कि देश में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। इसके साथ कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और ईपीएफओ के कार्यक्रम प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुंच रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, मई 2024 में ईपीएफओ से 9.85 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। पिछले महीने के मुकाबले इसमें 10.96 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं, मई 2023 के मुकाबले 11.5 प्रतिशत नए सदस्य जुड़े हैं। मई 2024 में जुड़े नए सदस्यों में 58.37 प्रतिशत लोग 18 से 25 आयु वर्ग के हैं। यह दिखाता है कि नए जुड़े सदस्यों में बड़ी संख्या पहली बार नौकरी पाने वालों की है।

# ओलंपिक उद्घाटन और समापन समारोह में निभाई जाती हैं ये रस्में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक 2024 का आगाज होने में अब सिर्फ 4 दिन बाकी हैं। भारत समेत ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों का खेल गांव में पहुंचना शुरू हो गया है।

**पेरिस ओलंपिक 4 दिन शेष**

26 जुलाई से जहां खिलाड़ी पदकों के लिए जोर आजमाईश करेंगे। वहीं, दुनिया भर के खेल प्रेमी ओलंपिक खेलों का लुत्फ उठाते नजर आएंगे।

ओलंपिक की शुरुआत उद्घाटन समारोह से होती है और समापन समारोह के साथ ये खत्म होते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन खेलों के उद्घाटन और समापन समारोह के दौरान कुछ खास रस्में हैं, जिन्हें सालों से निभाया जा रहा है।

## उद्घाटन समारोह की रस्में



1. सभी देशों के एथलीट (वर्णमाला के अनुसार) मार्च करते हुए स्टेडियम में प्रवेश करते हैं।
2. यूनान सबसे पहले आता है और मेजबान देश का दल सबसे आखिरी में प्रवेश करता है।
3. मेजबान देश के राष्ट्राध्यक्ष उद्घाटन की घोषणा करते हैं और इसके साथ ही खेलों की शुरुआत होती है।
4. खेल आयोजन समिति के अध्यक्ष और फिर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष का संबोधन होता है।
5. स्टेडियम में ओलंपिक ध्वज का प्रवेश होता है। इसके बाद ओलंपिक गान होता है।
6. कबूतरों को प्रतीकात्मक उड़ाया जाता है। कबूतर को शांति का प्रतीक माना जाता है।
7. मेजबान देश का एक एथलीट और एक अधिकारी ओलंपिक नियमों के सम्मान की शपथ लेते हैं।

## समापन समारोह की रस्में



1. मेजबान देश अगले मेजबान देश को ओलंपिक ध्वज सौंपता है।
2. स्टेडियम में सभी देशों के एथलीट एकत्रित होते हैं। ये भाईचारे की निशानी होती है।
3. खेलों के दौरान मुख्य स्टेडियम में लगातार जलने वाली विशाल मशाल को बुझा दिया जाता है।
4. आईओसी अध्यक्ष ओलंपिक खेलों के समापन की घोषणा करते हैं।

## तीरंदाजी में तीन पदकों की भविष्यवाणी

**नई दिल्ली।** भारतीय तीरंदाजी टीम के कोरियाई कोच बेक वूंग की को पेरिस खेलों के लिए 'एक्रिडिटेशन' देने से इनकार किए जाने के विवाद के बीच पूर्व ओलंपियन और खेल के लिए साई के हाई परफोरमेंस निदेशक संजीवा सिंह ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि छह सदस्यीय दल ओलंपिक से तीन पदक लेकर लौटेगा। भारतीय तीरंदाज सभी पांच वर्गों पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व, महिला व्यक्तिगत रिकर्व, पुरुष और महिला टीम और मिश्रित टीम में प्रतिस्पर्धा करेंगे। छह भारतीय धीरज बोम्मादेवरा, प्रवीण जाधव, तरुणदीप राय, दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त ने पेरिस-2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। तीरंदाजी दल फ्रांस में ट्रेनिंग के बाद ओलंपिक खेल गांव में पहुंचने वाला पहला दल रहा।

## नीरज की 'एडक्टर' ठीक : कोच बार्टोनिट्ज



**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार नीरज चोपड़ा के जर्मन कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज ने उनकी फिटनेस को लेकर सभी चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि पिछले कुछ महीने से इस भाला फेंक एथलीट को परेशान करने वाली जांघ (एडक्टर) की चोट अब है और यह ओलंपिक चैंपियन पेरिस के लिए कड़ी तैयारियों में जुटा है। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीतकर इतिहास रचने वाले 26 वर्षीय चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में शीर्ष पोडियम स्थान के लिए एक बार फिर देश की सर्वश्रेष्ठ दावेदार हैं, लेकिन फिटनेस देखी जाए तो उनका सत्र बिल्कुल सही नहीं रहा है। हालांकि बार्टोनिट्ज ने कहा कि अब चीजें पटरी पर आ गई हैं। उन्होंने कहा, ''सब कुछ योजना के अनुसार है। फिलहाल जांघ की चोट की कोई समस्या नहीं है, यह ठीक है। उम्मीद है कि ओलंपिक तक ऐसा ही रहेगा। '' बार्टोनिट्ज करीब पांच साल से चोपड़ा से जुड़े हैं। उन्होंने तुर्किये के अंताल्या से बताया, ''ओलंपिक में अभी दो हफ्ते से अधिक समय बचा है इसलिए ट्रेनिंग का स्तर बढ़ा दिया गया है। वह पूरा 'थ्रोइंग' सत्र कर रहे हैं। ''

## चाहता हूं मेरी मां मुझे ओलंपिक में पदार्पण करते देखे : जरमनप्रीत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



जिंदगी सभी को दूसरा मौका नहीं देती, लेकिन जरमनप्रीत सिंह को मिला और भारतीय हॉकी टीम के इस डिफेंडर की ख्वाहिश है कि तमाम उतार-चढ़ावों में उनका संबल बनी उनकी मां कुलविंदर कौर पेरिस में उन्हें ओलंपिक में पदार्पण करते देखे।

विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, एशियाई खेल जैसे बड़े टूर्नामैंटों का हिस्सा रहे 28 साल के जरमनप्रीत का यह पहला ओलंपिक है और इसमें अच्छा प्रदर्शन करके वह अतीत में मिले जख्मों पर मरहम भी लगाना चाहते हैं।

पंजाब के अमृतसर के रहने वाले जरमनप्रीत ने रवानगी से पहले कहा ,'' मैं कोशिश कर रहा हूं कि अपनी मां को पेरिस ओलंपिक दिखा सकूं। उन्हें फख्र हो कि उनका बेटा सबसे बड़ा टूर्नामेंट खेल रहा है।''

उन्होंने कहा ,'' मैं हर मैच से पहले मम्मी से बात करता हूं। उनको हॉकी के बारे में कुछ नहीं पता, लेकिन मुझे कहती हैं कि ऐसे खेलना, वैसे खेलना। वह मेरी पहली कोच होती है। मैने चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी देखने उनको बुलाया था।''

जरमनप्रीत को 2016 से 2018 के बीच डोपिंग मामले में दो साल का प्रतिबंध झेलना पड़ा था, लेकिन उससे उबरकर उन्होंने वापसी की और जूनियर विश्व कप खेलने का मौका चूकने के आठ साल बाद अब ओलंपिक खेलने जा रहे हैं ।

**महिला एशिया कप** भारतीय महिला टीम ने यूएई को 76 रनों से हराया, हरमनप्रीत-घोष ने लाई फिफ्टी

# बेटियों ने पहली बार फटाफट किए 200 पार

**एजेंसी, दांबुला**

गत चैंपियन भारतीय महिला टीम ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (66 रन) और विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष (नाबाद 64) के अर्धशतकों के बाद कसी गेंदबाजी से रविवार को यहां महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट मैच (फटाफट फॉर्मेट) में अपना रिकॉर्ड स्कोर बनाकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 78 रन से शिकस्त दी।

सात बार की चैंपियन भारत ने अपने पहले मैच में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था और अब लगातार दूसरी जीत से सेमीफाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर है।

भारत ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पांच विकेट पर 201 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जो महिला एशिया कप का रिकॉर्ड स्कोर है। भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद यूएई को 20 ओवर में सात विकेट पर 123 रन पर रोक दिया।

इससे पहले 35 वर्षीय हरमनप्रीत पूरी तरह से दबदबा बनाए थीं, उन्होंने 47 गेंद की पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का जड़ा।

रिचा ने 'फिनिशर' की भूमिका अच्छी तरह निभाते हुए 29 गेंद की पारी में 12 चौके और एक छक्का जड़ा। उन्होंने पारी के अंतिम ओवर में हीना होतचंदानी पर पांच चौके जमाए। भारत ने महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पहली बार 200 रन के स्कोर का आंकड़ा पार किया।



### हरमनप्रीत कौर की 12वीं फिफ्टी

**भारतीय** कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 18वें ओवर में हाफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने 41 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। यह उनकी 12वीं हाफ सेंचुरी है। उन्होंने बतौर कप्तान 11वां अर्धशतक बनाया है।

### घोष के साथ 75 रनों की साझेदारी

हरमनप्रीत कौर ने दो महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाई, जिसमे पहले जेमिमा रोड्रिग्स के साथ 39 गेंद में 54 रन की चौथे विकेट की भागीदारी और 5वें विकेट के लिए विकेटकीपर रिचा घोष के साथ 45 गेंद में 75 रन की साझेदारी शामिल रहीं।

**64** रनों की तेजतर्रार पारी खेलने के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत (महिला) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शेफाली क. सतीश ब. समायरा | 37 | 18 | 5/1 |
| मंधाना क. रजित ब. कविशा | 13 | 09 | 1/1 |
| हेमलता ब. हीना | 02 | 04 | 0/0 |
| हरमनप्रीत (रन आऊट) | 66 | 47 | 71 |
| जेमिमा क. रजित ब. कविशा | 14 | 13 | 0/0 |
| घोष (नाबाद) | 64 | 32 | 12/1 |
| पूजा (नाबाद) | 00 | 00 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 05 | | |
| कुल : (20 ओवर) | 201/5 | | |

**विकेट पतन** : 1-23, 2-52, 3-52, 4-106, 5-181.
**गेंदबाजी** : समायरा 4-0-42-1, खुशी 1-0-15-0, कविशा 4-0-36-2, हीना 4-0-40-1, वैष्णवी 3-0-28-0, एशा2-0-26-0, इंदुजा2-0-14-0.

| यूएई (महिला) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| इशा स्टं. घोष ब. कंवर | | | |
| सतीश क. हरमनप्रीत ब. रेणुका | 04 | 12 | 1/0 |
| रजित ब. पूजा | 07 | 03 | 1/0 |
| समायरा क. कंवर ब. दीप्ति | 05 | 08 | 0/0 |
| कविशा (नाबाद) | 40 | 32 | 3/1 |
| खुशी क. मंधाना ब. राधा | 10 | 13 | 1/0 |
| हीना क. शेफाली ब. दीप्ति | 08 | 09 | 1/0 |
| रितिका (रन आऊट) | 06 | 07 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 05 | | |
| कुल : (20 ओवर) | 123/7 | | |

**विकेट पतन** : 1-11, 2-24, 3-36, 4-76, 5-95, 6-107, 7-123
**गेंदबाजी** : रेणुका 4-0-30-1, कंवर 4-0-14-1, पूजा 4-1-27-1, दीप्ति4-0-23-2, राधा 4-0-29-1.

## वाणी, त्वेसा और रिद्धिमा डच लेडिज ओपन में कट से चूकीं

**एजेंसी, हिलवर्सम ( नीदरलैंड )**

वाणी कपूर, त्वेसा मलिक और रिद्धिमा दिलावड़ी पेरिस ओलंपिक से पहले अंतिम लेडीज यूरोपीय टूर टूर्नामेंट में 36 होल में कट बनाने से चूक गईं, जिससे डच लेडीज ओपन में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई।

पहले दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर अच्छी शुरुआत करने वाली वाणी ने दूसरे दौर में चार ओवर 76 का कार्ड बनाया जिससे वह एक शॉट से कट से चूक गईं।

उनका कुल स्कोर दो ओवर रहा जबकि कट एक ओवर का था। त्वेसा (73-80) और रिद्धिमा (73-75) भी कट में जगह बनाने से चूक गईं।



एक शॉट खेलती त्वेसा मलिक।

## पेस, अमृतराज टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल

**एजेंसी, न्यूपोर्ट ( अमेरिका )**

भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और विजय अमृतराज को रविवार को 'टेनिस हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया। यह दोनों इस सूची में जगह पाने वाले एशिया के पहले दो खिलाड़ी बन गए हैं।

पेस की करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि 1996 अटलांटा ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल कांस्य पदक जीतना रहा है। यह 51 साल का पूर्व खिलाड़ी आठ पुरुष युगल और 10 मिश्रित युगल ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने के साथ भारत की डेविस कप की कई यादगार जीत का हिस्सा रहा है। उन्हें 'हॉल ऑफ फेम' के 'प्लेयर कैटेगरी' में जगह दी गई है।

अमृतराज विंबलडन और अमेरिका ओपन में दो-दो बार पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। इस 70 साल के खिलाड़ी ने भारत को दो बार 1974 और 1987 में डेविस कप फाइनल में पहुंचाया है। वह अपने खेल के चरम पर एकल रैंकिंग में 18वें और युगल रैंकिंग में 23वें पायदान पर रहे हैं। उन्हें रिचर्ड इवांस के साथ 'कंट्रिब्यूटर्स श्रेणी' में 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया था।





अंतरराष्ट्रीय टेनिस 'हॉल ऑफ फेम' जारी बयान के मुताबिक, '' पेस को खिलाड़ी श्रेणी में शामिल किया गया था, जबकि अमृतराज और इवांस को 'कंट्रिब्यूटर्स श्रेणी' में जगह दी गई है।

हॉल ऑफ फेम में इस खेल के दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता, अग्रदूतों या ऐसे व्यक्तियों का सम्मान किया जाता है जिन्होंने खेल पर बड़ा प्रभाव डाला है। इन तीनों के हॉल ऑफ फेम में जगह बनाने के बाद इस सूची में अब 28 देशों के कुल 267 दिग्गज शामिल हो गए हैं।''

### लिएंडर पेस ने 54 युगल खिताब जीते

**लिएंडर** पेस ने युगल में विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर 37 सप्ताह बिताए और 54 युगल खिताब जीते। वह टेनिस इतिहास में दोनों युगल वर्ग में करियर ग्रैंडस्लैम पर कब्जा करने वाले केवल तीन पुरुषों में से एक हैं। पेस ने लगातार सात ओलंपिक खेलों में भाग लिया।

### डेविस कप टीम के प्रमुख खिलाड़ी थे अमृतराज

अमृतराज 1970 में एटीपी टूर पर आए थे। वह अगले कई वर्षों तक भारत की डेविस कप टीम के प्रमुख खिलाड़ी रहे। वह उस टीम का हिस्सा थे जिसने 1974 में देश की रंगभेद नीति के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नहीं खेलने का फैसला किया था।


## भांबरी को स्विस ओपन में पुरुष युगल खिताब

**एजेंसी, गस्टाड ( स्विट्जरलैंड )**

भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेट ने रविवार को यहां तीन सेट तक चले फाइनल में उगो हम्बर्ट और फैब्रिस मार्टिन को हराकर हुए स्विस ओपन एटीपी टूर टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया।

भांबरी और ओलिवेट की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस एटीपी 250 क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वियों को 3-6, 6-3, 10-6 से पराजित किया।

फाइनल मैच एक घंटे छह मिनट तक चला जिसमें दोनों जोड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी लेकिन आखिर में भांबरी और ओलिवेट की जोड़ी



विजेता बनी। बत्तीस वर्षीय भांबरी का यह तीसरा एटीपी युगल खिताब है।

इस भारतीय खिलाड़ी ने ओलिवेट के साथ मिलकर दूसरा खिताब जीता। उन्होंने लॉयड हैरिस के साथ 2023 मैलोर्का चैंपियनशिप में अपना पहला एटीपी खिताब जीता था। भांबरी ने ओलिवेट के साथ मिलकर इस साल अप्रैल में बीएमडब्ल्यू ओपन का खिताब जीता था।

भांबरी 24 जून को युगल रैंकिंग में शीर्ष 50 में पहुंचे थे और इस जीत से विश्व रैंकिंग में उनकी स्थिति और बेहतर होगी।

## भारतीय की दोनों टीमें विश्व जूनियर स्क्वाश के 'क्वार्टर फाइनल' में

**एजेंसी, ह्यूस्टन ( अमेरिका )**

भारतीय लड़कों और लड़कियों ने यहां विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उनका मुकाबला क्रमश: दक्षिण कोरिया और मलेशिया से होगा जो उनसे रैंकिंग में ऊपर हैं। लड़कों ने प्री-क्वार्टर फाइनल में कनाडा को 2-0 से हराया और अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से होगा।

लड़कियों की टीम अपने अंतिम लीग मैच में हांगकांग से 1-2 से हार गई, जिससे ग्रुप-डी में



दूसरे स्थान पर रहने पर अब उसका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया से होगा। निरूपमा दुबे को हेलेन टैंग से 4-11, 10-12, 2-11 से हार मिली। अनाहत सिंह ने एना क्वांग को 11-8, 9-11, 11-5, 11-7 से शिकस्त दी, लेकिन शमीना रियाज को ह्यून लेउंग से 4-11, 9-11, 10-12 से पराजय झेलनी पड़ी।

व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतने वाले शौर्य बावा ने पांच गेम के मुकाबले में यूसुफ सरहान को 12-14, 9-11, 11-7, 11-3, 11-1 से हराया जबकि अरिहंत केएस ने 15-13, 12-10, 8-11, 11-2 की प्रभावशाली जीत के साथ इवान हैरिस से व्यक्तिगत स्पर्धा में मिली हार का बदला लिया।

**फॉर्मूला-2** रिचर्ड वरशूर तकनीकी उल्लंघन के कारण किए गए 'डिस्क्वालीफाई'

# भारत के कुश मैनी ने पहली एफ2 स्प्रिंट रेस जीती

**एजेंसी, बुडापेस्ट**



भारत के कुश मैनी ने शुरू में विजेता बने रिचर्ड वरशूर के तकनीकी उल्लंघन के कारण 'डिस्क्वालीफाई' किए जाने के बाद शनिवार को यहां अपनी पहली फॉर्मूला-2 स्प्रिंट रेस जीत ली। पोडियम में शीर्ष पर पहुंचने से 23 वर्षीय इनविक्टा रेसिंग ड्राइवर मैनी ने अपने सत्र में 10 अंक जोड़े।

शनिवार को हंगरोरिंग में जीत के साथ मैनी फॉर्मूला 2 ड्राइवर्स तालिका में मर्सिडीज के जूनियर ड्राइवर किमी एंटोनेली को पीछे छोड़ते हुए 66 अंक से पी8 पर पहुंच गए। एफ2 चैंपियनशिप के राउंड 9 में शुरूआती ग्रिड पर नौवें स्थान पर रहे मैनी को मुश्किल शुरुआत के बाद कड़ी मेहनत करनी पड़ी। 2024 एफ-2 ग्रिड पर वह एकमात्र भारतीय ड्राइवर हैं और पांच पोडियम स्थान से यह उनका करियर का सर्वश्रेष्ठ सत्र भी है।

**2024 एफ-2 ग्रिड पर वह एकमात्र भारतीय ड्राइवर हैं**

**पोडियम में शीर्ष पर पहुंचने से 23 वर्षीय इनविक्टा रेसिंग ड्राइवर मैनी ने अपने सत्र में 10 अंक जोड़े**



तकनीकी उल्लंघन के कारण 'डिस्क्वालीफाई' हुए रिचर्ड वरशूर की गाड़ी

## पेरिस में पदक जीतने का सिलसिला जारी रखेंगे पहलवान : योगेश्वर

**नई दिल्ली ।** लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त को पूरा भरोसा है कि कुश्ती पेरिस ओलंपिक में भारत को एक बार फिर पदक दिलाएगी और अगर पहलवानों को पसंदीदा ड्रा मिला तो यह संख्या एक से अधिक हो सकती है। भारत का छह सदस्यीय कुश्ती दल पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेगा, जहां उनकी स्पर्धा पांच अगस्त से शुरू होगी।

पुरुष वर्ग में केवल अमन सेहरावत (57 किग्रा) ही क्वालीफाई कर पाए, लेकिन महिलाओं ने छह में से पांच ओलंपिक भार वर्गों में क्वालीफाई करके दमदार प्रदर्शन किया। सूची में केवल 62 किग्रा में ही भारतीय महिला पहलवान नहीं है। भारत ने 2008 बीजिंग खेलों के बाद से कुश्ती में लगातार पदक जीते हैं, जिसमें दिग्गज सुशील कुमार ने कांस्य पदक जीतकर शुरूआत की थी।